खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com



# देशबन्धु



विजयादशमी आज

जबलपुर, मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 | वर्ष -67 | अंक -345 | पृष्ठ -12 | मूल्य - 3.00

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
साउथ अफ्रीका विरूद्ध बांग्लादेश
समय - 2.00 दोपहर

## शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

## अवकाश सूचना

विजयादशमी के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 26 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

# बढ़ रही बगावत की आग, डेमेज कंट्रोल शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा और कांग्रेस में टिकटों की घोषणा के बाद उठी बगावत की आग बढ़ती ही जा रही है। लगभग 11 सीटों पर दोनों ही पार्टियों के बागियों ने मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। वहीं भाजपा की तीन दर्जन से ज्यादा सीटों पर बागियों के तेवर ठंडे नहीं पड़ रहे हैं और 25 से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस के बागी नेतृत्व को मुश्किल में डाले हुए हैं।

इस स्थिति के बाद भाजपा-कांग्रेस ने अपने-अपने नेताओं को डेमेज कंट्रोल में झौंक दिया है। कांग्रेस में जहां बड़े नेता बागियों और विद्रोहियों को शांत करने की कोशिश में जुटे हैं वहीं भाजपा ने संभाग प्रभारियों तथा उसी क्षेत्र के स्थानीय बड़े नेताओं को यह काम सौंपा है। भाजपा ने अपने विद्रोहियों को कड़ा संदेश भी दिया है कि हार-जीत अपनी जगह है लेकिन अनुशासन से सीमा के बाहर खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा।

एमपी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अधिकांश सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उम्मीदवारों के नाम के ऐलान के बाद दोनों दलों में बगावत बढ़ती जा रही है। बगावत आग अब भोपाल तक पहुंच गई। कांग्रेस दफ्तर में टिकट कटने के बाद हंगामा हुआ है। वहीं, भाजपा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि दोनों दलों के रणनीतिकारों को लग रहा है कि आगे चलकर स्थिति संभल जाएगी। ऐसी संभावना कुछ सीटों पर है।

वहीं, कुछ सीटों पर बागियों ने अपने-अपने दलों से लोहा लेने की तैयारी शुरू कर दी है। पुराने दल से इस्तीफा देकर नए दल का दामन थाम लिया है। वहीं, कुछ निर्दलीय ही अखाड़े में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों दल के बड़े नेताओं को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

बुरहानपुर में टिकट कटने के बाद नंदू भैया के बेटे ने शक्ति प्रदर्शन किया है। साथ ही हर जगह पर इस्तीफों की झड़ी लगी हैं।

**बीजेपी के छह बागी हैं मैदान**-वहीं, भाजपा ने पहली सूची में चाचौड़ा विधानसभा से प्रियंका मीणा को उम्मीदवार बनाया तो पूर्व विधायक ममता मीणा बागी बन गईं। इसके बाद वह आप में शामिल हो गईं और चुनाव लड़ रही हैं।

भाजपा ने रसाल सिंह को इस बार लहार सीट से टिकट नहीं दिया। चार दशक से लहार पर कांग्रेस का कब्जा है। इसके बाद रसाल सिंह बागी बन गए हैं। उन्होंने पाला बदलकर बीएसपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भिंड से भाजपा विधायक संजीव कुशवाह का टिकट कट गया है। इसके बाद उन्होंने भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मुरैना से पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह का भी बीजेपी ने टिकट काट दिया। इसके बाद वह बीएसपी में शामिल हो गए और चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

रैगांव से भाजपा ने प्रतिमा बागरी को उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद पुष्पराज बागरी नाराज हो गए हैं। उन्होंने भी चुनाव लड़ने का ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## मैहर की मां शारदा





**मैहर।** मैहर में मां शारदा के दर्शन हेतु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और घंटों तक लोग मां के दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े हो रहे हैं।




**जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया पंजाबी दशहरा।

### एशियाई पेरा गेम्स में भारत का जलवा

# सोमवार को 5 गोल्ड किये अपने नाम



**नई दिल्ली।** इस समय चीन के हांगझू में एशियाई पैरा गेम्स 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय एथलीट का दल शानदार लय में नजर आ रहा है। सोमवार के दिन भारत ने कई मेडल पर निशाना साधा। इसमें हाई जंप टी-47 फाइनल में भारत के निशाद कुमार ने गोल्ड मेडल हासिल किया।


इसके बाद पुरुषों की हाई जंप टी-64 प्रतियोगिता में भारत के प्रवीण कुमार ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने 2.02 मीटर की अपनी बेस्ट छलांग लगाने के साथ ही भारत के लिए एक और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अवनि लेखारा (आर2 10मीटर एयर राइफल स्टैंड एसएच 1)- गोल्ड, शैलेश कुमार (हाई जंप टी63)- गोल्ड और प्रणव सूरमा (क्लब थ्रो एफ51)- ने गोल्ड मेडल अर्जित किया।

## सार संक्षेप

### दिल्ली में हवा हुई बहुत खराब, वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 तक पहुंचा

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। सिस्टम ऑफ एयर क?वालिटी और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान (एसएएफएआर) के आंकड़ों के अनुसार, लगातार दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब बनी रही और सोमवार सुबह समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 309 तक पहुंच गया। धीरपुर में एक्यूआई 348 पर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। पूसा में, यह 306 बहुत खराब श्रेणी में था। लोधी रोड पर, पीएम 2.5 सांद्रता के साथ एक्यूआई 304 पर था जो बहुत खराब श्रेणी में था।

# भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी नहीं रहे



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। वह 77 साल के थे। बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। बिशन सिंह बेदी के चार बच्चे थे। अंगर बेदी, गावस इंदर बेदी, नेहा बेदी और गिलिंदर बेदी। अंगद बेदी और उनकी पत्नी नेहा धूपिया ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# आपराधिक कानूनों के बदले तीन नए बिलों को अंगीकार करेगी संसदीय समिति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** गृह मामलों की स्थायी संसदीय समिति इसी हफ्ते 27 अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के तीन आपराधिक कानूनों को हटाने पर बैठक करेगी। इस दिन उनके स्थान पर तीन नए बिलों भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को अंगीकार किया जाएगा। 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे यह बैठक होगी।

मसौदा रिपोर्ट पर किया जाएगा विचार-इस अवसर पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की 246 मसौदा रिपोर्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 247 मसौदा रिपोर्ट और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 की 248 मसौदा रिपोर्ट पर विचार कर

### 27 अक्टूबर को करेगी बैठक

उसे अंगीकार किया जाएगा। संसदीय समिति ने तीन महीने तक इन तीनों विधेयकों की समीक्षा की और विधि आयोग समेत विभिन्न विशेषज्ञों से 11 बैठकों के दौरान राय ली गई है। इन तीनों विधेयकों को विगत 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था। नागरिक अधिकारों की होगी रक्षा- इन तीनों बिलों को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) 1860, आपराधिक दंड प्रक्रिया (सीआरपीसी) 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अंग्रेजों के बनाए कानूनों की जगह लाया जाएगा। तीनों नए बिलों को पेश करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि इन तीनों नए कानूनों से संविधान के तहत नागरिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

सरकार कर रही कई बदलाव-ब्रिटिशकाल के इन कानूनों का मकसद न्याय देना नहीं बल्कि अपने शासन की रक्षा के लिए लोगों को दंडित करना था। लेकिन अब सरकार इन मूलभूत पहलुओं में बदलाव कर रही है। इन कानूनों का मकसद जनता को दंडित करना नहीं बल्कि न्याय देना है। इस प्रक्रिया में सजा केवल अपराध को रोकने की भावना से आवश्यकतानुसार दी जाएगी।

### पराग देसाई को आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, मौत

**अहमदाबाद।** शहरी सड़कों पर आवारा मवेशियों और कुत्तों की बढ़ती समस्या के कारण एक और दुखद घटना सामने आई है। वाघ बकरी चाय समूह के कार्यकारी निदेशक व्यवसायी पराग देसाई की कुत्तों से जुड़ी एक दुर्घटना के कारण रविवार को जान चली गई। 50 वर्षीय पराग देसाई कथित तौर पर 15 अक्टूबर को सुबह की सैर के दौरान अपने घर के बाहर उन पर हमला करने वाले आवारा कुत्तों से बचने के प्रयास में फिसलकर गिर गए थे।

## सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बागियों की बगावत के साथ डेमेज कंट्रोल भी शुरू हो गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**-यह हर चुनाव का रवैया है। 'आश्वासन देने वाले' भी आश्वासन पाकर आगे की उम्मीद लगा लेते हैं।

# अग्निवीर शहीदों के परिवार को पेंशन तक नहीं, ये नायकों का अपमान : राहुल

### अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण शहीद हुए

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में 'अग्निपथ' योजना शुरू होने के बाद पहली बार दो 'अग्निवीरों' की शहादत हुई है। हालांकि सेना ने पहले अग्निवीर की मौत के मामले को संदिग्ध बताया था। पंजाब के मानसा के अग्निवीर अमृतपाल सिंह को अंतिम संस्कार के दौरान सेना द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' नहीं दिए जाने से सोशल मीडिया पर बवाल मच गया था। अब सियाचिन में अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण, ड्यूटी पर शहीद हो गए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, शहीद परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। एक जवान देश के लिए शहीद हो गया। शहादत पर जवान के परिवार को कोई पेंशन नहीं।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी मोदी सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने लिखा, अग्निवीर, भारत के नायकों का अपमान करने की एक योजना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी केंद्र सरकार पर 'सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण' करने का आरोप लगा दिया।

# हिमाचल के गांव में धंस रही जमीन, खुले में सोने को मजबूर सहमे लोग

**लाहौल।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के लिंडुर गांव में जमीन धंसने के कारण 16 में से नौ घरों में दरारें आ गई हैं।

इस खतरे को देखते हुए यहां रह रहे लोगों इसकी वजह पता लगाने के लिए भूवैज्ञानिक सर्व की मांग की है। गांव के लगभग 70 निवासी खुले में सोने को मजबूर हैं क्योंकि उन्हें अपने घर गिरने का डर है। गांव के लोगों ने कहा कि दरारों के कारण उनकी खेती की जमीन को खासा नुकसान हो रहा है।

ऐसी ही दरारों से जुड़ा मामला उत्तराखंड के जोशीमठ में भी सामने आया था। माना जा रहा है कि हिमाचल में पिछले दिनों आई बाढ़ के बाद कई इलाकों में ऐसे हालत बने हैं।







## पर्व

### विजयादशमी उत्सव देखने विदेशों से आते हैं सैलानी

# देश के कई राज्यों में अनोखे तरह से मनाया जाता है दशहरा

**नई दिल्ली।** देश और दुनिया में दशहरे का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को पूरे भारत में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। देश के कई जगहों पर दशहरे के त्योहार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाता है। वहीं, विजयादशमी के जश्न में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में सैलानी एक जगह से दूसरे जगह जाते हैं और दशहरे के इस पावन पर्व को मनाते हैं।देश के कई जगहों पर दशहरे को अलग-अलग नामों से भी जाता है, जिसमें विजयदशमी, दशहरा, दशईं आदी नाम शामिल हैं। दशहरा हर साल नवरात्रि के अंत में मनाया जाता है।



### कोलकाता

पश्चिम बंगाल में दशहरे का त्योहार पूरे धूम-धाम से मनाया जाता है। यहां दुर्गा पूजा का एक अलग ही महत्व है। नवरात्रि के दिनों में बंगाल के अलग-अलग जगहों पर पूजा पंडाल भव्यता के साथ बनाया जाता है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में इसको बड़े पैमाने पर धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर पंडालों को अलग-अलग थीम पर बनाया जाता है और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। यहां पर पंडालों को देखने के लिए श्रद्धालु देश ही नहीं विदेशों से भी आते हैं। पश्चिम बंगाल में दशहरा के अंतिम दिन सिन्दूर खेला का बहुत ही पुरानी परंपरा रही है, जिसमें महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। मां की विदाई के खुशी में सिंदूर खेला मनाया जाता है। महाआरती के बाद विवाहित महिलाएं देवी के माथे और पैरों पर सिंदूर लगाती हैं फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाने की परंपरा है।

### जबलपुर

जबलपुर का ऐतिहासिक विजयादशमी चल समारोह पूरे देश में खास स्थान रखता है। विसर्जन चल समारोह का इतना बड़ा एकजुट जुलूस हिन्दुस्तान में केवल जबलपुर में देखने मिलता है। इस चल समारोह में भारत की विभिन्न ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## मुंबई के बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 2 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के कांदिवली इलाके में एक नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर भीषण आग लग गई। घटना में 2 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें 1 आदमी और 1 बच्चा शामिल है। पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया है। मौके पर मुंबई फायर ब्रिगेड की 6 गाडियां पहुंच गई हैं। फायर ब्रिगेड विभाग के मुताबिक, मृतकों की पहचान ग्लोरी वालफटी (43) और जोसु जेम्स रॉबर्ट (8) के रूप में हुई है। वहीं 3 घायलों लक्ष्मी बूरा (40), राजेश्वरी भरतरे (24) और रंजन सुबोध शाह (76) के रूप में हुई है।



## बांग्लादेश में 2 ट्रेनों के बीच भयंकर टक्कर, 15 मौतें, 100 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के किशोरगंज में बड़ा रेल हादसा हुआ है, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई है और 100 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। वहीं, ट्रेन में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, किशोरगंज में एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच में भीषण टक्कर हुई है, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब राजधानी ढाका से लगभग 80 किलोमीटर दूर भैरब में एक यात्री ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना में कई लोगों के घायल होने की आशंका है। उनका कहना है कि कई लोग ट्रेन में फंसे हुए हैं।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई घायल क्षतिग्रस्त डिब्बों में फंसे हुए हैं। इस बीच अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी सिराजुल इस्लाम का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव अभियान जारी है। बताया गया है कि यह दुर्घटना शाम करीब 4 बजे हुई है। रेलवे की लापरवाही सामने आई है क्योंकि दोनों ट्रेने एक ही ट्रैक पर आ गईं, जिसकी वजह से हादसा हुआ है।

भैरब फायर स्टेशन के अधिकारी मोशर्रफ हुसैन का कहना है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। बचावकर्मियों और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है और अबतक 12 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। बता दें कि बांग्लादेश में ट्रेन दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। आए दिन कहीं न कही हादसे की जानकारी सामने आती रहती है। ये हादसे अक्सर खराब सिग्नलिंग, लापरवाही, पुरानी पटरियों या अन्य जर्जर बुनियादी ढांचे के कारण होती हैं।

## एलओसी पर हालात बिगाड़ने में लगी पाकिस्तानी सेना

### एक सप्ताह में कई घुसपैठ के प्रयास किए, सेना ने बड़ी मात्रा में हथियार किए बरामद

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,देशबन्धु।** करीब एक साल की शांति के उपरांत पाक सेना फिर से इंटरनेशल बार्डर और एलओसी पर हालात बिगाड़ने की खातिर घुसपैठियों को कवर फायर देने के अतिरिक्त स्नाइपर अटैक भी करने लगी है। अब उसने जम्मू सीमा पर भी ऐसी हरकतें आरंभ कर सीमावर्ती किसानों की जान फांस में फंसा दी है। कल रात को भी उड़ी में पाक सेना ने आतंकियों के एक बड़े दल को इस ओर धकेला तो भारतीय जवानों ने उसमें से दो को मार गिराया। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद कर लिया गया पर कई आतंकी वापस भागने में कामयाब हो गए। पिछले सप्ताह जम्मू सीमा पर भी अरनिया सेक्टर में पाक सेना ने अकारण गोलीबारी कर बीएसएफ के दो जवानों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

**कवर फायर दे रही पाकिस्तानी सेना**–भारतीय पक्ष की जवाबी कार्रवाई के उपरांत सीमा पर मात्र 24 घंटे ही शांति से गुजरे थे कि पाक सेना ने फिर से तस्करों को इस ओर धकेलने की खातिर कवर फायर दे दिया। नतीजतन दोनों पक्षों में हुई गोलीबारी ने सीमावर्ती किसानों के लिए चिंता पैदा कर दी है। बीस सालों के सीजफायर के बाद से जीरो लाइन तक खेती करने वाले किसान अपनी अध कच्ची पक्की फसल को समेटने लगे हैं। उन्हें डर है कि पाक सेना फिर से हालात को बिगाड़ने की खातिर कुछ बड़ा कर सकती है। सेना कहती है कि पाक सेना अपने जहां रूके पडे आतंकियों को किसी तरह से इस ओर धकेलना चाहती है । इसलि उसने अब एलओसी और इंटरनेशरल बार्डर पर एकसाथ मोर्चा खोल दिया है। वह भारतीय जवानों की पोजिशनें जांचने तथा उनमें दहशत फैलाने की खातिर फिर से स्नाइपर हमले भी करने लगी है।

पाक सेना ने परसों केरन सेक्टर में एक स्नाइपर हमला कर सेना के एक जवान को जख्मी कर दिया है। यह हमला अरनिया में हुई गोलीबारी की घटनाओं के तीन दिन बाद हुआ था। इस पर भी वह नहीं थमी और कल एक बड़े दल को इस ओर धकेलने की कोशिश को कामयाब बनाने की खातिर उसने कवर फायर का सहारा तो लिया पर भारतीय जवानों ने उसके मंसूबों को नाकाम बना दिया। पर यह सच्चाई है कि इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पाक सेना की इन हरकतों ने दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

### उड़ी में घुसपैठ की कोशिश करते दो पाकिस्तानी आतंकी ढेर

## एके राइफल समेत पिस्तौल व ग्रेनेड बरामद

सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया। मौके से बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं। कम से कम दो आतंकी घायल भी हुए हैं। मौसम खराब होने के कारण फिलहाल तलाशी अभियान रोक दिया गया है।श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नियंत्रण रेखा के पार से भारी हथियारों से लैस आतंकियों का एक समूह घुसपैठ की फिराक में है। इसके बाद सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा गया था और घुसपैठ रोधी ग्रिड को मजबूत किया गया। लगातार बारिश और खराब दृश्यता का फायदा उठाकर सशस्त्र आतंकियों के एक समूह ने नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ करने का प्रयास किया।

शनिवार दोपहर करीब तीन बजे जवानों का आतंकियों के समूह से टकराव हुआ। अंधेरा होने तक दोनों तरफ से गोलीबारी होती रही, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकी मारे गए। प्रवक्ता ने बताया, बचे हुए आतंकी साथियों का शव लेकर वापस चले गए। रात भर इलाके पर निगरानी रखी गई। अंधेरा होने के कारण शनिवार पूरी रात सुरक्षाबलों ने इलाके की कड़ी घेराबंदी करते हुए निगरानी रखी। रविवार को उजाला होते ही घटना स्थल की तलाशी ली गई। वहां से दो एके राइफलें, छह पिस्तौल, चार चीन में बने ग्रेनेड, कंबल और दो खून से सने बैग की बरामदगी हुई। पाकिस्तानी और भारतीय नोट, पाकिस्तानी दवाएं और खाने का सामान भी मिला। प्रवक्ता ने बताया कि खून से सने दो बैग की बरामदगी से पुष्टि होती है कि कम से कम दो आतंकी मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें अपना वजन कम करते हुए नियंत्रण रेखा के पार भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### त्यौहारी मौसम में बारिश बनी बाधा

## कोलकाता-त्रिपुरा तक भारी वर्षा, मौसम विभाग ने चक्रवात तेज को लेकर दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** त्यौहारी मौसम के बीच बारिश बड़ी बाधा बन कर आई है। कई राज्यों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भारी बारिश हुई।

लेक गार्डन इलाके का है, जहां तेज बारिश के बीच माता के पंडाल में आरती की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि त्रिपुरा में 24 अक्टूबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है।

**चक्रवात तेज से बिगड़ेगा मौसम का माहौल**–वहीं, चक्रवात तेज के 24 अक्टूबर (मंगलवार) तक अल गैदा के करीब यमन तट को पार करने की संभावना है। अरब सागर के दक्षिण-पश्चिम में बन रहे चक्रवात तेज के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की बहुत संभावना है। इस बीच आईएमडी भुवनेश्वर के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमा शंकर दास ने एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए बताया कि-रविवार का डीप डीप्रेशन जो पूर्वोत्तर दिशा में 13 किमी/घंटा की गति से आगे बढ़ा है, अगले 6 घंटों में इसके अत्यधिक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

### तीन दिनों में बांग्लादेश और आसपास की ओर बढ़ेगा 'तेज'

शाम तक समुद्र की स्थिति बहुत खराब हो जाएगी और मंगलवार से समुद्र की स्थिति और खराब हो जाएगी। आईएमडी ने मछुआरों को 25 अक्टूबर तक पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और 26 अक्टूबर तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है। उमा शंकर दास ने आगे बताया कि यह समय धान की कटाई का होता है और इसलिए लोगों को तेजी और सुरक्षित के साथ धान काटने और उन्हें रखने की भी सलाह दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिनों के दौरान बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों की ओर उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना है। इससे पहले आईएमडी ने चेतवानी दी कि अरब सागर के ऊपर अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान तेज का आगमन हुआ है। इससे बंगाल की खाड़ी के ऊपर डिप्रेशन बना हुआ है। पश्चिम मध्य और उससे सटे दक्षिण पश्चिम अरब के ऊपर अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान तेज एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है।

## नवंबर में आयोजित होगी भारत और अमेरिका की 2+2 बैठक

**नई दिल्ली।** विश्व के कई हिस्से में फैली अशांति के बीच, भारत और अमेरिका 9-10 नवंबर के आसपास नई दिल्ली में 2+2 बैठक आयोजित करने वाले हैं। सरकारी सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने वाले हैं।

### 2018 में हुई थी पहली बैठक

सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान नेताओं के इजरायल-हमास युद्ध के कारण मध्य पूर्व में उभरती स्थिति सहित वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जो 2018 में शुरू हुई थी और हर साल शुरू में विदेश मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य सचिव और रक्षा सचिव के बीच चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है।

### वैश्विक खतरे के मुद्दों पर होगी चर्चा

सूत्रों ने कहा कि भारत और अमेरिका अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ये वार्ताएं कर रही हैं और यह इन वार्ताओं का पांचवां संस्करण होगा। बैठक में यूरोप में चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ क्षेत्र पर इसके असर पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

### सैन्य स्टेशन का कर सकते हैं दौरा

भारत और चीन के बीच चल रहे सैन्य गतिरोध को चार साल हो गए हैं और यह दोनों पक्षों के बीच चर्चा का हिस्सा बना हुआ है। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन प्रमुख भारतीय सैन्य अड्डे का दौरा कर सकते हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकियों ने भी भारतीय रक्षा मंत्री को एक महत्वपूर्ण सैन्य स्टेशन पर आमंत्रित किया था।

### सैन्य हार्डवेयर सहयोग पर जोर देने की उम्मीद

अमेरिकी पक्ष द्वारा सैन्य हार्डवेयर सहयोग पर जोर देने की भी उम्मीद है और भारत स्वदेशी हथियार प्रणालियों के विकास के लिए उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए कह सकता है। भारत और अमेरिका ने हाल ही में भारतीय रक्षा बलों को 31स्क्त-9क्च प्रीडेटर ड्रोन की आपूर्ति के लिए 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे पर सहमति व्यक्त की है।

अमेरिका छह अतिरिक्त क्क-8द्ब निगरानी विमानों की बिक्री पर भी जोर दे रहा है। अमेरिका भी हाल के दिनों में विभिन्न शो और अभ्यासों में भारतीय रक्षा बलों के लिए क्क-1 जैसे अपने बमवर्षक विमानों का प्रदर्शन कर रहा है।

### वैश्विक सुरक्षा समेत कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

## मोदी ने जॉर्डन के बादशाह अब्दुल्ला-द्वितीय से की बात पश्चिम एशिया की स्थिति पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों में संघर्ष के बीच सोमवार को जॉर्डन के बादशाह अब्दुल्ला-द्वितीय से पश्चिमी एशिया की ताजा स्थिति पर फोन पर बातचीत की और दोनों नेताओं ने आतंकवाद तथा संघर्ष में नागरिकों की जानमाल के नुकसान पर अपनी चिंताओं से एक दूसरे को अवगत कराया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा, (मैंने) जॉर्डन के महामहिम शाह अब्दुल्ला-द्वितीय से बातचीत की।

पश्चिम एशिया क्षेत्र की घटनाओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने इसी पोस्ट में लिखा, हमने आतंकवाद, हिंसा और नागरिकों के जीवन की क्षति पर अपनी चिंताओं को एक दूसरे को अवगत कराया। वहां सुरक्षा और मानवीय परिस्थितियों के जल्द समाधान के लिए सतत् प्रयास की जरुरत है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर गाजा पट्टी इलाके से हमास के भारी हमलों में हजारों की संख्या में इजरायली एवं विदेशी नागरिकों की मौत और कई लोगों को बंधक बनाने के बाद इसके अगले दिन इजरायल ने हमास के ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की और इसमें हजारों लोग हताहत हुए है और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। भारत ने फिलीस्तीनियों की मदद के लिए रविवार को 32 टन राहत सामग्री मिस्र भेजी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बढ़ रही बगावत की आग.....

ऐलान कर दिया है। सीधी से बीजेपी ने रीति पाठक को उम्मीदवार बनाया है। केदारनाथ शुक्ला का टिकट काट दिया है। शुक्ला इसके बाद निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं।

**कांग्रेस में पांच सीटों पर भारी बगावत**–वहीं, सुमावली सीट से विधायक अजब सिंह कुशवाह का टिकट कांग्रेस ने काट दिया है। इसके बाद अजब सिंह ने पार्टी छोड़ दी है। अजब सिंह बीएसपी में शामिल हो गए हैं। वह बीएसपी से चुनाव लड़ेंगे। धरमपुरी सीट पर भी बगावत बढ़ गई है। वहां से पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। भोपाल उत्तर से पार्टी ने कांग्रेस विधायक के बेटे को टिकट दिया है। इसके बाद यहां भी बगावत है। कांग्रेस नेता नासिर इस्लाम ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। ग्वालियर ग्रामीण सीट पर भी बगावत के स्वर उठ रहे हैं। टिकट की घोषणा के बाद केदार कंषाना ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। बंडा सीट पर भी कांग्रेस में बगावत है। पार्टी ने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इसके बाद सुधीर यादव ने आप से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

### भारत के महान स्पिनर.....

भारतीय फिल्म जगत में जाना-माना नाम हैं। **मशहूर स्पिनर चौकड़ी का थे हिस्सा**- बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे। चारों ने मिलकर 231 टेस्ट खेले और 853 विकेट हासिल किए।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**–बेदी ने 1969-70 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक पारी में 98 रन देकर सात विकेट लिए थे। यह एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, मैच की बात करें तो 1977-78 में पर्थ के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 194 रन देकर कुल 10 विकेट झटके थे। उन्होंने टेस्ट में इकलौता अर्धशतक 1976 में कानपुर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था।

**भारतीय टीम की कप्तानी भी की थी**–बिशन सिंह बेदी को भारतीय टीम की कप्तानी करने का भी मौका मिला था। उन्हें 1976 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बेदी को महान क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की जगह कप्तान बनाया गया था। बतौर कप्तान उन्हें पहली जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में 1976 के दौरे पर मिली थी। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में 3-1, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में 3-2 और पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज 2-0 से मिली हार के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था। उनके बाद सुनील गावस्कर कप्तान बने थे। भारत के लिए 67 टेस्ट मैच में उन्होंने 266 विकेट लिए। उन्होंने 15 बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया और एक बार मैच में 10 विकेट भी लिए। वहीं, 10 वनडे मैच में उन्होंने सात विकेट झटके।

### देश के कई राज्यों में.....

संस्कृतियों, तरक्कियों और समस्याओं से लेकर देश-विदेश की प्रमुख घटनाओं पर आधारित झांकियां विशेष आकर्षण और चर्चा का केन्द्र बनती हैं। वहीं शहर के प्रमुख स्थलों-मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक बड़ी संख्या में विविध स्वरूप की दुर्गा प्रतिमाएं और झांकियां स्थापित की जाती हैं। नवरात्र की षष्ठी से नवमीं तक सड़कों पर देवी दर्शन का रतजगा चलता है। यहां मंचित होने वाली रामलीलाएं और पंजाबी दशहरा भी पूरे देश में अपनी खास पहचान रखता है।

#### बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले का दशहरा देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। बस्तर में यह पर्व जिस अंदाज में मनाया जाता है वह न केवल अनूठा है बल्कि दुनिया में सबसे ज्यादा दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व भी बन जाता है। यहां आमतौर पर यह पर्व 75 दिनों का होता है, लेकिन इस बार यह पर्व 107 तक दिन तक मनाया जाएगा। मालूम हो कि इस बार बस्तर दशहरा की शुरुआत पाठ जात्रा रस्म के साथ 17 जुलाई से हुई। वहीं, रथ निर्माण का काम 27 सितंबर से डेरी गडाई रस्म के साथ शुरू हुआ, जबकि दशहरे की शुरुआत 14 अक्टूबर को काछनगादी रस्म के साथ हुई। इस दिन काछन गुड़ी देवी की विशेष पूजा की जाती है।

#### वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दशहरे को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर रामलीला का आयोजन होता है और हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के रामलीला को देखने दूर-दूर तक आते हैं। वाराणसी में रामलीला के दौरान अयोध्या, लंका और अशोक वाटिका के दृश्य को बनाया जाता है, जिसको देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां पर कई कलाकार रामलीला का पाठ करते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। वाराणसी में रावण के खानदान के कई सदस्यों के पुतले का दहन किया जाता है। यहां पर रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले का दहन किया जाता है, जिसको देखने के लिए भारी संख्या में सैलानी आते हैं।

#### रामलीला मैदान

देश की राजधानी दिल्ली में भी दशहरा जोर-शोर से मनाया जाता है। पुरानी दिल्ली के रामलीला मैदान में दशहरे के दिन रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का एक साथ पुतला फूंका जाता है। दिल्ली के रामलीला मैदान में दशहरे के दिन मेला लगता है, जिसका आनंद लेने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

#### कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू का दशहरा देश और दुनिया में प्रसिद्ध है। कुल्लू में पहली बार दशहरा साल 1660 में मनाया गया था। उस समय वहां राजा जगत सिंह का शासन था। कुष्ठ रोग से मुक्ति मिलने के कारण उन्होंने दशहरा मनाने की घोषणा की। कहा जाता है कि इस उत्सव में शामिल होने के लिए 365 देवी- देवताओं ने शिरकत की थी। यहां पर दशहरे की शुरुआत भगवान रघुनाथ के भव्य रथयात्रा के साथ शुरू होती है। इस दौरान यात्रा के साथ देवी-देवताओं के भी रथ चलते हैं। कहा जाता है कि यहां देवी-देवता एक दूसरे से मिलने के लिए भी आते हैं। यहां का दशहरा देव मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। कुल्लू के दशहरे को देखने के लिए देश-विदेश से भारी संख्या में लोग आते हैं।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रं-1 टीवी टॉवर के पास कटंगा जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक-247/जि.फो./2023 जबलपुर, दिनांक-13.9.2023 परिवाद प्रकरण क्रं.-581/2017

**पेशी दिनांक 23.11.2023**

**परिवादी श्रीमती मीना साहू**

**विरुद्ध**

**अनावेदक- आईजीआईएस रियलिटी एंड कन्स्टक्शन प्रा. लि. प्रो. विपिन तिवारी**

उक्त प्रकरण में परिवादी ने आपके विरुद्ध इस जिला आयोग में यह परिवाद उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपी आपकी ओर से भेजी जा रही है। अतः आप नोटिस प्राप्ति के 30 दिवस के अंदर जिला आयोग में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23 नवंबर 2023 को उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार

जबलपुर दिनांक 12.9.2023

आगामी पेशी दिनांक 23.11.2023

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग जबलपुर क्रं.-1**

**र.नं. 1461**

**न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक/115/अ-20 (1) /2023-24, जबलपुर, दिनांक-18/10/2023**

**आम इश्तहार**

आवेदक संजय अग्रवाल पिता स्व. शरद कुमार अग्रवाल निवासी मिलौनीगंज जबलपुर नजूल ब्लॉक नं. 13 प्लाट नं. 154/2 रकवा 1250 वर्गफुट तहसील आधारताल जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 29.11.2023 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। स्थाई पट्टे का विवरण-

ब्लॉक नम्बर- 13, प्लाट नं.- 154/2, रकवा- 1250, पट्टेदार-संजय अग्रवाल,

भू भाटक- 365/- रुपये प्रतिवर्ष

जारी दिनांक 18.10.2023

पेशी दिनांक 29.11.2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**

**न्यायालय, पंजीयक, लोक व्यास एंव अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग- अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0001/ब-113/23-24

प्रारूप -4 (नियम 5 (1) देखिए )

मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 5 (2) एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1962 के नियम-5 (1) के अंतर्गत)

आवेदन ट्रस्ट श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट मदर टेरेसा नगर कंटगी रोड जबलपुर पंजीकृत पता-श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट एल.आई. जी 179.180, मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड जबलपुर के द्वारा रमेशकुमार कुमार जैन पिता श्री सुखानंद जैन के द्वारा न्यास पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के नियम 4 के अधीन नीचे अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट कर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें-नाम-पिता नाम-पद, 1. रमेश कुमार जैन पिता श्री सुखानंद जैन - अध्यक्ष, 2. मुन्नालाल जैन पिता श्री भागचंद जैन- उपाध्यक्ष, 3. सुंदर लाल जैन पिता साबूलाल जैन- महामंत्री, 4.शिखरचंद जैन पिता श्री कुंदनलाल जैन- मंत्री, 5. अरुण कुमार जैन पिता श्री कोमल चंद जैन - कोषाध्यक्ष 6. आशीष कुमार जैन पिता श्री सुभाष चंद जैन - कानूनी सलाहकार, 7. अन्य 15 न्यासीगढ़- सदस्य

न्यासियों का नाम पता तथा निर्धारित पद निम्नानुसार है:-

अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 06 नवम्बर 2023 को विचार के लिए नियत है, कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से एक माह के भीतर दो पतियों में लिखित कथन / दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करे उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जायेंगा।

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण एंव लोक न्यास का नाम और पता)

| | | |
|---|---|---|
| 1. लोक न्यास का नाम एंव पता | : | **श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट मदर टेरेसा नगर कंटगी रोड, जबलपुर,** श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट एल.आई. जी. 179,180, मदर टेरेसा नगर कटगी रोड जबलपुर। |
| 2. न्यास की आय का साधन | : | मान एंव चंदे द्वारा। |
| 3. चल सम्पत्ति | : | निरंक |
| 4. अचल सम्पत्ति | : | श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर मदर टेरेसा नगर कंटगी रोड़, जबलपुर मौजा-माढोताल, 904 वर्गफुट में मंदिर, 452 वर्ग में धर्मशाला एवं खुली भूमि रकबा 5400 वर्गफुट भूमि |

जारी दिनांक-03/10/2023

र.नं. 1463

**अनुराग सिंह- पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल, जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## कर्ण सिंह ने लिखकर खड़गे से कहा-कमेटी से मेरा नाम हटा दें

**जम्मू, एजेंसी।** कांग्रेस द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी समिति में पूर्व सांसद और अनुभवी राजनेता डॉ. कर्ण सिंह को नामित करने के कुछ दिनों बाद उन्होंने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अपना नाम सूची से हटाने का अनुरोध किया, क्योंकि वह राज्य की राजनीति में सक्रिय नहीं हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खड़गे को लिखे पत्र में डॉ. कर्ण सिंह ने कहा, पार्टी अध्यक्ष खड़गे, मैंने देखा कि मेरा नाम नवगठित जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी समिति में शामिल किया गया है।



### सार-समाचार

## प्रियंका गांधी 28 को दमोह आएंगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए जहां नामांकन पत्र भरने का अभियान जारी है तो वहीं राष्ट्रीय नेताओं के दौरे भी हो रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 28 अक्टूबर को दमोह आ रही हैं और जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की आने वाले दिनों में 6 जनसभाएं होने वाली हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की 24 अक्टूबर को छिंदवाड़ा में जनसभा होगी और वे 26 अक्टूबर को छिंदवाड़ा में नामांकन दाखिल करेंगे। 27 अक्टूबर को बैतूल के शाहपुर में जनसभा होगी और 28 अक्टूबर दमोह में प्रियंका गांधी के साथ जनसभा में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा 29 अक्टूबर को रायसेन और कुरवाई में जनसभा होगी। 30 अक्टूबर को इंदौर में रैली और जनसभा है।

## पूर्व मंत्री गुप्ता की तबीयत बिगड़ी, दिग्विजय ने जाना हाल



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा नेता व प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता की सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें जवाहर चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें हल्का हृदयाघात हुआ है। डॉक्टरों के मुताबिक उपचार के बाद उमाशंकर गुप्ता की हालत में सुधार है। उनके हृदय में दो ब्लाकेज निकले हैं। डॉक्टर ने स्टेंट डाला है। फिलहाल उन्हें अस्पताल के आइसीयू में रखा गया है। डाक्टरों ने उन्हें फिलहाल पूरी तरह आराम करने और तनाव नहीं लेने की सलाह दी है। गौरतलब है कि उमाशंकर गुप्ता भोपाल की दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर टिकट के दावेदार थे। हालांकि पार्टी ने भगवानदास सबनानी की इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद उमाशंकर गुप्ता के समर्थकों ने पार्टी दफ्तर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में उमाशंकर गुप्ता इसी सीट पर चुनाव में कांग्रेस के पीसी शर्मा से पराजित हो गए थे।

## रुस्तम सिंह ने भाजपा से दिया इस्तीफा, बसपा में शामिल



**मुरैना, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह ने आज भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के अन्य सभी दायित्वों से इस्तीफा दे दिया। वे बसपा में शामिल हो गए हैं। श्री सिंह ने अपना इस्तीफा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को भेजा है। उन्होंने इस्तीफे की प्रति भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ ही राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और मुरैना भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता को भी भेजी है। रुस्तम सिंह ने भाजपा से मुरैना विधानसभा क्षेत्र से टिकिट मांगा था, लेकिन पार्टी ने यहां से रघुराज सिंह कंषाना को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी से असंतुष्ट रुस्तम सिंह के पुत्र राकेश सिंह मुरैना विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के टिकिट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें बसपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। राकेश सिंह की प्रचार सामग्री पर पूर्व मंत्री और उनके पिता रुस्तम सिंह की तस्वीर दिखाई देने लगी है।

### मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले के इछावर में चुनावी सभा को किया संबोधित, बोले-

## कांग्रेस योजनाओं को बंद कर गरीबों से उनके अधिकार छीनती है



**सीहोर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर गरीबों से उनके अधिकार छीनती है। अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो न लाड़ली योजना बचेगी और न लाड़ी बहना योजना बचेगी। कांग्रेस पहले भी गरीब कल्याण की योजनाएं बंद कर चुकी है। जनता का भला करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, और प्रदेश का भला केवल भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस ने कभी एक धेला नहीं दिया है। यह बात उन्होंने सीहोर जिले के इछावर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी करण सिंह वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि विकास की गति को बनाए रखने के लिए भाजपा को जिताएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन बनाया है, आप, कांग्रेस, सपा सब इकट्ठा हो रहें हैं, सब मिलकर भी प्रधानमंत्री मोदी को नहीं हरा सकते, क्योंकि ये तो अपने-अपने स्वार्थों की वजह से इकट्ठा हो रहें हैं। ये कभी भी जनता का भला नहीं कर सकते हैं।

श्री चौहान ने कहा कि असंभव शब्द मामा के शब्दकोश में नहीं है। कांग्रेस ने सिंचाई की योजना कभी नहीं बनाई थी। अब हर गांव में टंकी बनाई जा रही है, सभी घरों में टोटी वाला नल लगाया जाएगा। कमलनाथ जब मुख्यमंत्री थे तो रोते ही रहते थे कि, मेरे पास पैसे ही नहीं है, लेकिन अब भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर भी साढ़े 4 सौ रुपये में दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, यहां जो मेरी लाड़ली बहनें बैठी हैं, वह मेरे लिए जीवित, जागृत देवियां हैं। बेटियों की जिंदगी बदलने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटियां लाड़ली लक्ष्मी हैं, उनकी चिंता माता-पिता नहीं, मामा ही करता है। लाड़ली बहना योजना के तहत अभी बहनों के खातों में 1250 आ रहें हैं, लेकिन चरणबद्ध तरीके से इस राशि को 3 हजार रूपए तक किया जाएगा। उन्होंने महिला कल्याण की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि, 21 साल की होने पर बेटियों को 1 लाख रूपये दिया जाएगा। दूसरे गांव पढ़ने जाने पर बेटा-बेटियों को साइकिल के पैसे दिये जाते हैं। हमने तय किया आधी सीटों पर अब बहन और बेटियां चुनाव लड़ेंगी। पुलिस में 30 प्रतिशत भर्ती बेटियों की होगी।

### कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा-

## इस बार प्रदेश में बदलाव तय है

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि आज भाजपा से हर वर्ग परेशान हैं, जनता इतनी परेशान हो चुकी है कि इस बार बदलाव चाहती है। उन्होंने भाजपा पर भ्रष्टाचार, घोटालों और अत्याचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस बार जनता जवाब देगी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मौके पर एक ट्वीट भी किया, जिसमें उन्होंने 'श्रीरामचरितमानस' की एक चौपाई का उल्लेख करने के बाद लिखा कि शिवराज जी, समझदार को इशारा काफी होता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश में किसान दुखी हैं, जवान दुखी हैं, बुजुर्ग दुखी हैं, माताएं-बहनें, दलित और आदिवासी दुखी हैं। उन्होंने कहा कि 'अब बदलाव होगा और जनकल्याण करने वाली सरकार मध्यप्रदेश में बनेगी।'

कमलनाथ ने आरोप लगाया कि विकास और जनकल्याण के झूठे वादे कर भाजपा ने जनता से छल किया है और यह सिलसिला 18 सालों से लगातार निरंतर जारी है, लेकिन इस बार का चुनाव प्रदेश के भविष्य का चुनाव है और लोग अब उसके झूठ का जवाब देंगे। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वो पार्टी या उम्मीदवार को नहीं बल्कि इस प्रदेश के उज्जवल भविष्य को ध्यान रखते हुए अपना वोट दें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में खुशहाली लाने का वादा करती है उनकी सरकार बनने पर हर व्यक्ति हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करने को वो प्रतिबद्ध हैं।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवेदन की तिथि बढाई जाए



**भोपाल, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के एवं दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव संचालन नियम, 1961 के संशोधित नियम 27-सी के तहत घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। प्रदेश में 21 अक्टूबर से निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना लागू हो गई है और ऐसे मतदाताओं के लिए फार्म 12 डी जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। समय कम होने के कारण अनेक दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता निर्वाचन आयोग की इस पहल का लाभ नहीं ले सकेंगे और उन्हें मतदान से वंचित होना पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि फॉर्म 12डी जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर को आगे बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता मतदान कर सकें। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव पार्टी पदाधिकारियों के साथ सोमवार को निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, चुनाव आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी और प्रकोष्ठ के सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि चुनाव आयोग का सूत्र वाक्य है कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। पार्टी ने मांग की है कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के एवं दिव्यांग मतदाताओं को अपने घर से बैलेट पेपर के जरिए मतदान का अवसर मिल सके, यह सुनिश्चित करने के लिए आयोग आवश्यक कदम उठाए। आयोग की इस पहल के बारे में बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को पर्याप्त जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस काम में गैर सरकारी संगठनों की सहायता भी ली जा सकती है।

### आयोग की पहल प्रशंसनीय, लेकिन प्रचार-प्रसार जरूरी : शर्मा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या लगभग 11.50 लाख से अधिक है। चुनाव संचालन नियम में वर्ष 2019 में किए गए संशोधन के बाद यह पहला अवसर है कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। निर्वाचन आयोग के ध्यान में लाया गया है कि इस तरह की प्रशंसनीय पहल का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा मानना है कि निष्पक्ष और समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे का समाधान आवश्यक है और इसी संबंध में आयोग से मांग की गई है।

## भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी की शिकायत की

भोपाल, देशबन्धु। नरेला विधानसभा के कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने धार्मिक कार्यक्रम माता की स्थापना के अंतर्गत अपनी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-75 के एलिक्सर ग्रीन, न्यू जेल रोड, भोपाल मे मतदाताओं को प्रभावित करने का कार्य किया गया है। इसकी शिकायत सोमवार को भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने निर्वाचन आयोग से कर कार्रवाई की मांग की है। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी एवं अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि नरेला विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह युक्त दुपट्टा पहनकर अपनी पार्टी का प्रचार-प्रसार किया।

### मुख्यमंत्री निवास में कन्या पूजन और कन्या भोज आयोजित

## बेटियों से भेदभाव वाली मानसिकता भुला दें : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेटियों से भेदभाव वाली मानसिकता भुलाकर मां, बहन, बेटियों का सम्मान करें। जहां मां, बहन, बेटियों का सम्मान होता है, वहां भगवान निवास करते हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार ने प्रदेश में स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। बहन-बेटियों की प्रगति के बिना प्रदेश प्रगति नहीं कर सकता, वह आज मुख्यमंत्री निवास में कन्या पूजन और कन्या भोज कार्यकम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री निवास में महानवमी के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ लगभग साढ़े 3 सौ कन्याओं के पांव पखारकर उनका पूजन किया। मुख्यमंत्री और श्रीमती साधना सिंह ने अपने हाथ से कन्याओं को भोजन परोसा और खिलाया। इस मौके पर देश व प्रदेश वासियों को नवरात्रि व महानवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, हमने 9 दिन मां की उपासना की, आज कन्याएं यहां आई हैं, ये कन्या नहीं हैं, बेटियां हैं। हम इनमें साक्षात देवियों को देखते हैं। भारतीय संस्कृति में हमेशा बहन-बेटियों और स्त्रियों का स्थान बहुत ऊंचा रहा है। जहां मां-बहन और बेटी का सम्मान होगा वहां भगवान निवास करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों का धरती के संसाधनों पर बराबर का अधिकार है।

### कांग्रेस के सभी 230 उम्मीदवार घोषित

## मनोज मालवे को आमला से टिकट दिया

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने बैतूल जिले की आमला सीट से मनोज मालवे को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने अब राज्य की सभी 230 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। आमला से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस निशा बांगरे को अपना प्रत्याशी बना सकती है। निशा ने बहुत पहले अपने पद से अपना इस्तीफा राज्य शासन को भेज दिया है। लेकिन सरकार ने उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की है। इस्तीफा स्वीकार न करने के मुद्दे पर निशा बांगरे ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। हाईकोर्ट ने 3 दिन में राज्य सरकार से उनके इस्तीफे पर निर्णय लेने को कहा था, किंतु सोमवार शाम तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। ऐसा माना जा रहा था कि यदि उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया तो उन्हें आमला से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। कांग्रेस राज्य की 229 सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है।

## महुआ मोइत्रा के साथ तस्वीरें वायरल होने पर बोले थरूर- वहां और भी लोग थे

**कोट्टायम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के साथ वायरल हो रहीं अपनी तस्वीरों को लेकर बयान दिया है. थरूर ने तस्वीरें वायरल करने की हरकत को निम्न स्तर की राजनीति बताया है. थरूर ने दावा किया है कि तस्वीरें एक बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान ली गई थीं. उन्होंने कहा,फोटो को जानबूझकर इस तरह से पेश किया जा रहा है कि वह किसी गुप्त बैठक के फोटो हों. उन्होंने यह भी कहा कि महुआ मोइत्रा उनसे उम्र में कई साल छोटी हैं और वह उन्हें बच्चे की तरह देखते हैं।



थरूर ने केरल के कोट्टायम में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि फोटो वायरल करना बेहद निम्न स्तर की राजनीति है. उन्होंने कहा, फोटो जन्मदिन सेलिब्रेशन के मौके पर ली गई. लेकिन मेरे लिए वह बच्ची जैसी ही हैं. वह मुझसे 10 से 20 साल छोटी हैं. थरूर के कहा कि जन्मदिन की सेलिब्रेशन पार्टी में 15 लोग मौजूद थे. मेरी बहन को भी आमंत्रित किया गया था, और वह उपस्थित भी थीं. हालाँकि, कुछ लोगों ने जानबूझकर दूसरों को हटा दिया और फोटो को गुप्त बैठक की तरह प्रस्तुत किया. जो भी सोच रहा है कि तस्वीरें गुप्त बैठक की हैं, उसे यह भी सोचना चाहिए कि फोटो किसने खींची होंगी।

### कांग्रेस ने लगाया आरोप

## नर्मदा के नाम पर की गई लूट

नर्मदा को निर्मल करने मनमोहन सरकार ने स्वीकृत किए थे 1066 करोड़, लेकिन भाजपा सरकार ने लिया कर्ज



**भोपाल, देशबन्धु।** अवैध उत्खनन और नर्मदा सफाई का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस ने नर्मदा के नाम पर लूट करने का आरोप प्रदेश सरकार पर लगाया है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि नर्मदा को निर्मल करने के कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने स्वीकृत किए थे 1066 करोड़। इसके लिए राज्य सरकार से पहले डीपीआर केंद्र को जमा करने की शर्त रखी थी। प्रदेश की भाजपा सरकार ने डीपीआर नहीं बनाई और केन्द्र सरकार से पैसा लेने के स्थान पर वर्ष 2017 में जर्मनी के बैंक केएफडब्ल्यू से कर्ज ले लिया। इसके 5 साल बाद भी डीपीआर बनाकर केन्द्र को नहीं दी।

गुप्ता ने कहा कि नर्मदा मैया के लिए भाजपा सरकार ने 2017 में जो वादे किए थे, उनमें कितने वादे पूरे किए इस बात का पता लगाने का नर्मदा सेवा सेना द्वारा प्रयास किया गया, जिसमें चौकाने वाली बातें सामने आई। कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गुप्ता ने वर्ष 2018 में बड़वानी में सीवेज लाइन डालने और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का ठेके पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह ठेका कथित विदेशी कंपनी टहल कन्सल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड को दिया गया। जिसका मुख्यालय इजराइल में बताया जाता है। गुडगांव में भारतीय आफिस बनाकर कंपनी ने काम शुरू किया था। श्री गुप्ता ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि जिस कंपनी की पूंजी महज 3 करोड़ और पैड अप कैपिटल करीब 96 लाख है, उसके बाद भी इस कंपनी को 105 करोड़ का ठेका दे दिया, जिसके लिए 10 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी बिना काम करे जब रफू चक्कर हो गई तब जांच की मांग उठी। उसके बाद स्थानीय ठेकेदारों से सड़क खुदवा कर किसी तरह 10 करोड़ के भुगतान को समायोजित करने का प्रयास किया गया। इसके तहत एसटीपी का अध-बना ढांचा भी खड़ा है, जबकि यह कार्य 2020 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन न काम पूरा हुआ न इजराईल की कंपनी वापस आई। श्री गुप्ता ने कहा कि जब भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगीं तो चुनाव के पहले बदनामी से बचने सितंबर 2023 में यह काम मुंबई की एक कंपनी आरएंडबी इन्फ्रा लिमिटेड को दिया गया, जो महज 4 साल पुरानी श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी ग्वालियर के ज्वाईंट वेंचर में काम कर रही है। श्री गुप्ता ने कार्य को घटिया बताते हुए इससे आशंका जताई है कि कहीं ये कंपनियां भ्रष्ट अफसरों या नेताओं की शैल कंपनियां तो नहीं हैं। साथ ही इसकी जांच की मांग की है।

### कांग्रेस ने दिया दोषियों को सजा देने का वचन

श्री गुप्ता ने बताया कि नर्मदा में हो रही इस लूट की जांच करने दोषियों को सजा देने और मां नर्मदा का गौरव और प्रतिष्ठा बचाने के लिए कमलनाथ ने कांग्रेस के वचन पत्र में दिशा पूर्ण वचन दिए हैं। मां नर्मदा संरक्षण अधिनियम, मां नर्मदा परिक्रमा प्राधिकरण,नर्मदा रिवर फ्रंट योजना निर्माण की दिशा में

### कोरोना के दौरान सुरक्षा गार्ड की हुई थी मौत, उच्च न्यायालय ने दिए निर्देश

## विधवा को दिया जाए 50 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली, एजेसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल के एक सुरक्षा गार्ड की विधवा को 50 लाख रुपये का मुआवजा जारी करने का निर्देश दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान ड्यूटी करने के दौरान सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई थी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाया कि विधवा केंद्र सरकार द्वारा घोषित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज कोविड -19 से लड़ने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बीमा योजना के लाभों की हकदार है। अदालत ने मुआवजा देने में सरकार की अनिच्छा की आलोचना करते हुए कहा कि संकीर्ण दृष्टिकोण अपनाना उस योजना की भावना के खिलाफ है, जिसका उद्देश्य उन लोगों के परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करना है जो महामारी से प्रभावित लोगों की रक्षा करते हुए शहीद हो गए।

अदालत ने कहा कि मृतक सहित सुरक्षा गार्डों और पैरामेडिकल स्टाफ ने कोविड-19 महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा सुनिश्चित की और मरीजों को उचित केंद्रों तक निर्देशित किया, जिससे वे सीधे तौर पर कोविड-19 रोगियों को संभालने में शामिल हो गए। विधवा ने केंद्र सरकार की योजना और दिल्ली सरकार की एक करोड़ रुपये की अनुग्रह मुआवजे की योजना के तहत लाभ की मांग की थी। हालांकि दिल्ली सरकार ने शुरू में ही अपनी योजना के दायरे को सीमित कर दिया था, अदालत ने 27 जुलाई 2020 के एक परिपत्र को स्वीकार कर लिया, जिसमें एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि के लिए प्रशासनिक विभागों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उन व्यक्तियों के नाम प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी, जिन्होंने कोविड -19 के कारण ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

**Change of DOB**

Service No. JC-385353N SUB/HONY LT HANUMAN SINGH Village GHANDAWA Post: BIGODANAI Teh: CHIRAWA Distt: JHUNJHUNU (RAJASTHAN) PIN 333026 My Daughters SUMAN KUMARI's Date of Birth is 21 AUG 1994 as per my Army Service Records which is wrong. Correct Date of Birth of my daughter is 21 AUG 1995 as per her Aadhar Card and PAN CARD and it should be corrected in my all Army Service Records for all purpose.

Incorrect DOB
21 AUG 1994
Correct DOB
21 AUG 1995

**Change of Name**

Service No. JC-385353N SUB/HONY LT HANUMAN SINGH Village GHANDAWA Post: BIGODANAI Teh: CHIRAWA Distt: JHUNJHUNU (RAJASTHAN) PIN 333026 My Daughters name is ANU KUMARI as per my Army Service Records name which is wrongly. Correct name of my daughter is ANNU KUMARI as per her Aadhar Card and PAN CARD and should be corrected in my all Army Service Records for all purpose.

Incorrect Name
ANU KUMARI
Correct Name
ANNU KUMARI
P

जबलपुर, मंगलवार 24 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# क्या वे अभी भी ज़िंदा हैं!

इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग में तबाही का दर्दनाक मंजर देखने को मिल रहा है। चारों तरफ मलबे के ढेर और उनके बीच पड़ी लाशें, जैसे तैसे अपने-आपको बचाते लोग, अपने बच्चों को गोद में लेकर भागते या एक दूसरे को तलाशते घायल मां-बाप, कफ़न में लिपटे अपने बच्चे को गोद में लिये बैठी मां, घायलों का इलाज करते-करते अचानक अपने बेटे की लाश देखकर काठ बन जानेवाला डॉक्टर – इस तरह की हजारों तस्वीरें और वीडियो रोज़ हमारी आंखों के सामने से गुज़र रहे हैं। ऐसे ही एक वीडियो एक बच्चा दिखाई दे रहा है जिसका चेहरा बमबारी से उठे गुबार से सना हुआ है, जिसकी गर्दन की चमड़ी निकल चुकी है और वह किसी से पूछ रहा है- 'क्या मैं अभी भी ज़िंदा हूँ !'

सामान्य परिस्थितियों में इसे एक मासूम सवाल माना जा सकता था, इस पर हंसा भी जा सकता था। लेकिन किसी भी संवेदनशील इंसान का कलेजा इस सवाल पर मुंह को आ सकता है। अफ़सोस कि एक समुदाय विशेष के लोगों को मरते हुए देखकर खुश होने वाले कट्टरपंथियों और नफ़रत फैलाकर टीआरपी बटोरने वाले हमारे खबरिया चैनलों को ऐसे सवालों से, ऐसे नज़ारों से कोई फ़र्क नहीं पड़ रहा है। जिन चैनलों में इतना साहस नहीं है कि ज़मीनी हक़ीक़त जानने-बताने के लिए वे अपने संवाददाताओं को मणिपुर भेज सकें, उन्होंने इज़राइल में अपने एंकरों और सम्पादकों को तैनात कर दिया है। युद्ध को लेकर भारत सरकार भले ही तटस्थ हो गयी हो, चैनलों पर मनगढ़ंत कार्यक्रमों का प्रसारण तो जारी है।

दूसरी तरफ इज़राइल के समर्थन में उठ खड़ी होने वाली वाली बिरादरी है, जिसके तथाकथित नेताओं में से एक यति नरसिंहानंद हैं। गाज़ियाबाद के डासना मंदिर के इन महंत ने कहा है कि वे खुद एक हज़ार सन्यासियों के साथ इज़रायली दूतावास जाकर वहां की सरकार को लिखित सुझाव देंगे और इस युद्ध में इजराइल की तरफ से लड़ने की अनुमति मांगेंगे। यति नरसिंहानंद ने यह मांग करते हुए अपना एक वीडियो जारी किया है। ऐसा ही एक वीडियो मेरठ के किसी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी का है, जो एक छोटे से समूह के साथ इज़रायली दूतावास पर पहुंचा और मीडिया के सामने कहा कि लड़ाई के लिये इज़राइल को जितने भी लोगों की ज़रुरत है, वह ले जाने को तैयार है।

जब भारत समेत सारी दुनिया में इज़राइल-फिलिस्तीन युद्ध रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं, खुद इज़राइल की जनता सड़कों पर उतर कर अपने प्रधानमंत्री से युद्ध विराम करने को कह रही है, तब हमारे यहां सिरफिरों की जमात अपनी जांघ उघाड़कर दिखा रही है। एक मशहूर डच अभिनेता रामसे नासर एक लोकप्रिय टीवी शो में जब ये भावुक कर देने वाली अपील कर रहा है कि गाज़ा में रह रहे, घायल हो रहे और मर रहे लोगों को संख्या नहीं, इंसान माना जाये, तब हमारे यहां एक चैनल का स्वनाम धन्य सम्पादक बहुत ही हास्यास्पद तरीके से यहूदियों का सम्बन्ध यादवों से जोड़ रहा है। हिन्दी के एक प्रतिष्ठित लेखक और चिन्तक ने ठीक ही कहा है कि 'हम भारतीय अपनी मूर्खता का उत्सव मना रहे हैं।'

इस सन्दर्भ में अमेरिकी/बेल्जियम/ब्रिटिश पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता एंड्रयू स्ट्रोहेलिन का कथन बिलकुल सटीक बैठता है कि 'जब मैं लोगों से कहता हूँ कि बच्चे मारे जा रहे हैं तो गुस्सा ज़ाहिर करें या हत्याओं को जायज़ ठहरायें – ये तय करने के लिए वे जानना चाहते हैं कौनसे बच्चे ! बच्चों की पहचान पूछकर जागने वाली इंसानियत ही दरअसल सबसे बड़ी समस्या है।' दुखद है कि बड़ी संख्या में भारतीय भी इसी मानसिकता के शिकार हो गये हैं। कभी उन्हें मणिपुर में एक समुदाय को प्रताड़ित होते देख मज़ा आता है तो कभी देश के भीतर-बाहर दूसरे समुदाय के लोगों को मरते देख तालियां बजाते हैं। मानवता-जो एक स्वाभाविक गुण होना चाहिये, उनके लिये धर्म, जाति या नस्ल देखकर जागने वाला भाव बन गया है।

ऐसे लोगों से पूछा जाना चाहिये – क्या वे अभी भी ज़िंदा हैं!

# सरकारी संकल्प यात्रा या मोदी प्रचार यात्रा

नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के ऐन आखिर में, देश एक ऐसी बहस देख रहा है, जिसकी किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। बहस इस पर है कि क्या पूरे सरकारी तंत्र को सीधे-सीधे, सरकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के प्रचार के नाम पर, सत्ताधारी पार्टी के कामयाबी के दावों के प्रचार में झोंका जा सकता है। यह बहस मोदी प्रशासन के 17 अक्टूबर के सर्कुलर से उठी है, जिसमें सभी सरकारी विभागों को कथित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के लिए संयुक्त सचिव/ निदेशक/ डिप्टी सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को 'रथ प्रभारी' नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। उक्त संकल्प यात्रा 20 नवंबर से 2023 से 25 जनवरी 2024 तक निकाली जानी है और इसके दायरे में देश के सभी 765 जिलों और 2.69 ग्राम ग्राम पंचायतों को कवर किया जाना है। सरकारी सर्कुलर के ही अनुसार, इस पूरी मुहिम का मकसद मोदी सरकार की 'पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों को शोकेस, सेलिब्रेट करना है।'

वैसे तो इस सर्कुलर में 'सभी मंत्रालयों' को जिस तरह शामिल किया गया है, उसमें रक्षा मंत्रालय भी आ ही जाता है। बहरहाल, इसी दौरान रक्षा मंत्रालय द्वारा और जाहिर है कि इसी कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर, देश भर में सैन्य संगठनों से जुड़े साढ़े सात सौ से ज्यादा स्थानों पर 'सैल्फी पाइंट' बनाए जाने का फैसला लिया गया है, जहां केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। पुणे में सशस्त्र बलों के अस्पताल के ऐसे ही सैल्फी पाइंट की तस्वीरें भी मीडिया में आ चुकी हैं, जिससे यह भी साफ है कि सेल्फी के पीछे विचार, प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर के साथ सैल्फी लेने का ही है। वास्तव में सशस्त्र बलों को भी औपचारिक रूप से सरकारी योजनाओं के प्रचार किंतु वास्तव में मौजूदा शासन के प्रचार के रथ में जोते जाने के वर्तमान शासन के इरादे तो तभी साफ हो गए थे, जब छुट्टी पर घर जाने वाले सैनिकों के लिए, वहां जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करने का फरमान जारी किया गया था। हां ! उक्त फरमान खुद सैन्य तंत्र के अंदर से आया था, जबकि अब यह आदेश सैन्य बलों को दूसरे सभी सरकारी विभागों वाले ही डंडे से हांकता है।

हैरानी की बात नहीं है कि अनेक पुराने वरिष्ठ नौकरशाहों ने, उच्च पदस्थ नौकरशाहों को 'रथ प्रभारी' नियुक्त किए जाने समेत, इस समूचे विचार को ही अकल्पनीय तथा आश्चर्यजनक करार दिया है। उन्होंने स्वाभाविक रूप से यह भी याद दिलाया है कि सरकार के पास अपना अलग प्रचार विभाग है, जिसका काम ही सरकार के कार्यक्रमों, योजनाओं आदि का और जाहिर है कि उपलब्धियों का भी प्रचार करना है। उन्होंने इस आदेश में नौकरशाही के राजनीतिकरण का खतरा छुपा माना है और यह भी कहा है कि यह आदेश, राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही के बीच की विभाजक रेखा को मिटाता है। सैन्य बलों के संदर्भ में इस अतिक्रमण को और भी खतरनाक बताया गया है। इस खास मामले में यह भी याद दिलाया गया है कि यह सब विधानसभा चुनावों के मौजूदा चरण और चंद महीनों में ही होने जा रहे आम चुनावों की पृष्ठभूमि में हो रहा है, और इसलिए यह और भी आपत्तिजनक है। इतना ही नहीं, वास्तव में उक्त आदेश तो, पांच विधानसभाओं के चुनाव के संदर्भ में, आदर्श चुनाव संहिता लागू हो चुके होने के बाद आया है। इस संदर्भ में कुछ वरिष्ठ पूर्व-नौकरशाहों ने चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा है और उससे इस अतिक्रमण को रोकने का भी आग्रह किया है।

स्वाभाविक रूप से मुख्य विपक्षी पार्टी, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने सरकारी नौकरशाही के इस सरासर दुरुपयोग पर आपत्ति की है। कांग्रेस के अखिल भारतीय अध्यक्ष, खडगे ने इस सिलसिले में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विरोध जताया है और नौकरशाही को इस तरह सत्ताधारी पार्टी के प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं किए जाने की मांग की है। लेकिन, प्रधानमंत्री ने खुद तो विपक्ष के नेता के इस पत्र का जवाब नहीं दिया है, जैसा कि मोदी राज के नौ साल में कायदा ही बन चुका है। प्रधानमंत्री को भेजे के गए पत्र का जवाब भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डा और भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख, मालवीय से दिलवाया गया है। यह जवाब, चतुराई से कम और दीदा दिलेरी से ज्यादा, यही दिखाने की कोशिश करता है कि 'पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों को शोकेस, सेलिब्रेट करना' वाकई वैध बल्कि बहुत ही जरूरी सरकारी कार्य है और नौकरशाहों को इस काम में लगाना बिल्कुल उचित है। अगर पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था तो इसलिए कि आम जनता के स्तर तक सरकार की योजनाओं को ले जाने की वैसी कोशिश ही कहां की गई थी, जैसी कोशिश नरेंद्र मोदी के राज में की जा रही है !

वैसे तो सरकार के सामने उठाए गए सवालों का जवाब, सत्ताधारी पार्टी के नेताओं तथा प्रवक्ताओं का देना, खुद ही सरकार और सत्ताधारी पार्टी में विभाजन की रेखा के धुंधला किए जाने का ही साक्ष्य है। बहरहाल, इस जवाब में सत्ताधारी पार्टी ने सवा-चतुराई से और बार-बार दोहराकर, यह दिखाने की कोशिश की है कि जैसे दो महीने से ज्यादा का उक्त 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम, सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए है और इसलिए जनहित में बहुत जरूरी है। इस संदर्भ में उनके बयानों में बार-बार, केंद्र की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ लोगों तक पहुंचाने का दावा किया गया है और इस सिलसिले में बार-बार कुछ बेढंगे तरीके से 'सैचुरेशन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जैसे यह पूरी कवायद गांधी की कल्पना के अनुसार, कतार के आखिरी व्यक्ति तक 'लाभ' पहुंचाने के लिए की जा रही हो ! लेकिन, यह अर्द्ध-सत्य से असत्य तक का सहारा लिए जाने का ही मामला है। वर्ना यह बिल्कुल साफ है कि उक्त कथित संकल्प यात्रा, अपनी पूरी संकल्पना में, जिसमें कथित 'रथों' का उपयोग भी शामिल है, न सिर्फ एक शुद्ध प्रचार कसरत है बल्कि खास संघ-भाजपा मॉडल की प्रचार कसरत है, जो संयोग ही नहीं है कि बहुत हद तक उनका चुनावी प्रचार का मॉडल ही है। इस इकतरफा लेन-देन में आम लोगों के लिए सिर्फ एक ही जगह है—इस प्रचार के श्रोता या दर्शक की।



राजेंद्र शर्मा

> **यह सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रचार का ही मामला होता, तब भी गनीमत थी, हालांकि तब भी इससे जनता को कोई लाभ हासिल नहीं हो रहा होता। नरेंद्र मोदी के राज में जिस तरह से हरेक योजना तथा उसके प्रचार को, नरेंद्र मोदी के ब्रांड के प्रचार के साधन में तब्दील कर दिया गया है, उसे देखते हुए यह योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उनकी उपलब्धियों के दावों के बहाने, प्रधानमंत्री की छवि के प्रचार-प्रसार का मामला जाता है।**

फिर भी यह सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रचार का ही मामला होता, तब भी गनीमत थी, हालांकि तब भी इससे जनता को कोई लाभ हासिल नहीं हो रहा होता। नरेंद्र मोदी के राज में जिस तरह से हरेक योजना तथा उसके प्रचार को, नरेंद्र मोदी के ब्रांड के प्रचार के साधन में तब्दील कर दिया गया है, उसे देखते हुए यह योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उनकी उपलब्धियों के दावों के बहाने, प्रधानमंत्री की छवि के प्रचार-प्रसार का मामला जाता है। सैन्य संस्थाओं में निर्मित हो रहे 'मोदी संग सैल्फी' के पाइंट, इसी का भोंडा प्रदर्शन करते हैं। यानी यह सिर्फ नौ साल की उपलब्धियों के मोदी सरकार के अतिरंजित से लेकर झूठे तक दावों के प्रचार का भी मामला नहीं है। यह तो राजनीतिक प्रचार का और उससे भी बढ़कर एक नेता की छवि के प्रचार का मामला है। जिस एक नेता की छवि का प्रचार किया जाना है, वह चाहे देश का प्रधानमंत्री ही क्यों न हो, हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था, इस काम में सरकार को और सरकारी नौकरशाही को जोते जाने की इजाजत हर्गिज नहीं देती है। इस सिलसिले में 1975 में इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित किए जाने के चर्चित प्रकरण की याद दिलाना काफी होगा, जिसके चलते देश को उन्नीस महीने का इमरजेंसी राज देखना पड़ा था। याद रहे कि इंदिरा गांधी पर, अपने चुनाव प्रचार के लिए, एक सरकारी अधिकारी की मदद लेने का ही आरोप था !

लेकिन, नरेंद्र मोदी के राज में तो मोदी ही छवि बनाना और इससे संबंधित प्रचार ही, सत्ताधारी दल तथा उसके समर्थकों का ही नहीं, सरकारी तंत्र तथा नौकरशाही का भी, सबसे बड़ा पुरुषार्थ बना दिया गया है। ठीक इसी उद्देश्य के लिए आयोजित किए जा रहे 'पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों को शोकेस, सेलिब्रेट' करने के, चुनाव से ऐन पहले दो महीने लंबे 'सरकारी' अभियान के लिए, इस अर्द्धसत्य और असत्य की ओट लेने में, उन्हें तनिक भी झिझक नहीं हुई है कि यह जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए है।

बहरहाल, मोदी की भाजपा को अगर नौ साल बाद भी सरकारी तंत्र के मनमाने इस्तेमाल के लिए इस तरह अर्द्ध-सत्य और झूठ की आड़ लेनी पड़ रही है, तो भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था व संस्थाओं की मौजूदगी के बावजूद, शासन की मनमानी को रोकपाने में उनकी कमजोरी को भी दिखाता है। मोदी राज ने झूठ की आड़ लेकर और चोरी-चोरी, लुक-छिपकर, अपनी तानाशाही को आगे बढ़ाते जाने में इन नौ वर्षों में खास महारत हासिल कर ली है। चुनाव आयोग समेत विभिन्न संस्थाओं को पूरी तरह काबू में किया जाना और उच्च न्यायापालिका की स्वतंत्रता तक का काफी हद तक अपहरण किया जाना, इसी के संकेतक हैं। ऐसे में नौकरशाही का, सत्ताधारी पार्टी के प्रचार और उससे भी बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी के छवि निर्माण में जोता जाना तो मामूली बात है। यह दूसरी बात है कि इतनी नंगई से नौकरशाही का सीधे राजनीतिक इस्तेमाल किए जाने की जरूरत, सत्ताधारी पार्टी की हताशा को तो दिखाती ही है। यूं ही कोई ऐसे बदहवासी के काम नहीं करता, उसके पीछे कुछ तो मजबूरियां होंगी। और सारे आसार इसी के हैं कि आगे-आगे यह हताशा और बढ़ेगी; झूठ और धोखे के सहारे नियम-कायदों के और अतिक्रमण होंगे।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# रावण मर गया !

■ **ज़ाहिद ख़ान**

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक त्यौहार 'विजयादशमी' हर साल पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। दशहरे से पहले कई जगह 'रामलीला' होती हैं। एक दौर था, जब 'रामलीला' सभी के आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थीं। लोगों को इसका साल भर इंतज़ार रहता था। अदाकारी के शौक़ीन 'रामलीला' में अपना पार्ट करने के लिए महीनों तैयारी करते थे। इसके लिए बाक़ायदा चंदा होता और वे इंतज़ाम में जुट जाते। 'रामलीला' की शुरुआत से ही लोग पूरी अक़ीदत से इसे रात—रात भर देखते थे। लेकिन देखते—देखते वक्त बदला, लोगों की दिलचस्पियां भी बदल गईं। नई पीढ़ी में 'रामलीला' का वह पहले जैसा क्रेज नहीं रहा। तथाकथित आधुनिकता की बयार, बाज़ारवाद और ज़िंदगी की जद्दोजहद ने हमारे तमाम त्यौहारों से उनकी रौनक छीन ली। त्यौहार भी औपचारिक होकर रह गए। इन त्यौहारों पर अब पहले जैसा जश्न, साम्प्रदायिक सद्भाव और चेहरे पर कहीं खुशियां देखने को नहीं मिलतीं। साम्प्रदायिक सद्भाव, खुलूस, मुहब्बत, आपसी भाईचारा और हमारे त्यौहारों को भी जैसे ज़माने की नज़र लग गई।

> **मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी मेरे नाना समशेर खां अपने नगर में हर साल दशहरे पर होने वाली 'रामलीला' में रावण का किरदार अदा करते थे। नानी के घर की दीवार पर आज भी रावण के गेटअप में उनकी एक आकर्षक तस्वीर लगी हुई है। इस तस्वीर को देखने से एहसास होता है कि अपने गेटअप और मेकअप के लिए नाना, ख़ासी तैयारी किया करते थे।**

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी मेरे नाना समशेर खां अपने नगर में हर साल दशहरे पर होने वाली 'रामलीला' में रावण का किरदार अदा करते थे। नानी के घर की दीवार पर आज भी रावण के गेटअप में उनकी एक आकर्षक तस्वीर लगी हुई है। इस तस्वीर को देखने से एहसास होता है कि अपने गेटअप और मेकअप के लिए नाना, ख़ासी तैयारी किया करते थे। उस ज़माने में यानी आज से चार—पांच दशक पहले, जब मेकअप और ड्रेसें परम्परागत तौर पर बनाई जाती थीं। सीमित संसाधनों में अत्याधिक प्रभाव पैदा करने के लिए क्या—क्या जुगत भिड़ाना पड़ती होगी? इस तस्वीर को देखने से मालूम चलता है। इस तस्वीर के अलावा दीवार पर एक और तस्वीर लगी हुई है, इस तस्वीर में नाना कंस के गेटअप में बाल कन्हैया को एक हाथ से ऊपर उठाए हुए हैं। टीकमगढ़ की चार दशक से ज़्यादा पुरानी यह 'रामलीला' और 'कृष्णलीला' तो मैंने नहीं देखी। लेकिन बचपन की एक बात, जो मुझे अभी तलक याद है, नाना दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा भी करते थे। पूजा के बाद हम बच्चों को खीलें—बताशे और मिठाईयां मिलतीं। भले ही नाना के इंतिक़ाल के बाद, उनके घर में यह परम्परा ख़त्म हो गई हो। लेकिन इस रिवायत को मेरी मां ने हमारे यहां ज़िंदा रखा। हमारे छोटे से नगर शिवपुरी में भी उन दिनों, दो जगह पर 'रामलीला' खेली जाती थी। मां दोनों ही रामलीला में हम बच्चों को साथ ले जातीं। जिसका हम जी भरकर लुत्फ़ उठाते। ख़ास तौर पर भगवान राम, उनकी वानर सेना और रावण की सेना के बीच चलने वाला युद्ध हम बच्चों को ख़ूब रास आता। उन दिनों रामलीला का ख़ुमार हम बच्चों पर इस क़दर छा जाता कि बांस की पतली डंडियों के छोटे—छोटे धनुष—बाण बनाकर आपस में खेला करते। कुछ बच्चे हनुमानजी की गदा बनाकर, जिसे हम सोठा कहते थे हनुमानजी का अभिनय करते। जिस मोहल्ले में मेरा बचपन गुज़रा, वहां होली—दीवाली—रक्षाबंधन गोया कि हर त्यौहार, मज़हब की तमाम दीवारों से ऊपर उठकर, हम पूरे जोश—ओ—ख़रोश से मनाते थे। आज भी यह परम्परा टूटी नहीं है। बस उन्हें मनाने का अंदाज़ बदल गया है।

'रामलीला' में अदाकारी के जानिब नाना के जुनून, ज़ौक़ और शौक़ की कुछ दिलचस्प बातें, मेरी मां अक्सर बतलाया करती हैं। मसलन नाना 'रामलीला' के लिए घर से ही तैयार होकर जाया करते थे। उन्हें रामायण की तमाम चौपाईयां मुंहज़बानी याद थी। रावण के अलावा 'रामलीला' में वे ज़रूरत के मुताबिक और भी किरदार निभा लिया करते थे। रावण का किरदार उन्होंने अपनी ज़िंदगी के आख़िर तक निभाया। उनकी बीमारी की हालत में भी 'रामलीला' के संयोजकों ने उनसे नाता नहीं तोड़ा। उनकी नाना से गुज़ारिश होती कि वे बस तैयार होकर, रामलीला स्थल पर आ जाएं। बाकी वे संभाल लेंगे। जैसा कि अमूमन होता है, मंच पर आते ही हर कलाकार ज़िंदा हो जाता है। वह अपने किरदार में इस तरह ढल जाता है, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो। ऐसा ही नाना के साथ होता और वे बीमारी की हालत में भी अपना रोल अच्छी तरह से निभा जाते। सबसे दिलचस्प बात, जिसे मेरी मां ने बतलाया, नाना के इंतिक़ाल (निधन) के बाद एक मर्तबा दशहरे के वक्त वह टीकमगढ़ में ही थीं। दशहरा का जुलूस निकला, तो ज़ाहिर है कि वे उसे देखने पहुंची। जुलूस देखा, तो उन्हें काफ़ी निराशा हुई और उन्होंने पास ही खड़ी एक बुजुर्ग महिला से बुंदेली बोली में पूछा, 'काहे अम्मा ऐसा जुलूस निकलत, ईमें रावण तो हैई नईएं?'

बुजुर्ग महिला ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'का बताएं बिन्नू, रावण ही मर गया।'

मां ने हैरानी से पूछा, 'रावण मर गया !'

'हां बेन, रावण मर गया। जो भईय्या रावण का पार्ट करत थे, वे नहीं रहे। वे नहीं रहे, तो रामलीला भी बंद हो गई।'

## पावन प्रसंग

# रावण का चरित्र भी देता है शिक्षा

हर पौराणिक चरित्र भी हमें जिंदगी का कोई सबक दे जाता है। हर किसी की जिद से कुछ-न-कुछ सीखा जा सकता है। पात्र नायक हो या खलनायक उसके जीवन से बहुत कुछ लिया जा सकता है। ऐसी गलतियां जो रावण ने कीं वो हम जीवन में कभी न दोहराएं। रावण ने महापंडित होते हुए भी क्या गलतियां कीं और इससे हम आज के जीवन में कैसे सबक ले सकते है, आइये जानते हैं।

**सूचना तंत्र**-रामायण के मुताबिक रावण ने कभी अपने राज्य में कोई गुप्तचर नहीं रखे। इसलिए महाशक्तिशाली होते हुए भी उसका सूचना तंत्र कमजोर रहा। हम आज जहां हैं, वहां सूचना तंत्र मजबूत होना चाहिए। मैनेजमेंट के इस दौर में बिना सूचना तंत्र काम करना मुश्किल होता है। वैसे तूलसीकृत रामचरित मानस में रावण के गुप्तचर तंत्र में उल्लेख है। सुंदरकांड में विभीषण के पीछे रावण ने अपने गुप्तचर भेजे थे, मगर उन गुप्तचरों की सूचना पर रावण ने हँसी में उड़ा दिया, यदि उसने राम की सैन्य शक्ति संबंधी गुप्तचरों की सूचना पर अमल किया होता, तो रामायण का परिणाम कुछ और भी हो सकता था।

**अभिमान न करें**-रावण की दूसरी कमजोरी यह थी कि वह किसी की सलाह पर ध्यान नहीं देता था। उसे खुद की शक्ति का इतना अभिमान था कि उसने कभी मंत्रियों, परिजनों और अपने मित्रों का कहना नहीं माना। हम इससे सीख सकते हैं कि जीवन में सफलता केवल शक्ति से नहीं मिलती, इसके लिए अच्छे सलाहकारों की भी आवश्यकता होती है।

**संतोष**- रावण को कभी किसी भी बात में संतोष नहीं होता था, तीनों लोकों पर विजय और हजारों पत्नियों के बावजूद भी उसे भोग और बिलास दोनों से संतुष्टि नहीं थी। इसलिए सीता का अपहरण किया। हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार सफलता मिलने के बाद जीवन में उसका आनंद भी लेना चाहिए न कि फिर हम कुछ और हासिल करने में जुट जाएं। जीवन में संतुष्टि का भाव भी होना चाहिए।

**अति विश्वास घातक**-अति आत्मविश्वास कई बार मुसीबत में डाल सकता है। रावण का खुद की शक्ति पर अति विश्वास ही उसके पतन का कारण बना।

**शत्रु को कम न समझें**-रावण बिना किसी की शक्ति का अनुमान लगाए, भिड़ जाता था, इसलिए उसने कई बार हार का सामना ही नहीं किया बल्कि उसे शर्मिंदा भी होना पड़ा। भगवान शिव, बलि, सहस्त्राहार्जुन और राजा बलि से वह बिना शक्ति का अनुमान लगाए युद्ध करने पहुंच गया और हार का सामना करना पड़ा। हम जब भी से प्रतिस्पर्धा करें यह भलीभांति देख लेना चाहिए कि हमारा दुश्मन कितना शक्तिशाली है।

**सही सलाहकार रखें**-हमेशा विपरीत मानसिकता वाले व्यक्ति का अपमान भी नहीं करना चाहिए। अगर आपके साथ कोई आपकी सोच के खिलाफ भी विचार रखने वाला हो तो उसे कभी प्रताड़ित या अपने समूह से निकालना नहीं चाहिए। रावण ने विभीषण को लंका से अपमानित किया यही गलती की थी। अगर वह विभीषण की बातें मान लेता तो शायद उसका इतना बुरा हश्र नहीं होता।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# स्मार्टफोन से बच्चे स्मार्ट से अधिक आक्रामक बन रहे हैं

सूचना क्रांति के इस दौर में पूरी दुनिया ग्लोबल विलेज बन गई है। आज तमाम अद्यतन जानकारी, सूचना, तकनीकी अनुसंधान, पठन-पाठन आदि मानव जीवन के लिए आसान और सर्वसुलभ हो गया है। सबसे ज्यादा शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। अब घर बैठे स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप, कम्प्यूटर आदि को इंटरनेट के जरिए कनेक्ट करके बहुत तीव्रता और शुद्धता के साथ नवीनतम और अद्यतन ज्ञान को प्राप्त करना सुलभ हो गया है। ऐसे में इंटरनेट की सुविधा के सदुपयोग करने वाले विद्यार्थी स्कूली परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर अनुसंधानात्मक तथा तथ्यात्मक प्रक्रिया को अपनाकर नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहे हैं। कोरोना काल में इंटरनेट के जरिए ऑनलाइन शिक्षा की बदौलत ही प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक अलख जगाना सर्वसुलभ व संभव हो सका था। कई बड़ी एजुकेशनल कंपनियां अस्तित्व में आई और आज पूरे देश-विदेश में डिप्लोमा, डिग्री, मास्टर तक की ऑनलाइन संभव हो सकी है। सामान्य शिक्षा के अलावा तकनीकी शिक्षा को भी इंटरनेट के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्थापित करना बेहद फायदेमंद रहा है।

यूएन की एजेंसी इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी की रिपोर्ट की मानें तो पूरी दुनिया में 3.9 अरब लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत में 2007 में सिर्फ 4 प्रतिशत की तुलना में 2022 में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या लगभग 48.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जबकि भारत में इंटरनेट की शुरुआत 15 अगस्त, 1995 को विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा की गई थी। 27 मार्च, 2023 को संसद में शिक्षा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अनुसार भारत के तकरीबन 24 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा है। विद्यार्थी जीवन में सोशल साइट्स- गूगल सर्च इंजन, एआई, यूट्यूब, टेलीग्राम, ट्विटर, जी-मेल, लर्निंग एप्प आदि ज्ञान को अतिशीघ्र पहुंचाने का सशक्त और नि:शुल्क साधन है। जहां विद्यार्थी सकारात्मक सामग्रियों को सर्च कर अपने पाठ्यगामी प्रक्रिया को संपन्न कर सकते हैं। प्राइवेट स्कूल की तरह सरकारी स्कूल में भी ई-लर्निंग एवं डिजिटल सामग्रियों की व्यवस्था हो रही है। ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल बोर्ड लग रही है। स्मार्ट क्लास में दृश्य-श्रव्य सामग्रियों से पाठ्यक्रम को आसान बनाया जा रहा है। गुरुजी, यूट्यूब व लर्निंग एप्प से पढ़ाकर स्मार्ट गुरु बन गए हैं। बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन और टैब होना आम बात हो गई है। कोरोना काल में इन विषय से संबंधित जानकारियों को प्राप्त करना तो सिखाया ही है, साथ ही उन्हें बेवक्त सोशल मीडिया पर घंटों रहने की आदत भी डाल दी है, जो आज बच्चों के लिए मानसिक रोग का कारण बनता जा रहा है। कोरोना के बाद अधिकांश बच्चों की आंखों पर चश्मे लग गए हैं। ऐसे में माता-पिता बच्चों में मोबाइल की लत को लेकर परेशान और चिंतित हैं।

स्कूल में अभिभावक शिक्षक मीटिंग के दौरान अधिकांश अभिभावकों की शिकायत रहती है कि मेरा बच्चा पढ़ाई के बहाने सोशल मीडिया पर अधिक वक्त गुजारता है। जिसकी वजह से उसमें चिड़चिड़ापन, अनिद्रा और आंखों की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में डॉ परमेश्वर प्रसाद कहते हैं कि छोटी उम्र के बच्चों में स्मार्टफोन के अधिक इस्तेमाल से मानसिक रोग तथा ट्यूमर का खतरा अधिक रहता है। आंखों में जलन होना, सूखापन, थकान, अनिद्रा, चेहरे का शुष्क होना आदि आम बात है। स्मार्टफोन चलाते वक्त पलकें कम झपकाने से विजन सिंड्रोम जैसी समस्या पैदा होती है। स्मार्टफोन का दुष्परिणाम है कि बच्चे सामाजिक तौर पर विकसित नहीं हो पा रहे हैं। अन्य बच्चों के साथ सामूहिक गतिविधियां नहीं होने की वजह से उनके व्यक्तित्व का विकास अवरुद्ध हो रहा है। मनोचिकित्सकों का मानना है कि ऐसे बच्चे कार्टून या गेम्स के कैरेक्टर को देखकर हूबहू घर में हरकतें करने लगते हैं। फलस्वरूप उनका बौद्धिक विकास प्रभावित होता है। फोन के चक्कर में खाना-पीना भूलकर घंटों उनका समय गेम्स और वीडियो में लगा रहता है. जिसकी वजह से बच्चों में आक्रामक शैली का विकास अधिक हो रहा है।

**वंदना कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक



करमेता बजरंग नगर की मातारानी महाकाली की प्रतिमा विराजित।



दमोहनाका चेरीताल में विराजी आदिशक्ति की प्रतिमा के दर्शन लाभ लेने भक्तों का मेला लगा रहा।



प्रताप धर्म काटा मार्केट दमोहनाका में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में सिंगवाहिनी मां दुर्गा।




नवीन दुर्गोत्सव समिति गोपाल बाग गोविंद गंज हितकारिणी में मातारानी के मनमोहक प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी।



श्री दुर्गा समिति यादव कॉलोनी में सिंघासन में विराजी आदिशक्ति भवानी माता जी।



टैलीग्राफ गेट नंबर 4 के समीप शहर में सबसे उंची प्रतिमा के दर्शन करने चहुंओर से भक्तजन पहुंच रहे थे और इस दौरान जयमाता के जयकारा गूंजे।



श्री महिमा दुर्गोत्सव समिति आमनपुर में 8 भुजा वाली शक्तिस्वरूप का आशीर्वाद लेने भक्तों का मेला लगा।




यादव कालोनी में चंद्रयान 3 में होते हुये यहां पर दुर्गा माता के दर्शन हेतु पहुंचे, इसे लेकर भक्तों में रोमांच देखने को मिला।

## जगदंबे के दर्शन को उमड़ा जन सैलाब, कई जगह जाम लगा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में नवरात्र पर्व के दौरान अनेक स्थानों पर भक्तों के भारी भीड़ उमड़ थी। नौवमी की रात शाम ढलते ही सड़कों पर श्रद्धालु दर्शन के लिये निकलने लगे थे। जगह-जगह भक्तों के लिये विशाल भंडारे के आयोजित किये गये थे।

इसमें तरह-तरह के व्यंजन परोसे जा रहे थे, जिसे माता रानी के प्रसाद के रूप में भक्त ग्रहण कर रहे थे। गोराबाजार के साथ ही सदर, गोरखपुर, कोतवाली, सुनरहाई, आधारताल, गढ़ा, रांझी इत्यादि में जैसे भक्तों का जन सैलाब सड़कों पर उमड़ गया था। इस बीच सभी तरह के वाहन और पैदल भक्तजन अपने परिवार के साथ दुर्गा पंडालों में दर्शन कर रहे थे। वहीं कुछ जगह जाम की स्थिति भी बन गई थी, जिसके कारण बड़े वाहन चालक और दूसरे लोग फंस गये, हालांकि आयोजन समिति के सदस्यों और पुलिस के माध्यम से जाम को खुलवाने के प्रयास किये गये थे। दशहरा की पूर्व संध्या को पूरी रात देवी भक्तों ने माता के दर्शन किये।

## यात्रियों ने मैहर मेले में रेलवे की व्यवस्था को सराहा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश ने मैहर मेला शुरू होने के पूर्व वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा को निर्देशित किया था कि इस एतिहासिक पर्व पर मेले में व्यवस्थाऐं अच्छी तरह से की जाएं। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने लगभग 16 जोड़ी यात्री एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव स्वीकृत किया गया था। इसी क्रम में साफ सफाई व्यवस्था पानी एवं यात्रियों को ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था भी शुरू की गई है। वाणिज्य विभाग ने मैहर में अनारक्षित टिकट बिक्री के लिये नियमित तौर पर तीन अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था के साथ ही साथ लगभग आधा दर्जन काउंटर से यात्रियों को टिकट उपलब्ध करायी जा रही है। 3 प्लेटफॉम में पानी की व्यवस्था के लिये 4 वेंडिंग मशीन स्थापित की गई हैं। रेलवे अधिकारियों की पहल पर स्थानीय प्रशासन द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के साथ ही साथ सर्कुलेटिंग एरिया में दो निजी कंपनियों एवं एक नगरपालिका मैहर द्वारा अतिरिक्त टेंट का प्रबंध किया गया है।

### व्यवस्था को लेकर क्या कहते हैं यात्री

शहडोल निवासी डॉ. आरके पांडे, जबलपुर के प्रकाश चौरसिया प्रभात तिवारी, कटनी के दीपक सोनी, श्रीमती संध्या कुशवाहा, रामस्वरूप साहू, एन.के.सोनी, रत्नेश दुबे, विनोद पीड़िहा, संतोष श्रीवास्तव, रोहिणी व्यास, एस.के. अग्रवाल ने बताया कि मैहर मेले में पूर्व की तुलना में इस वर्ष रेलवे ने अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध करायी हें। यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिये रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, टिकट निरीक्षकों का दल चप्पे-चप्पे पर तैनात है। पूजा जायसवाल ने बताया कि उनकी 4 वर्षीय नातिन पीछे छूट गई थी तुरंत टिकट निरीक्षक दल ने उसको पास लेकर उद्घोषणा करायी और उसको परिवार के सदस्यों को सौंपा। सभी श्रृद्धालुओं ने रेलवे व्यवस्था की प्रशंसा की है। प्लेटफॉर्म में अधिक भीड़ न बढ़े उसकों भी ध्यान में रखा जा रहा है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि दमोह के पास बांधकपुर कुंडलपुर आदि तीर्थ स्थानों पर जब भी मेला का आयोजन किया जाता है उस समय भी रेलवे द्वारा व्यवस्थाएं सुचारू ढंग से की जाती है। मंडल रेलव प्रबंधक विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार आनंद कुमार व्यवस्थाओं को लेकर सत्त् निगरानी रख रहें हैं। इसके अलावा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, नितेश सोने, आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मियों को जारी कर निरंतर संपर्क करते हैं।

## हिन्दू राष्ट्रीय एकता संगठन: रंगारंग गरबा महोत्सव का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू राष्ट्रीय एकता संगठन के तत्वाधान में गढ़ा गंगानगर स्थित मातेशवरी मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर में मां भगवति की आराधना में गरवा कार्यक्रम आयोजित किए गया।

मां भगवती से राष्ट्र की सुख सम्रदध्धि कि कामना की लगभग 150 महिलाओ बच्चों ने हिस्सा लिया अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांतकोषाध्यक्ष श्रीमति मंजू वैश्य का खास योगदान रहा।

## नर्मदा नर्सरी द्वारा गरबा प्रतियोगिता का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा नर्सरी संस्था द्वारा माहेश्वरी विद्या निकेतन, लक्ष्मीपुर स्थित स्कूल प्रांगण में शाम 6 बजे गरबा प्रतियोगिता का शुभारंभ चित्रा देवी माहेश्वरी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में छात्र, छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें अनेकता में एकता की झलक दिखाई दी, गरबा में बेस्ट ड्रेस, बेस्ट गरबा आदि के लिए पुरस्कार वितरण विशिष्ट अतिथि नवनीत माहेश्वरी द्वारा दिया गया, प्रतियोगिता का आयोजन सुनिती माहेश्वरी के मार्गदर्शन में समस्त शालेय परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ।


## महापौर जगत ने दी शहर के नागरिकों और अधिकारियों, कर्मचारियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएँ



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने शहर के समस्त नागरिकों और अधिकारियों, कर्मचारियों को असत्य पर सत्य की जीत दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दी और सभी के जीवन में खुशहाली आए तथा जीवन प्रकाशमय हो की माता भगवती से कामना की।

## कलेक्टर-एसपी ने जुलूस मार्ग और विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने आज सोमवार की शाम तीन पत्ती चौराहे से हनुमानताल तक दशहरा चल समारोह मार्ग का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला, अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी संजय अरोरा भी उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जुलूस मार्ग की साफ-सफाई, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



चल समारोह मार्ग के निरीक्षण के बाद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हनुमानताल स्थित विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण किया तथा यहाँ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विसर्जन स्थल पर गोताखोरों तथा एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की तैनाती के निर्देश भी दिये। साथ ही प्रमुख विसर्जन स्थलों पर कंट्रोल रूम स्थापित करने कहा। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने भटौली स्थित विसर्जन कुंड का पहुँचकर यहाँ भी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

### विधानसभा चुनाव

## निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के दूसरे दिन छह अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की सूचना के प्रकाशन के दूसरे दिन सोमवार को छह अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं । इनमें विधानसभा क्षेत्र बरगी से संजय यादव ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर ने भारतीय जनता पार्टी एवं लखन लाल ने इंडियन नेशनल कांग्रेस , विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर से विनय कुमार सक्सेना ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से, विधानसभा क्षेत्र पनागर से सुशील कुमार तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के तथा विधानसभा क्षेत्र सिहोरा से एकता ठाकुर ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन पत्र के एक-एक सेट दाखिल किये हैं । विधानसभा क्षेत्र पाटन, जबलपुर केंट एवं विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम से आज भी किसी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है । दशहरा का सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से मंगलवार 24 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

### दशहरा के अवकाश की वजह से मंगलवार को नहीं लिये जायेंगे नामांकन पत्र

## सभी बैंक केश ट्रांजेक्शन की डेली रिपोर्ट प्रस्तुत करें

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्व3तंत्र, निष्पयक्ष व पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिये आज नियुक्त व्य य प्रेक्षकों द्वारा एयरपोर्ट, रेलवे, बैंक, आबकारी और केन्द्र तथा राज्य वस्तुकर सेवा के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यय नियंत्रण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक की अध्यकक्षता व्य य प्रेक्षक श्री राजेश कोठारी ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे और एयरपोर्ट के पास टीम सक्रिय रहें और जिस प्रकार एयरपोर्ट में सामग्री की स्क्रीनिंग की जाती है, वैसे ही रेलवे में करने की व्यवस्था करें ताकि अवैध सामग्रियों की आवाजाही पर निगरानी की जा सके। इसके साथ-साथ पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, ज्वेलर्स व शराब व्यवसाय से जुड़े लोगों आदि के पास से जहां केश का फ्लो ज्यादा रहता है अत- वहां राशि के ट्रांजेक्शन को देखें। सभी बैंक केश ट्रांजेक्शन की डेली रिपोर्ट प्रस्तुत करें साथ ही एसटीआर और सीटीआर भी देखें। उन्होंने कहा कि जो एकांउट सामाजिक सुविधाओं के विस्तार के लिये हैं जैसे जन-धन एकांउट, उन खातों में यदि अचानक राशि आ रही है तो उसकी निगरानी भी करें। एयरपोर्ट के पास रेंडम चेकिंग के लिये टीम लगाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि शराब के ट्रांसपोर्ट पर निगरानी रखने के साथ हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और चेक करें। जहां-कहीं भी सीजर की कार्यवाही हो तत्काल इसकी जानकारी नोडल अधिकारी और व्यय प्रेक्षकों को दी जाये। व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि व्यकय निगरानी टीम पूरी सतर्कता के साथ कार्य करे, जिससे स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में बाधा न पहुंचे। अभ्ययर्थी निर्वाचन के दौरान अपने बैंक खाता खोलेगा। अत- बैंकर्स उसके आय, व्युय पर नजर रखें। ताकि राशि ट्रांजेक्शीन पर नियंत्रण रहे। बैंक सेक्टेर इस दिशा में आवश्य क कार्यवाही भी करें। प्रेक्षकों ने कहा कि उन्हें विधानसभावार रिपोर्ट भेजनी है। अत- इलेक्शेन कमीशन को जो भी डेटा भेजा जा रहा है, उसमें मिसमेच न हो।


22 वीं पुण्यतिथि

जन्म
3 अक्टूबर 1931



मृत्यु
26 अक्टूबर 2001

स्व. श्री भवानी प्रसाद साहू

चले गए वे अपने घर से, पर वे मन से दूर नहीं हैं।
चले गए वे इस जीवन से, लेकिन लगते दूर नहीं हैं।
उन्हें याद करने पर अपने, कंधे हाथ रखे पाऐंगे।
अपने आस-पास रहने का, वे आभास दिए जाऐंगे।

**शोकाकुल - श्रीमती गौरा बाई साहू (पत्नि)**
पुत्र-पुत्रवधु- अशोक -शालिनी साहू, सुनील - रीना साहू,
संजय - प्रीति साहू, सतीश - नम्रता साहू,
पौत्र-पौत्री- अंकिता, आकाश, सिद्धार्थ, सान्या, सार्थक, समृद्धि
भाई- शिवप्रसाद साहू, स्व. भगवानदास साहू
पुत्री-दामाद : शीला - सतीश दिनकर , नीला - सुरेन्द्र साहू
**प्रतिष्ठान- साहू न्यूज एजेंसी**
भवानी प्लाजा, अभिनंदन वेज रेस्टोरेंट, 314 सतना बिल्डिंग जबलपुर (म.प्र.)

## संस्कारधानी का मुख्य चल समारोह आजः तीन पत्ती ननिज चौक से निकलेगा दशहरा जुलूस

### श्रद्धालु नौ देवियों की उपासना के बाद आज देंगे विदाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** आज मंगलवार को विजय दशमीं को नगर का मुख्य चल समारोह तीन पत्ती नगर निगम चौक से आरंभ होकर हनुमानताल में समापन होगा। दशहरा चल समारोह में श्री गोविंदगंज रामलीला मुख्य चल समारोह की शुरूआत में राम-रावण युद्ध सहित अनेक धार्मिक झांकियां मुख्य चल समारोह का मुख्य आकर्षण रहेंगी।

शारदेय नवरात्रि में श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शारदेय नवरात्रि में कई श्रद्धालुओं ने नौ दिनों का व्रत रखकर माता आदिशक्ति की उपासना की। नगर और ग्रामीण अचंलों में शक्तिपीठों और कई घरों में श्रद्धालुओं ने घट स्थापना कर माता रानी की आराधना की।

इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री की विधिवत पूजा करने का विधान है। नवरात्रि के नौ दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के पश्चात दुर्गा समितियों ने हवन पूजन के बाद कन्यापूजन कर कन्याभोज कराया।

**कई जगह निकली जवारा शोभायात्रा-** नारी की शक्ति का पूजा-अर्चना महापर्व शारदेय नवरात्रि के आरंभ में बैठकी के दिन ग्रामीण अचंलों और नगर की शक्ति पीठों सहित कई श्रद्धालुओं ने घरों में घट स्थापना की गई थी। नवरात्रि के नौवें दिन नवमीं को हवन-पूजन के श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली और भंडारा कराकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**कन्यापूजन के बाद कराया कन्याभोज-**शारदेय नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात नवमीं तिथि को श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन के बाद कन्यापूजन कर कन्याभोज कराया, और इन नौ दिनों में हुई भूल के लिए आदिशक्ति से क्षमा याचना की।

**नवमीं की रात श्रद्धालुओं ने किया सड़कों पर रतजगा-**नगर और ग्रामीण अंचलों में दुर्गा पंडालों में विराजी मातारानी के दर्शन की शुरूआत सप्तमी से हो गई थी। लेकिन श्रद्धालु नवमीं तिथि की रात्रि भर सड़कों पर घूमें और शहर में अनेक जगह चल रहे भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, तो वहीं नगर की सड़कों और चौराहों पर लगे विभिन्न स्टॉलों पर जाकर लोगों ने अपनी मनपंसद चीजों का लुत्फ उठाया। श्रद्धालुओं के रात भर शहर में घूमने से कई बार लोगों को चौराहों पर जाम का सामना करना पड़ा।

## बुराई के प्रतीक रावण के 60 फीट पुतला का दहन

### पंजाबी दशहरा में आतिशबाजी से सराबोर हुआ गौरीघाट

**जबलपुर, देशबन्धु।** असत्य पर सत्य की जीत के महापर्व दशहरा की पूरे देश में धूम है। इसी कड़ी में दशहरा मुख्य चल समारोह के एक दिन पहले गौरीघाट स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में एतिहासिक पंजाबी दशहरा बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पंजाबी दशहरा में 60 फुट का विशालकाय रावण और कुंभकरण का दहन किया गया।

दहन के दौरान आसमान में शानदार रंगीन आतिशबाजी के नजारे से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर पंजाबी वेशभूषा में आकर्षक नृत्य और अतंर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस बार भी इस ऐतिहासिक दशहरा ने सनातन धर्म संस्कृति के अनूठे रंग बिखेरे। सामाजिक बुराइयों का संदेश देते विशालकाय रावण, मेघनाथ और कुम्भकर्ण के पुतले खड़े थे। प्रतीकात्मक स्वरुप भगवान श्रीराम ने जैसे ही तीर छोड़ा महज 14 सेकंड में अहंकारी रावण धूं-धूंकर जल उठा।

**कुछ ही क्षणों में जलकर खाक हुआ अहंकारी रावण-**देश सहित नगर और ग्रामीण अंचलों नवरात्रि महापर्व की धूम मची है। पंजाबी दशहरे के बाद आज दशहरा मुख्य चल समारोह को लेकर भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु बड़े उत्साहित है, वहीं कई ग्रामीण अंचलों से शहर में दुर्गा प्रतिमाओं और दशहरा को देखने के लिए श्रद्धालु पहले से ही नगर में आए हुए।

**एक से बढ़कर एक रहे आतिशबाजी के नजारें-** विशालकाय रावण के साथ आतिशबाजी भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। प्रसिद्ध शिवाकाशी और अन्य आतिशबाजों ने एक से बढ़कर एक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। अनोखे आतिशबाजी के आइटम की प्रस्तुतियां देख लोग हैरान रह गए।

इस बार हाई स्पीड 440, किंग आफ किंग, सिजनिंग सालसा. पोओ गोल्ड, स्काई स्क्रेपर्स ब्लू बरियर्स, टाइटेनियम ट्री कलर फलसन, वर्ल्ड बंडर जब चलाए गए तो जमीन से लेकर आसमान रंग बिरंगी रोशनी से नहा गया।

**अतंर्राष्ट्रीय श्याम बैंड ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां** -शहर के महशूर अतंर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के कलाकारों की टीम ने जो प्रस्तुति दी, उसने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। बैंड की धुनों पर दुलदुल घोड़ी का नृत्य हो या फिर अन्य प्रस्तुति कलाकार हर तरफ थिरकते नजर आए। जिसका लोगों ने जमकर लुत्फ़ उठाया। पंजाबी वेशभूषा में नृत्य की लाजबाब प्रस्तुतियों ने भी जमकर समां बाँधा।

## वर्चुअल वर्ल्ड में आज छाएगा संस्कारधानी के दशहरा का रंग

### शहर की समितियों द्वारा बनाए गए इंस्टाग्राम पेज पर लाइव दिख रहीं मूर्ति

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरभर में नौ दिनों तक नवरात्रि की धूम सिर्फ सड़कों पर ही नहीं, बल्कि सोशल वर्ल्ड पर भी नजर आई। अब लोगों को दशहरा का रंग भी सोशल मीडिया पर नजर आएगा। इस साल इंस्टाग्राम और फेसबुक की रील्स में संस्कारधानी की नवरात्रि छाई रही। इसके लिए जहां शहर की विभिन्न समितियों द्वारा लाइव दर्शन के लिए इंस्टाग्राम पेज बनाए गए हैं, जहां हर रोज लोगों को मूर्ति के लाइव दर्शन के साथ-साथ अब दशहरा और विसर्जन भी देखने को मिलेगा।



अब ट्रैफिक जाम की भी जानकारी मिलेगी-

इंस्टाग्राम पर एक्टिव अलग-अलग पेजेस के जरिए लोगों को लाइव होने के कारण जगह-जगह लगने वाले ट्रैफिक एलर्ट की जानकारी भी मिल रही है। वहीं किस समिति और क्षेत्र में क्या खास भंडारा करवाया जा रहा है इस बात की अपडेट भी लोगों को इंस्टाग्राम के जरिए मिल रही है।

लोगों को मिल रही लोकेशन-

इस साल वर्चुअल वर्ल्ड पर नवरात्रि के पहले दिन से ही अलग-अलग मूर्तियों और उनकी लोकेशन की अपडेट लोगों को मिल रही है। दशहरा में ज्यादातर मूर्तियों को देखने के लिए लोग रील्स और वीडियोज के जरिए ही पहुंचने हैं।

देश-विदेश के व्यूवर्स

संस्कारधानी का दशहरा इतना खास है कि सिर्फ शहर की नहीं, बल्कि देश और विदेश तक में इसकी धमक है। विदेश में रहने वाले लोग भी इस साल रील्स के जरिए जबलपुर की मूर्तियां देख रहे है, और आज दशहरा देखेंगे।



## नृत्यांजलि कथक केन्द्र : तोड़े-टुकड़े में दिखा शक्ति का रूप

**जबलपुर, देशबन्धु।** फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन में बच्चों ने मां आदिशक्ति का रूप दिखाया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का रंग दिखा, वहीं धुनुची नृत्य की प्रतियोगिता में कलाकारों ने प्रतिभा दिखाई। नृत्यांजलि कथक केन्द्र द्वारा तिलहरी टाउनशिप में नमो दुर्गे थीम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आकांक्षा सोनकर, हर्षिता सक्सेना, तेजस्विनी सिंह, अमृता तिवारी, प्रिया जैन, संचिता साहू ने कथक उठान, थाट पर जय-जय जग जगनी..., तोड़े टुकड़े और तिहाइयों में दुर्गा के 9 रूपों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। नृत्य निर्देशन डॉ. शैली धोपे का रहा। इस मौके पर डॉ. तारा त्रिपाठी, संचालन रीना शुक्ल, आकर्ष श्रीवास्तव, प्रीति पेंडसे मौजूद रहीं।

## उड़ान सामाजिक संस्था में बॉलीवुड गरबा गीतों पर हुई थिरकन

**जबलपुर, देशबन्धु।** गरबा का उत्साह प्रतिभागियों में नजर आया। खूबसूरत पोशाक और आकर्षक आभूषण पहनकर प्रतिभागियों ने गरबा कॉम्पीटिशन में हिस्सा लिया। सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनने के लिए कोई राधा और कृष्ण के किरदार में नजर आया, तो वहीं कोई मां दुर्गा के रूप में दिखाई दिया। उड़ान सामाजिक संस्था के तत्वावधान में गरबा महोत्सव की धूम रही। कार्यक्रम में माया तिवारी, भावना तिवारी, सुषमा शाही, रेनू चतुर्वेदी मौजूद रहीं। महोत्सव में बेस्ट ड्रेस नीलम वर्मा, अंशु नेमा, सपना चतुर्वेदी, मेघा रैकवार, वैष्णवी सराफ, पूजा यादव, अपेक्षा समाधिया, साक्षी मिश्रा, पिंकी अहिरवार विनर रहे।



## हथियार और तोप में दिखी सेना की ताकत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मिलिट्री स्टेशन के तत्वावधान में गैरिसन ग्राउंड एमबी एरिया, जैकआरआरसी द्वारा वैपन डिसप्ले किया गया। शहर में पहली बार शस्त्र पूजन के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए हथियारों का प्रदर्शन किया गया। युवाओं ने जहां भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित हथियारों को देखा, वहीं उपयोग से जुड़ी जानकारी भी जुटाई। कार्यक्रम में सेना ने अपने नवीनतम हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन किया।



**राइफल्स और मशीन गन-**प्रदर्शित हथियारों में राइफल्स, मशीन गन, ग्रेनेड, तोप और अन्य दमदार उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम में एमबी एरिया के जीओसी, लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास ने कहा कि अक्सर आम नागरिक सैन्य पराक्रम और किस्सों से जुड़ना चाहते हैं। शस्त्र पूजन और प्रदर्शनी के दौरान लोगों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिला।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की दशमी। नक्षत्र-घनिष्ठा**

### मेष
आज का दिन आप सामाजिक कामों और मित्रों के साथ दौड़ धूप में व्यतीत करेंगे। आपके मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे।

### वृषभ
नौकरी व्यवसाय की जगह पदोन्नति का मिलेगा। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा।

### मिथुन
दोस्तों से आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा।

**क. 880-566**

### कर्क
आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी।

### सिंह
आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

### कन्या
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

### तुला
आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। उनकी प्रगति होगी।

### वृश्चिक
आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

### धनु
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

### मकर
न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। सदस्यों में मनमुटाव न हो।

### कुंभ
शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

### मीन
लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी।

**मा. 147-660**

4,9,6,1,12,09,99,19,60,38,50,65

## दशहरा दर्शनार्थियों को मिलेगा शंकराचार्य जी का आशीर्वाद

### गोविंदगंज रामलीला समिति के जुलूस में शामिल होंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश-दुनिया में विख्यात शहर के दशहरा चल समारोह में इस बार ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी शामिल होंगे।

रथ में सवार शंकराचार्य जी भक्तों एवं दर्शनार्थियों को आशीर्वाद देंगे। तदाशय की जानकारी गोविंद गंज रामलीला समिति के संरक्षक एवं महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने शंकराचार्य जी से मुलाकात के बाद मीडिया को दी।

**धूम धाम से निकलेगा चल समारोह-** रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा शंकराचार्य जी का पूजन-अर्चन किया जाएगा। ये शहर वासियों का सौभाग्य है कि उन्हें दशहरा जुलूस में शंकराचार्य जी के दर्शन लाभ होंगे। ज्योतिष एवं शारदा पीठाधीश्वर ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती तीन बार रामलीला के राज्याभिषेक महोत्सव में आए हैं। श्री तिवारी ने बताया कि रामलीला का जुलूस दोपहर तीन बजे रामलीला मैदान से प्रारंभ होगा। जुलूस दमोह नाला, बालदेवबाग, रानीताल होते हुए तीन पत्ती पहुंच मुख्य चल समारोह का नेतृत्व करेगा। जुलूस में धार्मिक, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक महत्व की ढाई दर्जन झांकियां शामिल होंगी।



**कुंभकरण की मटकी रही चर्चा में-** श्री तिवारी ने बताया कि दशहरा के एक दिन पूर्व नवमी के दिन रामलीला में कुंभकरण मेघनाद वध की लीला हुई, जिसमें अपार जनमेदनी उमड़ी। रामलीला में कुंभकरण बने अमरनाथ रिछारिया का अभिनय सराहनीय रहा। उनके द्वारा मंच पर मटकी फोड़ने का दृश्य जीवंत था। कुंभकरण वध के बाद मेघनाथ बने प्रवीण तिवारी ने भी खूब तालियां बटोरी।

## गढ़ा और सदर रामलीला में लक्ष्मण शक्ति के बाद मेघनाथ कुंभकरण वध का मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर मेघनाथ ने शेषनाग अवतार लक्ष्मण पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गये और राम सेना में हाहाकार मच गया। हनुमान जी सुखेन वैद्य को लेने लंका गए सुकन वैद्य ने हनुमान को संजीवनी बुटी द्रोणागिरी पर्वत से लाने कहा इस पर हनुमान जी द्रोणागिरी पर्वत गए तथा वहां से द्रोणागिरी पर्वत को ही उठा कर ले आए । उस संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हो गई। राम सेना और दर्शकों में खुशी छा गई। इसके उपरांत कुंभकरण को नींद से जगाने रावण द्वारा ढोल नगाड़ों का सहारा लिया गया नींद से जागते ही कुंभकरण युद्ध में गए मारे गए। इसके उपरांत मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध की रोचक लीला मंच पर हुई इसे देखकर दर्शक आनंदित हुए। इस युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध किया। विगत 20 वर्षों से लगातार रामेश्वर पूजन के दिन मंच की पूजन सामग्री की व्यवस्था कर रहे तोड़र सिंह पवार को समिति की ओर से विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। लीला दर्शन करने आए अनिल विनीता कोरी, विष्णु पटेल, प्रवेश खेड़ा, के.के.शुक्ला, राकेश तिवारी का समिति के अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी, राकेश पाठक, हरीश मनोध्याय, शरद दुबे कुररिया, लोकराम कोरी, भोलाराम खत्री, राजेश नेमा, अशोक मनोध्याय, राजेश मिश्रा, मोती शिवहरे, उमाशंकर मिश्रा, व्यास माधव दुबे, राकेश मिश्रा, अशोक बघेल दादा भाई, डा.नीना भूपेन्द्र उपाध्याय, इंदुलता प्यासी, सुदामा दुबे, राजा पांडे, जगत सिंह, अनीता मिश्रा, जितेन्द्र सोनी, कैलाश नेमा, ओमप्रकाश पगारे, के.सी पस्तारिया, देवेन्द्र मनोध्याय, शैलेन्द्र गोटिया, सिद्धार्थ शुक्ला, विजय नेमा, पंकज अवस्थी, मदन चौरसिया, पंचम सोनी, सहित समिति के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मलित हुए। विजयादशमी चल समारोह बुधवार को श्री रामलीला समिति गढ़ा गौतम मढ़िया से विजयदशमी चल समारोह निकाला जायेगा।



**धनुष यज्ञ रामलीला में लक्ष्मण शक्ति के हुआ मेघनाथ और कुंभकरण का वध-** सदर स्थित धनुष में रामलीला में इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी धनंजय बाजपेई डॉक्टर शंकर पांडे संतोष तिवारी संदीप चौकसे मनोहर अग्निहोत्री नरेश तिवारी शिवदत्त चौबे दिनेश शुक्ला संजय शुक्ला मोहित अग्निहोत्री सतीश पाठक आशीष पाठक विजय ठाकुर रजनीकांत अवस्थी रवि महावर प्रकाश पंडित प्रकाश सोनी राहुल रजक अमरचंद बावरिया शरद शर्मा निशांत शर्मा लखन ठाकुर अरूण तिवारी आकाश नायडू प्रमोद तिवारी आदेश दीक्षित शिव शंकर मिश्रा अभय नायडू प्रकाश चंद गुप्ता दुर्गा प्रसाद रजक संजय राय सेवक रैकवार पापा यादव दीपक तिवारी महेश कटारे आदि उपस्थित रहे।

**घमापुर रामलीला में कुम्भकरण वध का लीला हुआ मंचन-**जबलपुर, देशबन्धु। श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला घमापुर में लक्ष्मण शक्ति कुम्भकरण बध की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष डा.शिव मणी मिश्रा, महामंत्री पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड.बलराज सोनकर, एड. श्याम चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विष्णु दीक्षित. पं. बाबूलाल भारद्वाज, मोहनलाल विश्वकर्मा, महेंद्र शुक्ला, सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज मेघनाद वध अहिरावण वध एवं राम रावण युद्ध की लीला का मंचन किया जाएगा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती मणी दुबे-** सिहोरा निवासी श्री सुरेंद्र दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती मणी दुबे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्वर्णलता भाटिया-** नेपियर टाउन शास्त्री ब्रिज के निकट निवासी श्री गुलजारी लाल भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती स्वर्णलता भाटिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धनराज यादव-** अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी श्री धनराज यादव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजीत कुमार वाल्मीक-** सिंधी गुरूद्वारा के पास लालमाटी निवासी श्री ओम प्रकाश वाल्मीक के पुत्र श्री रंजीत कुमार वाल्मीक (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश झारिया-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री सुरेश झारिया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदू लाल सोंधिया-** अंचल नगर छुई खदान निवासी श्री चंदू लाल सोंधिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल गोंड़-** ललपुर नई बस्ती ग्वारीघाट निवासी श्री मुन्ना लाल गोंड़ (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमवती अवस्थी-** कांचघर समदड़िया नगर निवासी श्री उमाशंकर अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती अवस्थी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. श्रीमती पुष्पा सेठ-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद सेठ की धर्मपत्नी डॉ. श्रीमती पुष्पा सेठ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राघवेंद प्रसाद गौतम-** सिद्धबाबा कैलाश नगर स्कूल के पास निवासी श्री राघवेंद्र प्रसाद गौतम (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार झारिया-** तीस बैरक पूर्व शीला टाकीज पुल नं. 2 के पास निवासी श्री राजकुमार झारिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय खरे-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री अजय खरे (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

# दशहरे में चोरों की चांदी, दो घरों के चटकाये ताले

## नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर किये पार, दोनों मामले में पुलिस कर रही जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में दशहरे का माहौल के बीच चोरों की चांदी हो गई है। बेखौफ सूने घरों के ताले तोड़कर घर में घुस रहे हैं और नगदी और जेवर पार कर रहे हैं। इसी कड़ी गोरखपुर और माढोताल क्षेत्र में चोरों ने सूने घरों को अपना निशाना बनाया व नगदी व जेवर पार कर दिये।

जानकारी के अनुसार गोरखपुर थाना में बीती रात मोहित चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कजरवारा बिलहरी गोराबजार वर्तमान पता सोफी के मकान में ककरैया तलैया गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मां ने एक जोड़ी सोने की झुमकी और मंगलसूत्र घर की आलमारी में रखे थे व उसके साथ 19 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे अस्पताल चली गई थी। मां बेटा बीती शाम लगभग 5 बजे वापस लौटे, तो देखा कि कमरे के अंदर रखी आलमारी से सामान गायब था। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।


**माढोताल में भी चोरी–**

इसी प्रकार माढ़ोताल थाना में रविवार को प्रथम शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी शारदा नगर करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के आगे उसके जीजा रूपेश उपाध्याय का मकान है 14-9-23 की उसके जीजा अपने परिवार के साथ



नोयडा गये थे घर की देखरेख के लिये उसे कह गये थे। वह जीजा के घर जाकर दरवाजा खोलकर शाम को लाईट चालू कर देता था एवं सुबह जाकर लाईट बंद कर देता था। 21 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे से 22 अक्टूबर की दोपहर लगभग 1 बजे के बीच में कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर के अंदर आलमारी में रखे सोने की एक अंगूठी, झुमकी, चांदी की 2 जोडी पायल संतान सांते की चूड़ी एवं नगदी 15 हजार रूपये चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस क्षेत्रवासियों से बातचीत कर रही है। तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी पकड़े जायेंगे।

# जिला बदर का आरोपी पुलिस को घर में मिला



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में दशहरा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। आदतन अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को बाबा टोला क्षेत्र में पकड़ा है। जानकारी के अनुसार हनुमानताल थाना अंतर्गत दीपक चौधरी पिता सरमन चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी बाबाटोला काली मंदिर के पास हनुमानताल का एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है। जिला दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा दीपक चौधरी को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर, कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिये जिलाबदर किया गया था। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी दीपक चौधरी अपने घर पर है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश देते हुये दीपक को दबोच लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# पुराने विवाद पर दो पक्ष भिड़े, युवक को मार दी ब्लेड

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत यादव मोहल्ला में 5 साल पूर्व हुये विवाद के चलते दो पक्षों में फिर विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष ने दूसरे को बुरी तरह पीटा। जानकारी के अनुसार गोरखपुर थाना में 22 अक्टूबर की रात रानू विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी यादव मोहल्ला रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग 5 वर्ष पूर्व बबलू ठाकुर ने उसके घुसलखाने के बगल से कॉलम खड़े किये थे, तब शौचालय में लगी



सीट फूट गयी थी। 22 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे उसने बबलू ठाकुर से सीट बदलने को कहा तो उसने मकान मालिक के कहने पर सीट लगाने की बात कही। तभी पप्पू यादव आया और बबलू ठाकुर से सीट बदलने के लिये कहा, उसी समय बबलू ठाकुर का लड़का रूपेश उसके साथ गालीगलौज करने लगा एवं सीट बदलवाने से मना कर दिया। अचानक रूपेश ने ब्लेड से हमलाकर उसे दाहिने हाथ की कोहनी में चोट पहुंचा दी। उसकी बेटी के साथ मारपीट की, तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# दो महिलाओं को टक्कर मारकर बाइक सवार भागा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली थाना में बीती रात लगभग सोनू खान उम्र 30 वर्ष निवासी पम्प हाउस मक्का नगर हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को वह अपनी पत्नी मुस्कान और अपनी बुआ की बेटी साजिदा के साथ रिश्तेदारी में मझौली आया था। शाम लगभग 7 बजे जबलपुर जाने के लिये मस्जिद के पास रोड किनारे बस का इंतजार कर रहा था।

उसकी पत्नी मुस्कान एवं बहन साजिदा, मझौली निवासी मंजूर खान रोड किनारे खड़े थे तभी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 9212 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आया और रोड़ किनारे खड़ी उसकी पत्नी मुस्कान एवं बहन साजिदा को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गिर गयी। मुस्कान के पैर एवं साजिदा के हाथ में चोट आयी है। मोटर सायकिल का चालक सिहोरा रोड की तरफ भाग गया। उसने दोनों घायलों को उपचार के लिये जबलपुर रवाना कर रिपोर्ट करने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दशहरा मुख्य चल समारोह आज, यातायात व्यवस्था तय

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार शहर का दशहरा मुख्य चल समारोह आज 24 अक्टूबर को निकाला जायेगा। जिसके लिये पुलिस प्रशासन ने सुगम यातायात/डायवर्सन/पार्किंग के लिये यातायात व्यवस्था शाम 5 बजे से निम्नानुसार रहेगी।

**मुख्य जुलूस मार्ग**– कार्पोरेशन चौक (तीन पत्ती चौक) से प्रारम्भ होकर, मढ़ोताल तिराहा, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज थाना तिराहा, घमण्डी चौक, बडा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, थाना कोतवाली, राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज, घोड़ा नक्काश, हनुमानताल, विसर्जन घाट तक रहेगा। जुलूस मार्ग के सभी प्रवेश मार्गो पर यातायात का बल लगाया गया है। जिससे सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश मुख्य चल समारोह के दौरान प्रतिबंधित रहेगा।

**डायसर्वन प्वाइंट**– छोटी लाईन फाटक, ब्लूम चौक, सेंट नावर्ट तिराहा, पुराना बस स्टेण्ड तिराहा, भाटिया टायर, एमपीएसआरटी क्रासिंग, रज्जू मिस्त्री क्रॉसिंग, जनता चौक, नौदरा, प्रभुवंदना टाकीज, दुबे लॉज क्रॉसिंग, मयूर लॉज क्रॉसिंग, डॉ. जामदार तिराहा, श्रीनाथ की तलैया, दत्त मंदिर, कछियाना चौक, नार्मल स्कूल क्रॉसिंग, तुलाराम चौक, शंकर घी भण्डार, पुराना फूलमण्डी, मछरहाई क्रासिंग, बडे महावीर, भार्गव चौक, विजय कटपीस, जैन मंदिर, खटीक मोहल्ला, दीक्षितपुरा कन्या शाला, फूटाताल क्रॉसिंग, तमरहाई अंदर क्रॉसिंग, गुडहाई अन्दर क्रॉसिंग, छोटा फुहारा, दमोहनाका, मछली मार्केट, गोहलपुर तिराहा, बखरी तिराहा, दीनानाथ क्रासिंग, दुर्गा चौक, बकरा मार्केट, भानतलैया। उपरोक्त सभी डायवर्सन स्थानों से किसी भी प्रकार के वाहन चल समारोह के दौरान जुलूस के मुख्य मार्ग पर प्रवेश नहीं कर पायेंगे। छोटी लाईन फाटक की ओर से कोई भी बड़े व मध्यम वाहन ब्लूम चौक की ओर न आकर बंदरिया तिराहा / कपूर क्रासिंग / मेडिकल की ओर जा सकेंगे। मुख्य चल समारोह की तैयारी के दौरान ब्लूम चौक से तीन पत्ती की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। तीनपत्ती चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, बडा फुहारा, सराफा चौक, मिलौनीगंज चौक, घोड़ा नक्कास, हनुमानताल तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिये जुलूस निकलते समय प्रतिबंधित रहेगा। हाईकोर्ट, कलेक्ट्रेट कार्यालय से गढ़ा, मदनमहल की ओर जाने वाला ट्राफिक पुल नम्बर 04 ,गोरखपुर होकर जा सकेगा।

समस्त प्रकार के भारी वाहन देर रात्रि तक नो एन्ट्री पाइन्ट पाटन, कटंगी, अमखेरा, अंधमुख, बरगी हिल्स, सगड़ा, एकता मार्केट, महाराजपुर, खमरिया बायपास, से जब तक शहर मे भीड़ रहेगी, प्रतिबधित रहेगें। अतिआवश्यक सेवा से जुड़े वाहन जैसे फायरब्रिगेड, एम्बुलेंस, आदि प्रतिबधिंत नहीं रहेगें।

**पार्किंग व्यवस्था:**– श्रद्वालुओं के वाहनों हेतु पार्किंग स्थल निम्नानुसार निर्धारित किये गये है। 1. एमएलबी खेल मैदान, 2. श्रीनाथ की तलैया, 3. गोलबाजार 4. तिलक भूमि तलैया।

# ट्रिब्यूनल और कोर्ट में ही दे सकते है जांच कमेटी की रिपोर्ट को चुनौती




## कार्यस्थल में यौन शोषण मामले में विभाग नही कर सकता अपील की सुनवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि कार्यस्थल में महिलाओं से यौन उत्पीड़न मामले में अपील की सुनवाई विभागीय स्तर पर नहीं हो सकती है। जांच कमेटी की रिपोर्ट को सिर्फ ट्रिब्यूनल या कोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। जस्टिस सुजय पॉल की एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ अपील में पारित किये गये आदेश को निरस्त कर दिया।

दरअसल यह मामला पुलिस विभाग में पदस्थ मुकेश खम्परिया की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि अगस्त 2016 से मार्च 2017 तक वे नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा थाने में एसएचओं के पद पर पदस्थ थे। उनके अधीनस्थ कार्यरत महिला एसआई ने उनके खिलाफ कार्यस्थल में यौन शोषण का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। एक्ट में दिये गये प्रावधानों के तहत जांच के लिए कमेटी गठित की गयी।

कमेटी ने उनके पक्ष में रिपोर्ट पेश की, जिसके खिलाफ महिला एसआई ने पुलिस मुख्यालय में अभ्यावेदन दिया। पुलिस मुख्यालय ने जून 2018 में एडीजीपी को जांच के निर्देश दिये। याचिका में कहा गया कि एक्ट के तहत घटना के तीन माह के अंदर शिकायत करना आवश्यक है। उनके खिलाफ शिकायत मार्च 2017 में की गई और घटना की तारीख अक्टूबर 2016 बताई गई। जबकि नियमानुसार जांच कमेटी की रिपोर्ट को सिर्फ ट्रिब्यूनल तथा कोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। महिला एसआई उनके अधीनस्थ कार्यरत थी और कार्य में लापरवाही करती थी। उन्होंने महिला एसआई को चेतवानी देते हुए कार्यवाही की अनुशंसा की थी। जिसके कारण उनके खिलाफ महिला एसआई ने आरोप लगाये थे। एकलपीठ ने महिला एसआई की अपील पर विभागीय स्तर में की गई जांच को निरस्त करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

## शहर के दो पूर्व पुलिस अधीक्षकों को हाईकोर्ट का नोटिस

### राजनीतिक दवाब में एफआईआर करने का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर जिले के दो तत्कालीन पुलिस अधीक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले में आरोप है कि राजनीतिक दवाब में आवेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जिस पर जस्टिस विवेक अग्रवाल ने पूर्व एसपी अमित सिंह व सिद्धार्थ बहुगुणा को नोटिस जारी किये है।

यह मामला जबलपुर निवासी अधिवक्ता अंकित श्रीवास्तव की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनके परिवार को कृषि भूमि रजिस्टर्ड इलेक्ट्रानिक पंजीकृत वसीयत के जरिये प्राप्त हुई थी। लेकिन पुलिस ने वसीयत को कागजी बताकर झूठी एफआईआर दर्ज कर ली। यही नहीं कृषि भूमि हड़पने का आरोप लगाते हुए 77 वर्षीय बुर्जुग पिता अरुण श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उस समय प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी। इसीलिए कांग्रेस नेता अनिमेश सिन्हा के दबाव में यह कार्रवाई की गई। याचिकाकर्ता की ओर से पुलिस को समझाने की कोशिश की गई। लेकिन पूर्वाग्रह से ग्रस्त पुलिस ने एक नहीं सुनी। जिस कारण शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के साथ उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को अपूर्णीय क्षति पहुंची। इसीलिए पुलिस के अधिकारियों पर मनमानी कार्रवाई का आरोप लगाते हुए यह याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## पशुओं के लिये भूमि आरक्षित कराने को लेकर याचिका दायर

### हाईकोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत ढिमरवा में पशुओं के लिये भूमि आरक्षित किये जाने व वन विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की राहत चाहते हुए जनहित याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित याचिका छतरपुर जिले के ढिमरवा ग्राम के निवासी बहादुर प्रसाद लोधी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि गांव के पशुओं के लिये कुछ भूमि आरक्षति किये जाने को लेकर एक प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया था। इसके साथ ही वन विभाग की भूमि में वृक्षों को काटकर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा किये जाने के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। जिसमें मांग की गई कि पशुओं के लिए भूमि संरक्षित घोषित की जाए और वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए। मामले में सचिव राजस्व विभाग, सचिव वन विभाग, कलेक्टर छतरपुर, एसडीएम, तहसीलदार व ग्राम पंचायत सचिव सहित जिला वन मंडल अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज चतुर्वेदी ने पक्ष रखा।

## जवाब न देने पर दस हजार का जुर्माना

### हाईकोर्ट का सख्त रुख

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक शासकीय कर्मी के मामले में पिछले छह साल से जवाब न दिये जाने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में आफीसर इंचार्ज (ओआईसी) पर दस हजार रुपये का जुर्माना (कॉस्ट) लगाया है। न्यायालय ने उक्त राशि हाईकोर्ट विधिक सेवा प्राधिकरण के कोष में जमा करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 9 नवंबर को निर्धारित की है।

यह मामला सतना निवासी चंद्रेश मिश्रा की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि वह तृतीय वर्ग संविदा शाला शिक्षक के पद पर कार्यरत था। उसका चयन पटवारी परीक्षा में हो गया। इसलिए विभागीय अनुमति लेकर प्रशिक्षण की प्रक्रिया में भाग लिया। इसके बाद सेवा में संलग्न हो गया। इसके बावजूद छह माह का वेतन काट लिया गया। 2017 में हाईकोर्ट ने इस मामले में नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था, लेकिन संबंधित विभाग ने छह साल बाद भी जवाब पेश नहीं किया। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने ओआईसी पर दस हजार रुपये की कॉस्ट लगाते हुए जवाब के लिये अंतिम अवसर दिया है।

# जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल ट्रेन दो-दो ट्रिप के लिए निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम रेल, मुंबई मंडल के खाररोड़-गोरेगांव रेल खण्ड के बीच गोरेगांव, राम मंदिर, अंधेरी, विले पार्ले एवं सांता क्रूज स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के चलते मेगा ब्लॉक लिए जाने के कारण परमे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली



जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल ट्रेन को दो-दो ट्रिप के लिए निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 27 अक्टूबर एवं 3 नवंबर को तथा गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 28 अक्टूबर एवं 4 नवंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# स्कूटी सवार को मोटर सायकिल चालक ने टक्कर मारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना में रविवार दोपहर लगभग 3-30 बजे प्रकाश लालपुरी उम्र 38 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नगर निगम की गाड़ी चलाता है। उसकी बेटी को कुत्ता काट दिया था, वह इंजेक्शन लगवाने सिविल अस्पताल अपनी पत्नी, बेटे वंश के साथ बेटी को लेकर गया था तथा इंजेक्शन लगवाकर अपने परिवार सहित घर वापस अपनी स्कूटी से जा रहा था। दोपहर लगभग 1-30 बजे मस्ताना




चौक के पास मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड जी 5609 का चालक ने उसकी गाड़ी में सामने से टक्कर मार दिया। जिससे उसके बेटे वंश को बायें पैर में चोट आयी तथा उसकी स्कूटी छतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 25 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिये गठित स्टेंडिंग कमेटी की बैठक बुधवार 25 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को ईव्हीएम स्ट्रांगरूम एवं मतगणना की व्यवस्थाओं के सबन्ध में जानकारी दी जायेगी ।

# केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम का उल्लंघन करने पर जप्त होगे ऑपरेटर के उपकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क के जरिये किये जाने वाले विज्ञापनों के प्रसारण के संबंध में जारी निर्देशानुसार केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम 1995 तथा इसके उपबंधों के अनुसार निर्धारित विज्ञापन संहिता के अनुरूप न पाये जाने वाले विज्ञापनों का प्रसारण केबल सेवा के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसका उल्लंघन पाया जाता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा केबल ऑपरेटर के उपकरण को जप्त किया जा सकता है। राजनैतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों द्वारा अधिप्रमाणित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण ही केबल नेटवर्क के माध्यम से किया जा सकता है। केबल ऑपरेटर्स द्वारा संचालित लोकल न्यूज चैनल्स पर पेड न्यूज की निगरानी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र के मतदान अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए घर वापसी के लिए निःशुल्क बस व्यवस्था की जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि विधान सभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिये चुनाव संबधी सभी सामग्री का वितरण एवं चुनाव समाप्ती पश्चात सामग्री जमा, कृषि विश्वविद्यालय सुहागी में की जाएगी। चूंकि कृषि विश्वविद्यालय शहर से लगभग 10 किला मीटर की दूरी पर स्थित है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 30 से 35 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसे में चुनाव सामग्री जमा करने के पश्चात मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रात्री में उनके निवास तक पहुंचने में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। खास कर महिला कर्मचारियों को क्योंकि चुनाव पश्चात वापसी में रात का समय रहता है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारियों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अतः चुनाव आयोग के द्वारा मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घर पहुंचने के लिये निःशुल्क बस व्यवस्था की जाना चाहिए संगठन यह मांग करता है। संघ ने आगे बताया कि चुनाव सम्पन्न कराने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों जैसे कुंडम, मझौली, बरगी, बरेला, शहपुरा, पाटन ,कटंगी,सिहोरा जैसी जगहों से 30 से 35 किलो मीटर दूर से कर्मचारी आते हैं ऐसे में चुनाव समाप्ती पश्चात कर्मचारियों को जिस ग्रामीण क्षेत्रों से कर्मचारी आए हैं उन्हें उसी क्षेत्र में पहुंचने के लिए निःषुल्क बस व्यवस्था की जाए। संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, दिनेष गौंड़ इत्यादि ने कर्मचारियों के लिये निःशुल्क बस व्यवस्था की मांग ही है।

# प्रत्याशी ने स्टार प्रचारक के साथ यात्रा की तो आधा खर्च निर्वाचन व्यय में जुड़ेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के मामले में बेहद सतर्क रहना होगा। निर्वाचन व्यय पर आयोग और विभिन्न टीमों की लगातार निगरानी रहेगी। उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार संबंधी हर गतिविधियां वीडियोग्राफी के जरिए कैमरे में दर्ज होगी। इसी कड़ी में चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा, रैली, सभाओं पर भी विशेष निगाह रखी जायेगी। यदि उम्मीदवार स्टार प्रचारक के साथ यात्रा करता है तो पचास प्रतिशत यात्रा खर्च प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जायेगा। यदि उम्मीदवार स्टार प्रचारक के साथ पंडाल सभा करता है और सभा में अपने नाम के साथ उसका फोटो या पोस्टर प्रदर्शित करते हैं तो सभा का खर्च भी प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जायेगा। स्टार प्रचारक के साथ यात्रा खर्च में उन्हीं को छूट मिलेगी, जो परिचारक, सुरक्षा एवं चिकित्सा कर्मी, प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया का कोई प्रतिनिधि, कोई व्यक्ति या दल का सदस्य जो चुनाव क्षेत्र का प्रत्याशी तथा प्रत्याशी के चुनाव अभियान में सम्मिलित नहीं है।

# बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर से निकली जवारों की कलश शोभायात्रा, देवी मां के पंडों ने खेले भाव

## बुढ़ानसागर तालाब में हुआ जवारों का विसर्जन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्राम व क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर गांधीग्राम में भक्ति एवं आस्था का धार्मिक पर्व नवमी नवरात्र जवारे शोभायात्रा भक्ति व उल्लास के साथ मनाया गया।रात्रि 7 बजे से 8बजे तक देवी मां की पूजन भक्ति,आरती, जिवारे निकलने का क्रम चलता रहा जिसमें ग्राम के प्रसिद्ध नौ देवी मंदिर जिसमें प्राचीन काल की नव दुर्गा के नौ विविध स्वरूपों की पाषाण प्रतिमाएं विराजमान हैं में नवमी को बड़ी मढ़िया मन्दिर समिति व ग्रामवासियों की उपस्थिति में मनाया गया। सबसे पहले बड़ी मढिया के पुजारी निखिल तिवारी, समिति के उमेश असाटी, शुभांशु असाटी,दिनेश असाटी, सोहनलाल,मोहनलाल ने मातारानी की महाआरती की।आरती गायन में बड़ी मढ़ीया समिति के नवयुवको द्वारा पौराणिक मनीष त्रिपाठी वा प्रकाश मिश्रा ने कराई।

जानकारी के अनुसार सबसे पहले नौ देवी मंदिर क्रमशः राम जानकी मंदिर मां दुर्गा स्थल की जवारों का जुलूस पहुंचा इसके पश्चात भैरव घर दुर्गा मंदिर के जवारों का जुलूस पहुंचा।समस्त दुर्गा मंदिरों के जवारे का एकत्रीकरण होने के पश्चात यहां उपस्थित पुजारी पंडित निखिल तिवारी ,सुभाष मिश्रा,सुरेंद्र चौबे व देवी के पंडों ने नौ देवी मंदिर ने मां की महा आरती की। मां की महाआरती ग्राम के पंडा सोहनलाल असाटी ने की।





पंडों और दिव्यांग पंड़ा ने खेले भाव-इसके पश्चात देवी भक्तों के गीत गायन के साथ मंदिर परिसर में आई विभिन्न पंडों को भाव आए। दिवयांग पंडा नरेश असाटी जो कि दोनो पैरो से दिवयांग ने देवी मां की मढ़ीया के सामने भाव खेले जिसे देखकर लोग मां दुर्गा शक्ति की को बार बार नमन करते रहे।पंडों में विजय चौरसिया ने कीलयुक्त पादुकाओं मैं चलकर व हाथ में बाना लिए हुए जुलूस के साथ भ्रमण किया।इसके पश्चात हरित जवारों के लगभग 400 कलश मंदिर से अपने सिरों पर शिरोधार्य कर कतारबद्ध क्रम में महिला, पुरुषों ने मंदिर से शोभायात्रा के रूप में निकली।

सभी जवारे कलशों का बरा वाली मढ़िया के पास एकत्रिकरण हुआ। यहां पर बड़ी संख्या में देवी भक्तों ने व भजन मंडली ने देवी भजनों का गायन किया। बड़ी संख्या में उक्त स्थल पर व घरों की छत पर से भक्तों ने महिला पुरुष ने जवारों के दर्शन किए। इसी स्थान देवी मंदिरों के केवल समिति भक्तों ने देवी भक्तों के भजन का गायन जिवारे निकलते समय किया। जिससे पूरा माहौल मां की भक्ति और आस्था में डूब गया। यहां पर जवारों को शोभा यात्रा के रुप में ले जाते हुए बुढ़ानसागर ले जाया गया।बुढ़ान सागर तालाब के विसर्जन कुंड में जवारों का विसर्जन किया गया। कुछ ज्वारों को खोटकर उसे भक्तों ने देवी मंदिर में चढ़ाया। इस अवसर पर सोहनलाल असाटी,मोहनलाल असाटी, रामरतन चौरसिया, जगदीश असाटी, रोहणी असाटी, हरिप्रसाद चौरसिया, रवि चौरसिया, मोहन चौरसिया, सरपंच राधा चौरसिया, जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी, नरबद चौरसिया, विजय चौरसिया, भूपत चौरसिया,रवि चौरसिया, दीना असाटी, उमेश असाटी, प्रकाश मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, योगेन्द्र मिश्रा, कमलेश असाटी, उमेश शुक्ला, मुकेश चौरसिया, संजय चौरसिया, भगत चौरसिया, रामरतन चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया सहित उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### माता के जवारों का किया विसर्जन



**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर पालीवाल निवास पर शारदेनवरात्रि पर मां दुर्गा की स्थापना के साथ घट स्थापना के साथ जवारे की पूजन अर्चन किया गया, जहां नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं भजन कीर्तन माता की उपासना रूप में की गई है, जिनके जवारे का विसर्जन कल नवमी पर रामसागर जलाशय पर किया गया। जहां प्रकाश पालीवाल अनिल पालीवाल जितेंद्र पालीवाल नितिन पालीवाल अमित एवं सुमित पालीवाल आरती वंदना की।

### बिना अनुमति के हो रहा था लकड़ी का अवैध परिवहन

#### पिकप वाहन में लोड लकड़ी सहित आरोपी को उड़नदस्ता ने पकड़ा,सिहोरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़रिया से लक्ष्मण छाल के पेड़ के पांच लट्ठे जब्त

**सिहोरा, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र सिहोरा के ग्राम पड़रिया में वन विभाग के गश्ती दल ने बिना टीपी के लकड़ी का अवैध परिवहन करते लोडिंग वाहन पकड़ा। लोडिंग वाहन में आयुर्वेदिक प्रजाति के पेड़ लक्ष्मण छाल (कौहा) के पांच लट्ठे लदे थे। वन विभाग के गश्ती अमले ने लकड़ी से लदे लोडिंग वाहन को जप्त कर अवैध लकड़ी परिवहन का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वहां को डिपो में खड़ा करवा दिया गया है। परिक्षेत्र अधिकारी सिहोरा एवं गश्ती दल



प्रभारी इंद्र कुमार बड़गैंयां ने बताया कि मैं अतरिया सर्किल के अंतर्गत आने वाले घुघरा-पड़रिया मार्ग पर वनरक्षक रामचरण रजक एवं स्टाफ के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान पीले रंग का लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 8593 गुजरा। गश्ती दल ने वहां उसे रोककर पूंछतांछ की इस दौरान लोडिंग वाहन लक्ष्मण छाल(कौहा) प्रजाति के लकड़ी के पांच लट्ठे लदे थे। वाहन चालक से संबंधित लकड़ी के परिवहन की टीपी (ट्रांजिट पास) दिखाने को कहा लेकिन चालक के पास ट्रांजिट पास नहीं था। गश्ती दल ने बिना टीपी के अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले वाहन को जप्त करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

**राजस्व एवं निजी भूमि से काटी जा रही थी लकड़ी**-पूछताछ के दौरान वहां के चालक लक्ष्मी पटेल निवासी पनागर ने बताया कि लकड़ी राजस्व एवं निजी भूमि के वृक्षों की कटाई कर बिना टीपी अवैध परिवहन कर रहा था। मालूम रहेगी राजस्व एवं निजी भूमि पर लगे वृक्षों को काटने के लिए विभाग की अनुमति लेना जरूरी है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही लकड़ी की अवैध कटाई**-वन विभाग में भले ही एक लोडिंग वाहन को लकड़ी का अवैध परिवहन करते पकड़ा हो लेकिन वन परिक्षेत्र सिहोरा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व, वन विभाग एवं निजी भूमि में लगे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई हो रही है। पेड़ों की कटाई होने के बाद शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्र से लकड़ी ट्रैक्टर में लोड कर सिहोरा-खितौला के लकड़ी के टालों में पहुंच जाती है।

## सीएम राइज स्कूल सिहोरा के बच्चों का राज्य स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहोरा के बच्चों ने संभाग स्तर पर चयनित होकर राज्य स्तरीय खेल 2023 में पहुँचकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया ।संभाग स्तर पर लंबी दौड़ 6 किलोमीटर में अमित गाड़ी कक्षा 12वीं के छात्र ने प्रथम स्थान पूजा गड़ारी कक्षा दसवीं ने 4 किलोमीटर लंबी दौड़ में चतुर्थ एवं 3000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार मांडवी यादव कक्षा ग्यारहवीं जूनियर वर्ग में तवा फेंक में द्वितीय स्थान शिवानी पटेल कक्षा ग्यारहवीं सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया



इसी प्रकार हरिराम लोधी 12वीं ने 500 मीटर में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया ।इन छात्रों ने संभाग स्तर पर चयनित होकर राज्य स्तर पर अपने कदम रखे ।राज्य स्तरीय खेल में चयनित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन देने वाले सभी छात्रों को संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री अशोक कुमार उपाध्याय और उपप्राचार्य श्री शैलेंद्र मिश्रा के द्वारा बच्चों को फूलमाला पहनाकर मेडल और प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर उनका सम्मान किया गया और खेल शिक्षक श्री अशोक राय जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से इन बच्चों ने विद्यालय का गौरव बनाया उनका भी सम्मान प्राचार्यमहोदय के द्वारा किया गया। बच्चों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ईश्वर से कामना की गई और उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से इन बच्चों को नगद राशि प्रदान की गई ।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और सभी कक्षा के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे सभी ने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मां सिद्धिदात्री का किया पूजन

### अस्था के साथ मनाई गई महानवमी, दशहरा आज

**गोसलपुर, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि कल सोमवार को धूमधाम से मनाई गई महानवमी को मां सिद्धि रात्रि की पूजा की गई माना जाता है जो भी भक्त पूरे श्रद्धा भाव के साथ देवी दुर्गा के इस रूप की उपासना करते हैं उन्हें सारी सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं नवमी पर कल अंतिम दिन दुर्गा पंडालून में देर रात्रि तक माता के विभिन्न रूपों को निहारने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई हर दुर्गा पंडाल पर भारी संख्या में भक्ति जमा थे नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव ग्राम पंचायत प्रांगण व्यापारी संघ झंडा चौक नव जागृति गुड़ी चौक सार्वजनिक शंकर कॉलोनी आदर्श दुर्गोत्सव कछपुरा ग्राम पंचायत कछपुरा जागृति दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर की प्रतिमाओं में भारी भीड़ जम रहे इसी क्रम में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव ग्राम पंचायत जुझार नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति आसमानी माता मंदिर जुझारी में दुर्गा उत्सव की धूमधाम रही जहां दुर्गा पंडालून में व्यापक रूप से सजावट की गई थी रामलीला में कल लंका दहन का मंचन किया गया। गोसलपुर का दशहरा आज नवरात्रि की 9 दिनों तक रही चहल पहल के बाद आज दसवीं पर दशहरा चल समारोह आयोजित किया गया है इसमें नगर के सभी दुर्गा प्रतिमाएं शामिल होंगी जिनका विसर्जन श्री राम सागर जलाशय तथा हिरन नदी में किया जाएगा पुलिस प्रशासन द्वारा दशहरा पर्व पर माकूल व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं वही विसर्जन स्थल रामसागर जलाशय तट पर ग्राम पंचायत द्वारा विद्युत एवं विसर्जन की पर्याप्त तैयारी की गई है ।

## शारदा मंदिर बरेला के जवारों की निकली विसर्जन शोभायात्रा



**बरेला, देशबन्धु।** शारदा मंदिर बरेला में नवरात्रि की अष्टमी पर हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज नवमी के दिन जवारे विसर्जन का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पंडित आशीष कुमार शुक्ला ,अभय शुक्ला वस्थापक शारदा मंदिर बरेला ने पुलिस विभाग के एडिशनल एसपी सैंडी सर को डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय एवं अशोक दुबे को जूनियर इंजीनियर एमपीवी सिंह को व्यवस्थापक द्वारा एवं प्रसन्न उपाध्याय द्वारा अरविंद तिवारी परिवार के द्वारा सबको हृदय से धन्यवाद दिया।

## ग्रामीण अंचल में आज मनाया जाएगा दशहरा

### जवारों की शोभायात्रा में भक्तों का लगा तांता

**पाटन देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर पंडा के जवारे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नगर एवं ग्रामीण इलाकों में निकाले गए। जवारों के जालूस में नगर एवं ग्रामीण भक्त बड़ी संख्या में शामिल रहे। पूजा अर्चना के बाद जवारों को पवित्र सरोवर नाग तालाब में विसर्जन किए गए। वही निकाय एवं पाटन जनपद क्षेत्र में विराजमान माता रानी की प्रतिमा को आज दशहरा के दिन दुर्गा समितियों के द्वारा बड़े ही विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हवन किया गया। जगह जगह भंडारे के आयोजन भी समितियों के द्वारा किए जा रहे है। दशहरा पर्व के दिन भक्तो के द्वारा माता रानी को विदाई देकर नर्मदा नदी और हिरण नदी में आज दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।



**नवरात्र पर्व पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था**-नवरात्रि पर्व को लेकर जहां पूरा पाटन नगर एवं ग्रामीण अंचल जगत जननी माँ जगदंबा की भक्ति में लीन हैं वही चारों ओर से आनें जाने वाले भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। वही थाना प्रभारी नवल आर्य भी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे है।

## विभीषण का घर छोड़ हनुमानजी ने लंका जलाई

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति मानस भवन गाँधीग्राम के तत्वावधान में आदर्श रामलीला मंडल चित्रकूट के रामलीला कलाकारों द्वारा सोमवार की रामलीला की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें सीता की खोज,श्री राम हनुमान मित्रता, बाली वध, लंका दहन की लीला का मंचन किया गया।

लंका दहन की लीला में राम की महिमा सुनकर रावण क्रोधित होकर कहता है कि जिस पूंछ के बल पर यह बैठा है, उसकी इस पूंछ में आग लगा दी जाए। पूंछ को जलते हुए देखकर हनुमानजी तुरंत ही बहुत छोटे रूप में हो गए। बंधन से निकलकर वे सोने की अटारियों पर जा चढ़े। फिर उन्होंने अपना विशालकाय रूप धारण किया और अट्टहास करते हुए रावण के महल को जलाने लगे। लंकावासी भयभीत हो गए। लंका जलने लगी और लंकावासी भयाक्रांत हो गए।

हनुमानजी ने एक ही क्षण में सारा नगर जला डाला। एक विभीषण का घर नहीं जलाया। सारी लंका जलाने के बाद वे समुद्र में कूद पड़े।पूंछ



बुझाकर फिर छोटा-सा रूप धारण कर हनुमानजी श्री जानकी जी के सामने हाथ जोड़कर जा खड़े हुए और उन्होंने उनकी चूड़ामणि निशानी ली और समुद्र लांघकर वे इस पार आए और उन्होंने वानरों को किलकिला हर्षध्वनि सुनाया।

भगवान श्रीराम लक्ष्मण, हनुमान जी की आरती सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राम जानकी मंदिर के संरक्षक प्रताप सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, रेवाशंकर असाटी, गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी, चमन असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया, लक्ष्मण काछी ,भागचंद साहू, उमेश असाटी, हरिशंकरतिवारी, गोरीशंकर, मंहगू, चौरसिया, अजय गौतम, बंटू मिश्रा, मनोहर तिवारी आदि सभी पदाधिकारी ने की।

## अनूपपुर में चार हाथियों का समूह दो भागों में बंटकर मचा रहा उत्पात

अनूपपुर, देशबन्धु। जिले में कई माह से हाथियों का आगमन निरंतर जारी हैं। पिछले कुछ दिनों पूर्व पांच हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ राज्य से तीसरी बार प्रवेश किया रहा जो 25 सितंबर की रात से दो भागों में बट कर दो एवं तीन की संख्या में अलग-अलग जिले के अनूपपुर, अहिरगवा, राजेंद्रगाम, अमरकंटक, कोतमा, जैतहरी के साथ शहडोल जिले के बुढार छग के जीपीएम जिले के गौरेला, मरवाही तथा मनेद्रगढ़ रेंज के भौता बीट मे विचरण कर रहे हैं। रविवार



की रात दो हाथियों का समूह कोतमा रेंज के टांकी बीट अंतर्गत टांकी गांव से कन्हार,पडरी एवं आसपास के टोली मोहल्ला में ग्रामीणों के द्वारा खेतों में लगाई गई धान को अपना आहार बनाते हुए सोमवार की सुबह टांकी बीट के कक्ष क्रमांक आर,एफ,486 से लगे मनेद्रगढ़ रेंज के बॉर्डर होता बीट में जाकर विश्राम कर रहे हैं जो सोमवार की रात किस ओर रुख करेगा यह देश शाम एवं रात होने पर पता चल सकेगा वही दो नर हाथी रविवार के दिन जैतहरी रेंज की धनगवां बीट के जंगल में पूरे दिन विश्राम करने बाद देर रात रोहिलाकछार,क्योटार मैं बीच बस्ती से विचरण करते हुए महुदा से छकड़ियां में भुतही तालाब में नहा कर सोमवार की सुबह अनूपपुर रेंज केसोनमौहरी में वन विभाग के वृक्षारोपण कक्ष क्रमांक आर,एफ,351 में पहुंचकर दिन में विश्राम करने बाद देर शाम सोनमौहरी गांव के जंगल एवं राजस्व क्षेत्र में ग्रामीणों के खेत मे लगे धान की फसल को आहार बनाते हुए देर शाम तक जंगल के किनारे विचरण कर रहे हैं जिनके देर रात को किसी और रुख होगा यह रात होने पर ही पता चल सकेगा,जिले का वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हाथियों के विचरण पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की अपील की है।

## श्रीलंका की नौसेना ने चार अरब की हेराइन जब्त की

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने चार अरब श्रीलंकाई रुपए (1.23 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की 200 किलोग्राम हेरोइन के साथ एक बहुद्देश्यीय मछली पकड़ने वाली नौका को जब्त किया है। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान खुफिया इकाई और पुलिस द्वारा श्रीलंका के दक्षिण में डोंड्रा के पास समुद्र में चलाया गया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना के अनुसार श्रीलंका पुलिस का नारकोटिक्स ब्यूरो इस मामले की जांच करेगा।

### कनाडा में फिर तिरंगे का अपमान

# भारतीय दूतावास पर खालिस्तानियों की फिर से नारेबाजी



**वैंकूवर।** कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार की मेहरबानियों की वजह से खालिस्तान समर्थक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और वहां भारत विरोधी गतिविधियों को लगातार अंजाम देने में लगे हुए हैं। ताजा घटनाक्रम में वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक आतंकवादी समूह एसएफजे ने भारत विरोधी नारेबाजी की है।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब भारत सरकार राजनयिकों और राजनयिक भवनों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर रही है ताकि वीजा सेवाओं को फिर से शुरू किया जा सके। सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के लोग एक हाथ में खालिस्तान का झंडा और दूसरे हाथ में कनाडा का झंडा लिए हुए हैं। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि खालिस्तान समर्थक भारतीय तिरंगे का अपमान करते हुए उस पर जूते पहनकर खड़े हैं। यह पहली बार नहीं है, जब कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने इस तरह की हरकत की हो। इससे पहले पिछले महीने 25 सितंबर को भी खालिस्तान समर्थकों और आतंकी संगठन एसएफजे से जुड़े लोगों ने भारतीय दूतावास के बाहर भारक विरोधी नारेबाजी की थी और तिरंगे का अपमान किया था। इस बार फिर उन लोगों ने ऐसी ही हिमाकत की है।

भारत और कनाडा के बीच रिश्ते तनावपूर्ण दौर में गुजर रहे हैं। बावजूद इसके इस तरह की हरकतें जारी हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले ही महीने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंसी की संलिप्तता के आरोप लगाए थे, जिस का भारत ने कड़ा विरोध किया था। पिछले महीने जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में कहा था कि ब्रिटिश कोलंबिया के एक गुरुद्वारे में मारे गए निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं लेकिन आज तक कनाडा कोई सबूत नहीं दे सका है। इस आरोप के बाद कनाडा ने भारतीय राजनयिकों को टोरंटो से निष्कासित कर दिया था। इसके जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी नई दिल्ली से कनाडा के राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। तब से दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य नहीं हो सके हैं।

## आज का इतिहास

1577–चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया।

1579–जेसुइट पादरी एस जे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे, वह पुर्तग़ाली नौका से गोवा पहुंचे।

1605–मुग़ल शासक जहाँगीर ने आगरा में गद्दी संभाली।

1915–हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता जीवन का जन्म।

1921–सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण का जन्म।

1945–द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के एक महीने बाद ही विश्व में शांति कायम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की स्थापना की गई।

1946–रॉकेट द्वारा पहली बार धरती का अंतरिक्ष से चित्र लिया गया।

1947–जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तानी कबाइलियों ने हमला किया।

1948–बर्नार्ड बारूक ने सीनेट युद्ध की जांच समिति के समक्ष एक भाषण में पहली बार 'शीत युद्ध' शब्द का इस्तेमाल किया।

1974–जानेमाने भारतीय राजनीतिज्ञ एवं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में से एक अनुराग ठाकुर का जन्म।

## सुडोकू 6356

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | 3 | 1 | 8 | | | 7 | | |
| 5 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | | | 8 | 9 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 2 | 9 | | | 6 | | |
| | | | | 7 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 4 | 3 | 2 | |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## ना भूलो, ना माफ करो, 7 अक्टूबर के हमलावरों के लिए इजरायल की स्पेशल फोर्स

इजरायल की पहचान एक ऐसे देश के तौर पर रही है, जो अपने दुश्मनों को चुन-चुन कर मारता है। म्यूनिख ओलंपिक से लेकर आज तक का इतिहास ऐसा ही रहा है। अब एक बार फिर से इजरायल ने 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले का जवाब देने के लिए पुरानी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। 7 तारीख को हमास ने हवाई, जमीनी और समुद्री हमला किया था। इस अटैक में इजरायल के 1400 लोगों की बर्बर हत्या कर दी गई थी। अब इजरायल ने इस हमले में शामिल हमास के एक-एक आतंकी को चुनकर मारने का फैसला लिया है। इसके लिए इजरायल ने एक स्पेशल यूनिट ही गठित कर दी है, जिसका नाम 'नीली' रखा गया है। इसका अर्थ हिब्रू में होता है कि इजरायल की ताकत अनंतकाल तक कम नहीं होगी। इस यूनिट को जिम्मेदारी दी गई है कि वह 7 अक्टूबर के हमले में शामिल हमास के हर एक आतंकी को चुन-चुन कर मारे। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक इस फोर्स को जिम्मा दिया गया है कि भले ही हमास के आतंकी कहीं भी छिपे हों, लेकिन उन्हें चुन-चुनकर मारा जाए। इस यूनिट को किसी से भी कमांड नहीं मिलेगी और वह स्वतंत्र रूप से काम करेगी। इसे काम सौंपा गया है कि इजरायल के मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों को चुनकर मारा जाए, भले ही वे कहीं भी छिपे हों।

## अमेरिका को क्यों याद आ रहे जॉर्ज बुश, ईरान समेत इन तीन देशों को बताया 'शैतानों का गुट'

अमेरिका में इन दिनों पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश की एक टर्म की बहुत चर्चा हो रही है। उन्होंने 9/11 के आतंकी हमले के बाद ईरान, इराक और उत्तर कोरिया को शैतानों का गुट बताया था। उन्होंने इस टर्म का इस्तेमाल आतंकवाद के खिलाफ जंग में अमेरिकी लोगों को एकजुट करने के लिए किया था। अब ऐसी ही टर्म का इस्तेमाल रूस, चीन और ईरान के लिए हो रहा है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद मिच मैककॉनेल ने कहा कि इन दिनों अमेरिका के लिए रूस, चीन और ईरान खतरा हैं और ये शैतानों का गुट बन गए हैं। उन्होंने यूक्रेन और इजरायल को अमेरिकी फंडिंग दिए जाने पर जवाब देते हुए फॉक्स न्यूज से कहा कि आप उन खतरों को नजरअंदाज तो नहीं कर सकते, जो सामने हैं। मैककॉनेल ने कहा, आपको उस स्थिति का जवाब तो देना ही होगा, जो अमेरिका के सामने है। हमारे लिए ईरान भी एक खतरा है। यह आपातकाल जैसी स्थिति है। अब हमें आगे बढ़ना होगा और चीन, रूस एवं ईरान के गुट से मुकाबला करना होगा। ये तीनों ही देश मिलकर अमेरिका के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उनका यह बयान राष्ट्रपति जो बाइडेन की अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने अमेरिका नागरिकों से अपील की थी कि वे इजरायल और यूक्रेन के लिए बड़े बजट को मंजूरी दें। अमेरिका का कहना है कि वह अपने दोनों ही दोस्तों के साथ है और उनकी जंग में उतरने को भी तैयार है। पहली बार 2002 में जॉर्ज बुश ने ईरान, इराक और उत्तर कोरिया के लिए शैतानों का गुट वाला जुमला इस्तेमाल किया था। सांसद ने कहा कि बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को बुलाकर गलती की है। इससे तो रूस को भी ग्रीन सिग्नल मिल गया है कि वह यूक्रेन के अंदर घुस जाए। उन्होंने रूस और यूक्रेन की युद्ध को इजरायल पर हमास के हमले से भी जोड़ा। सांसद मैककॉनेल ने कहा कि ईरान ने पहले रूस को ड्रोन भेजे, जिनसे यूक्रेन पर हमले हुए। अब वही देश हमास और हिजबुल्लाह को मदद दे रहा है। उन्होंने कहा कि आप दोनों मसलों को अलग-अलग करके नहीं देख सकते। अमेरिकी सांसद ने कहा कि यदि यूक्रेन में रूस नहीं हारा तो फिर अगली बार वह किसी नाटो देश पर ही हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी चीन पर भी नजर है और हम जानते हैं कि वह किसकी तरफ है।

# इजरायल के समर्थन में किया ट्वीट तो भारतीय डॉक्टर नौकरी से बर्खास्त

हमास-इजरायल युद्ध के बीच इजरायल को समर्थन करना भारतीय मूल के एक डॉक्टर को महंगा पड़ गया। बहरीन के रॉयल अस्पताल में कार्यरत भारतीय मूल के डॉक्टर सुनील राव ने सोशल मीडिया एक्स पर इजरायल के समर्थन में फिलिस्तीन के खिलाफ एक पोस्ट किया था।

इससे नाराज होकर हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने डॉक्टर राव को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। दरअसल, एक फिलिस्तीनी समर्थक ने अस्पताल प्रशासन से राव के ट्वीट को लेकर शिकायत की थी, जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर जानकारी दी कि डॉ. सुनील राव का उनके ट्वीट्स की वजह से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

रॉयल हॉस्पिटल ने अपने एक बयान में कहा है कि इंटरनल मेडिसिन में विशेषज्ञता रखने वाले डॉ. सुनील राव को उनके ट्वीट की वजह से नौकरी से बर्खास्त किया जाता है। बयान में कहा गया है कि राव ने सोशल



मीडिया पर ऐसे ट्वीट्स किए हैं, जो हमारे समाज के लिए अपमानजनक हैं। हम पुष्टि करते हैं कि उनके ट्वीट और विचारधारा व्यक्तिगत हैं और वह अस्पताल की राय नहीं है। यह हमारी आचारसंहिता का उल्लंघन भी है। इस संदर्भ में हमने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है और उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

इस बीच, डॉ. राव ने अपने बयान की असंवेदनशीलता को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया पर माफी मांगी है। उन्होंने लिखा, मैं इस मंच पर पोस्ट किए गए अपने बयान के लिए माफी मांगता हूं। यह वर्तमान घटना के संदर्भ में असंवेदनशील था। एक डॉक्टर के रूप में सभी का जीवन मायने रखता है। मैं इस देश, इसके लोगों और इसके धर्म का गहराई से सम्मान करता हूं क्योंकि मैं यहां पिछले 10 वर्षों से रह रहा हूं। डॉ. राव के माफीनामे के बाद भी अस्पताल प्रबंधन नरम नहीं हुआ।

डॉ. राव के पोस्ट से बहरीन का रॉयल हॉस्पिटल इतना खफा है कि अस्पताल की वेबसाइट से तुरंत उनकी प्रोफ़ाइल हटा दी गई। एक्स पर दिए गए डॉ. सुनील राव के बायोडेटा के अनुसार, वह आंध्र मेडिकल कॉलेज, विशाखापत्तनम और कर्नाटक के मंगलुरु में कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। डॉ. राव के पास कुल 20 वर्षों का अनुभव है।

# नवाज शरीफ के लैंड करते ही बदलने लगी सियासी बयार पाक में किसकी बन सकती है सरकार, क्या कह रहा सर्वे?

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद लंदन से वापस लौट आए हैं। हालांकि, 73 वर्षीय शरीफ ने कहा है कि उनकी कोई सियासी ख्वाहिश नहीं है लेकिन उनकी वतन वापसी से पाकिस्तान में सियासी बयार बदलने लगी है। गैलप पाकिस्तान द्वारा किए गए एक स्नैप पोल सर्वे में कहा गया है कि शरीफ के पाकिस्तान आने से उनकी पार्टी का राजनीतिक भविष्य मजबूत हुआ है।

पाकिस्तान के मशहूर अखबार द न्यूज ने सोमवार को बताया कि गैलप पाकिस्तान ने नवाज शरीफ के पाकिस्तान लौटकर दिए गए मीनार-ए-पाकिस्तान स्पीच के अगले ही दिन यानी 22 अक्टूबर को एक फोन सर्वे किया है। इस सर्वेक्षण में चार प्रांतों के लगभग 100 जिलों के 1000 पुरुषों और महिलाओं के वैज्ञानिक रूप से चयनित नमूने का उपयोग किया गया है। इस सर्वेक्षण में आठ प्रमुख निष्कर्ष शामिल थे- सबसे पहले, देश के 75 प्रतिशत वयस्कों ने कहा कि उन्होंने नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी के बारे में सुना या पढ़ा है।

दूसरे, लगभग तीन में से एक यानी एक तिहाई युवाओं ने कहा कि उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान में नवाज शरीफ का भाषण सुना है। इससे पता चलता है कि लगभग 4 करोड़ पाकिस्तानियों ने नवाज शरीफ का भाषण सुना है। तीसरा, भाषण सुनने वालों में 80 प्रतिशत लोगों को नवाज का भाषण पसंद आया, जबकि 12 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें भाषण पसंद नहीं आया और केवल 7 प्रतिशत लोगों ने मिक्स्ड रिएक्शन दिए हैं। सर्वे में चौथे निष्कर्ष में कहा गया है कि 50 प्रतिशत लोगों ने कहा कि नवाज की पाकिस्तान वापसी देश और देशवासियों के लिए अच्छा होगा, जबकि 14 प्रतिशत ने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए बुरा संकेत होगा। 18 प्रतिशत लोगों ने इस सवाल पर उदासीनता दिखाई और कहा कि उनकी वापसी से आम आदमी के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। 18 ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# रहस्यमयी गुलाबी रंग से नहा उठा आसमां

दक्षिणी-पूर्वी ब्रिटेन के केंट के थानेट जिले के स्थानीय लोग गुरुवार की सुबह 5 से 6 बजे के बीच आसमान में गुलाबी छटा देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लोगों ने फटाफट उस नजारे को अपने मोबाइल और कैमरे में कैद कर लिया और उसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। सोशल मीडिया पर उन तस्वीरों को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द इंडिपेंडेंट' को एक स्थानीय निवासी ने बताया, सबसे पहले, यह अलौकिक जैसा लग रहा था,क्योंकि गुलाबी रोशनी सुबह की धुंध और बादलों के आवरण के साथ घुल-मिल चुकी थी। जब मैं करीब गया तो ऐसा लगा जैसे गुलाबी रोशनी इमारतों से आ रही हो, इनमें बड़े पैमाने पर यूवी तरंग का अनुभव कर रहा था।


स्थानीय निवासी ने कहा, यह आमतौर पर ध्यान में नहीं आता है, लेकिन जब बादल और कोहरा छाया रहता है तो यह 100 गुना ज्यादा दिखाई देता है।

अखबार के मुताबिक, इस नागरिक के विचारों से अलग कुछ लोगों ने इसे अलौकिक अनुभव कहा, जबकि, कई लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें ऐसा लगा कि विदेशी आक्रमण होने वाला है। एक यूजर ने मजाक करते हुए कहा, सोचा कि यह दुनिया का अंत है। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह घोस्टबस्टर्स का जूल है। जूल 1984 की हॉरर-कॉमेडी घोस्टबस्टर्स का एक दुष्ट पात्र है।

स्थानीय लोगों के लिए राहत की बात यह थी कि गुलाबी रंग से नहाया आसमान न तो कोई अलौकिक घटना थी और न ही किसी प्रलय की आहट थी।

द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, आसमान में चमकती गुलाबी चमक के पीछे की वजह थानेट अर्थ थी। थानेट अर्थ बर्चिंगटन में स्थित एक बड़ी औद्योगिक फैक्ट्री है, जहां 40 करोड़ टमाटर उगाए जाते हैं।

## वर्ग पहेली 6356




**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए नि:शुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

## वर्ग पहेली-6355



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**परेशानी**

### साइबर सुरक्षा कंपनी विदसिक्योर ने दी जानकारी

# वियतनाम के हैकर्स भारत, अमेरिका व ब्रिटेन को बना रहे निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। वियतनाम स्थित साइबर अपराध समूह एक दुर्भावनापूर्ण अभियान में फेसबुक बिजनेस अकाउंट्स को हाईजैक कर भारत, अमेरिका और यूके स्थित डिजिटल मार्केटिंग फर्मों को निशाना बना रहे हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी विदसिक्योर के अनुसार, पॉपुलर मैलवेयर डार्कगेट को प्रतिद्वंद्वी रिमोट एक्सेस ट्रोजन (आरएटी) और डकटेल, लोबशॉट और रेडलाइन जैसे अतिरिक्त जानकारी-चोरी करने वाले मैलवेयर के साथ एक सर्विस (एमएएएस) टूलकिट के रूप में मैलवेयर के साथ जोड़ा गया है।**

शोधकर्ताओं ने 4 अगस्त को इन देशों को टारगेट करते हुए डार्कगेट मैलवेयर के साथ कई इनफ़ेक्शन प्रयासों की पहचान की थी। रिपोर्ट के अनुसार, लुभाने वाले दस्तावेज, लक्ष्य पैटर्न, थीम, डिलीवरी के तरीके और समग्र हमले की रणनीति हाल के डकटेल इन्फोस्टीलर अभियानों में देखी गई चीजों के समान है।

डार्कगेट एक रिमोट एक्सेस ट्रोजन (आरएटी) है जो पहली बार 2018 में साइबरस्पेस में उभरा। इसे आमतौर पर साइबर अपराधियों के लिए मैलवेयर-ए-सर्विस टूल के रूप में पेश किया जाता है। शोधकर्ताओं ने डार्कगेट मैलवेयर अभियान से जुड़े ओपन-सोर्स डेटा की जांच की और कई इंफोस्टीलर्स से कनेक्शन की खोज की। यह पैटर्न इंगित करता है कि ये हमले एक ही समूह द्वारा किए जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने कहा, डार्कगेट मैलवेयर लालच और अभियानों की विशेषताओं की पहचान कर कई धुरी बिंदुओं को ढूंढने में सक्षम हुए हैं जो अन्य जानकारी चुराने वालों और मैलवेयर को समान अभियानों में उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, हमले की शुरुआत वेतन और नए उत्पाद.8.4.जिप नामक फ़ाइल से हुई। जब अनजान यूजर्स ने इसे डाउनलोड किया तो एक वीबीएस स्क्रिप्ट एक्टिव हो गई। इस स्क्रिप्ट ने दो अतिरिक्त फ़ाइलें संकलित करने के लिए बाहरी सर्वर से कनेक्ट करने से पहले मूल विंडोज बाइनरी का नाम बदला और एक नए स्थान पर डुप्लिकेट किया।

इसके बाद, स्क्रिप्ट ने इसे निष्पादित किया, अस्पष्टता को दूर किया और स्क्रिप्ट से स्ट्रिंग्स की मदद से डार्कगेट आरएटी को इकट्ठा किया।

वरिष्ठ खतरा खुफ़िया विश्लेषक स्टीफन रॉबिन्सन ने कहा, हमने जो देखा है उसके आधार पर, यह बहुत संभावना है कि मेटा बिजनेस खातों को लक्षित करने वाले कई अभियानों के पीछे एक ही समूह है जिसे हम ट्रैक कर रहे हैं।



**शोधकर्ताओं ने डार्कगेट मैलवेयर अभियान से जुड़े ओपन-सोर्स डेटा की जांच की**

# खेल जगत

## एडम जम्पा ने परिवार के साथ निहारा ताजमहल

**आगरा।** आस्ट्रेलिया के फिरकी गेंदबाज एडम जम्पा ने सोमवार को अपनी मां-पत्नी और बच्चे के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल की सुदंरता को जी भर कर निहारा। ताजमहल में उन्होंने परिवार के साथ फोटो शूट करवाए। गाइड ने उन्हें ताजमहल के इतिहास की जानकारी दी। वे सभी साधारण पर्यटक की तरह यहां सुबह करीब नौ बजे पहुंचे। शिल्पग्राम में भीड़ के चलते गोल्फ कार्ट में बैठने के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ा। उनके साथ मां पालमेयर, पत्नी हैरिएट और बेटा टीनू था। ताजमहल की खूबसूरती को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने अद्भुत बताया। उन्होंने कहा, इससे खूबसूरत इमारत मैंने पहले नहीं देखी। ये वाकई में लाजवाब है। जेम्पा ने शिल्पग्राम से लेकर ताजमहल तक गोल्फ कार्ट की व्यवस्था पर नाखुशी ताई। उनका कहना था कि भीड़ के हिसाब से ज्यादा गोल्फ कार्ट होनी चाहिए। जेम्पा को देखकर उनके साथ कई लोगों ने सेल्फी भी ली।



# भारत विराट के बेहतरीन 95 रन व शमी के गेंद के 'पंजे' से न्यूजीलैंड को हरा शीर्ष पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (देशबन्धु)। चेज मास्टर विराट कोहली की 95 रन की बेहतरीन यादगार पारी और मैन ऑफ द' मैच अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के गेंद से %पंजे% की बदौलत भारत पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड को रविवार को धर्मशाला में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के अहम राउंड रॉबिन लीग मैच में चार विकेट से हरा उसका विजयरथ रोक लगातार पांचवीं जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। तुरुप के ऑलराउंडर हार्दिक पांडया के टखने में चोट के कारण बाहर होने पर मौजूदा विश्व कप में भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे शमी ने पांच विकेट चटका कर उनकी कमी कतई अखरने नहीं दी। भारत ने रविवार की जीत के साथ न्यूजीलैंड से 2019 में पिछले संस्करण के सेमीफाइनल की 18 रन की हार का हिसाब चुकता कर लिया। डैरल मिचेल काा शतक भी न्यूजीलैंड के काम नहीं आया।भारत ने जीत के पंजे के साथ सेमीफाइनल में अपना स्थान लगभग पक्का कर दिया। भारत अब अपने अगले मैच में अब 29 अक्टूबर को नवाबों के शहर लखनउ में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा। विराट को अपना लगातार दूसरा शतक जड़ दुनिया में अंतरराष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में सचिन तेंडुलकर के 49 वें शतक जडऩे के रिकॉर्ड की बराबरी करने से पांच रन से जरूर चूकने का मलाल जरूर रह गया। विराट (95 रन, 104 गेंद, दो छक्के, और आठ चौके) अपना लगातार दूसरा शतक पूरा करने की कोशिश में पारी के 48 वें और मैट हेनरी के नौवें गेंद की चौथी गेंद को मिड विकेट के उपर उड़ाने के फेर में जब ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गए तब भारत जीत से मात्र पांच रन दूर था और 14 गेंद और चार विकेट बाकी थे। हेनरी की अगली शॉर्ट गेंद पर मोहम्मद शमी ने एक रन लिया और अंतिम गेंद पर रवींद्र जडेजा ने चौका जड़ भारत को चार विकेट से जीत दिला कर ही दम लिया।

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (5/54) के रफ्तार के साथ धार दिखा गेंद से जड़े %पंजे% की बदौलत डैरल मिचेल के तेज शतक बावजूद एक समय बहुत बड़े स्कोर की बढ़ती पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी की दावत देकर निर्धारित 50 ओवर में 273 रन पर समेट दिया। मोहम्मद शमी वन डे विश्व कप के इतिहास में दो बार पांच विकेट चटकाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। न्यूजीलैंड ने आखिर छह विकेट छह विकेट पर खोए। डैरल मिचेल(130 रन, 127 गेंद, 5 छक्के, 9 चौके) पारी और शमी के आखिरी ओवर की अंतिम पूर्व गेंद को उड़ाने के फेर में डीप मिडविकेट के हाथों लपके गए। ट्रेंट बोल्ट के पारी की आखिरी गेंद पर रनआउट होने से न्यूजीलैंड की पारी समाप्त हुई। शमी ने अपने नौवें और अंतिम पूर्व में लगातार दो गेंदों पर मिचेल सेंटनर (1) और मैट हेनरी (0) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड का स्कोर 48 वें ओवर में आठ विकेट पर 260 रन का कर दिया। बड़े दिल वाले लेग स्पिनर कुलदीप यादव(2/73) ने पारी के शुरू में धुनाई होने के बाद आखिर के तीन ओवर में कप्तान टॉम लैथम (5) और ग्लेन फिलिप्स (23) के सही वक्त पर विकेट निकाल कर भारत को मैच में वापस पकड़ बनाने में मदद की।

इससे पहले डैरेल मिचेल के दो जीवनदानों का लाभ उठा जड़े आक्रामक शतक और किस्मत के सहारे दो बार ले बचने रिव्यू के साथ पारी के शुरू में छूटे आसान कैच का लाभ उठाकर नौजवान बल्लेबाज रचिन रवींद्र (75 रन, 87 गेंद, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए159 की भागीदारी की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर की ओर ले जाते लगे। भारत ने आखिरी दस ओवर में न्यूजीलैंड के छह विकेट मात्र 54 रन पर निकाल उसे विशाल स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरीं 15 ओवर में 86 रन पर आठ विकेट खोए। रचिन रवींद्र (12) को मोहम्मद शमी के दूसरे गेंद की पहली गेंद पर अंपायर ने विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट दिए जाने के फैसले को तीसरे अंपायर द्वारा पलटे जाने और इसी ओवर में अगली गेंद पर रवींद्र जडेजा के हाथों मिले जीवनदान के बाद पारी के 29 वे और मोहम्मद सिराज के नौवें ओवर में यॉर्कर पर अंपायर ने आउट दिया लेकिन फिर रिव्यू लेने पर आउट होने से बचे।



### मिले मौके को मोहम्मद शमी ने दोनों हाथों से लपका : रोहित

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने डैरेल मिचेल और रचिन रवींद्र की तीसरे विकेट की 159 रन की भागीदारी के बावजूद न्यूजीलैंड को 50 ओवर में 273 रन पर समेटने के लिए अपने गेंदबाजों को सराहा। रचिन रविंद्र के मैन ऑफ द' मैच रहे मोहम्मद शमी की गेंद को उड़ाने के फेर मे शुभमन गिल के हाथों लपके जाने से 34 वें ओवर में स्कोर तीन विकेट 178 रन हो जाने के बाद भारत के गेंदबाजों ने बराबर विकेट चटकाए। भारत ने चेज मास्टर विराट कोहली के बेहतरीन 95 रन की बदौलत 12 गेंदों के बाकी रहते न्यूजीलैंड से यह मैच चार विकेट से जीत लगातार पांचवीं जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।

रोहित ने कहा, हमारा इस वन डे विश्व कप में आगाज शानदार रहा है लेकिन अभी काम अधूरा है। हमारे गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को 273 पर रोक कर मैच में हमारी वापसी कराई। एकादश में खेलने के लिए मिले मौके को मोहम्मद शमी ने दोनों हाथों से लपका। शमी के पास लंबा अनुभव है और उन्होंने इसका पूरा इस्तेमाल कर स्थितियों का पखरा लाभ उठाया। हमारी फील्डिंग जरूर रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ बहुत चुस्त नहीं रही। हमने कई कैच टपकाए लेकिन जडेजा सहित हमारे खिलाड़ी बेहतरीन फील्डर हैं। हमें भारत में अलग अल स्थानों पर खेलना पसंद है। अब तक तो हम निराशा नहीं और न ही हमने अपने दर्शकों को निराश किया है।

उन्होंने कहा, पिच बल्लेबाजी करने के लिए आसान थी और बाद में तो ओस भी गिरने लगी। मिचेल और रचिन रवींद्र जडेजा की बेहतरीन भागीदारी की बदौलत एक समय न्यूजीलैंड 300 रन के पार पहुंचता लग रहा। जहां तक बाकी विराट कोहली की पारी की बात है,% इस बाबत मेरे पास बहुत कुछ कहने को नहीं है। हमने विराट को भारत के लिए ऐसी बेहतरीन बल्लेबाज कर बहुत बार जिताते देखा है। विराट बेहद शांत भाव से खेलते है और वह भारत को मंजिल तक पहुंचाने के लिए खुद की काबलियत पर भरोसा करते हैं। अपनी पारी के आखिर में कुछ विकेट खोने उसे हम पर कुछ दबाव आया लेकिन विराट और रवींद्र जडेजा फिर हमारे लिए स्थिति संभाल ली।

## एकादश में वापसी पर जल्द आत्मविश्वास पाना जरूरी होता है : शमी

मोहम्मद शमी ने मात्र 54 दे न्यूजीलैंड के पांच विकेट चटका भारत को चार विकेट से जीत दिला मैन ऑफ द मैच रहे। शमी ने कहा, जब आप लंबे समय बाद भारतीय एकादश में वापसी करते हैं तो आपके लिए जल्द आत्मविश्वास पाना जरूरी होता। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में पांच चटकाने से मुझे यह आत्मविश्वास मिला। भारतीय टीम जिस तरह बढ़िया प्रदर्शन कर रही है उसके मद्देनजर बाहर बैठ भारत की एकादश में जगह पाने का इंतजार करना बहुत मुश्किल नहीं होता। आपकी टीम के बाकी साथी यदि बढिय़ा प्रदर्शन कर रहे हैं तो आपको उनका समर्थन करना चाहिए। यदि टीम के हित में मुझे एकादश से बाहर भी बैठना पड़े तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ विकेट चटकाना अहम था क्योंकि हमारी और न्यूजीलैंड की टीमें ही फ़िलहाल इस विश्व कप में दो सबसे बढिय़ा खेल रही टीमे हैं।

## शमी की सटीकता व लेंथ अद्भुत थी : आकाश चोपड़ा

**धर्मशाला।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ (5-54) के विजयी स्पेल के लिए मोहम्मद शमी की सराहना करते हुए कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज अपनी सटीकता और लेंथ में शानदार थे। रविवार को धर्मशाला में अपने स्पेल के जरिए शमी विश्व कप में दो बार पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने मैच की अपनी पहली ही गेंद पर बेहतरीन शुरुआत करते हुए विल यंग को बोल्ड किया। हार्दिक पांड्या की चोट के कारण शमी प्लेइंग-11 में शामिल हुए।

इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए शमी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने पारी के आखिरी 20 ओवरों में यॉर्कर और फुलर गेंदों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को आउट किया। साथ ही वनडे में तीसरी बार पांच विकेट हासिल किया। चोपड़ा ने जियो सिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी के एक एपिसोड में कहा, यह मोहम्मद शमी का विश्व कप 2023 का पहला मैच था और उन्होंने पांच विकेट लेकर वापसी की। ऐसा लग रहा था मानो वह गन बैरल स्ट्रेट (पाइप के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मुहावरा) में गेंदबाजी कर रहें हो। ऐसा लगता है कि वह पाइप में लगातार गेंदबाजी कर रहे थे। उनकी सटीकता अद्भुत थी। वह जो लेंथ बनाए रखते हैं वह अलग-अलग होती है और उन्हें रिवर्स स्विंग भी मिलती है। यही कारण था कि भारत, जो लगभग 325 रनों का पीछा कर रहा होता, उसे केवल 274 रनों का लक्ष्य मिला। अब अरबों डॉलर का सवाल यह है, क्या हार्दिक के फिट होने पर शमी प्लेइंग-11 में रहेंगे? खैर, फिलहाल मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है।

## बाबर चमके, पाकिस्तान ने बनाए 282 रन

**चेन्नई।** बाबर आजम (74) की शानदार अर्धशतकीय पारी के बाद शादाब खान (40) और इफ्तिखार अहमद (40) के बीच छठे विकेट के लिये 73 रन की उपयोगी साझीदारी की मदद से पाकिस्तान आईसीसी विश्व कप मुकाबले में सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ सात विकेट पर 282 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया। मौजूदा विश्व कप में अब तक खराब फार्म से जूझ रहे पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम का बल्ला आज चल निकला।

एम ए चिदंबरम स?टेडियम, चेपॉक की पिच पर एक समय पाकिस्तान तीन विकेट 120 रन में गंवा कर संघर्ष की स्थिति में आ गया था। इनफार्म बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (8) के सस्ते में आउट होने के बाद सभी निगाहें बाबर पर टिकी थीं। इस मोड़ पर बाबर ने कप्तान के अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हुये क्रीज पर अपने पांव जमाये और अफगान गेंदबाजों की ढीली गेंदों पर जम कर प्रहार किये मगर अभी टीम का स्कोर 163 रन पर पहुंचा था कि सउद शकील (25) के तौर पर पाक को चौथा झटका लगा।



इस बीच एक छोर पर नजरें जमा चुके बाबर ने नये बल्लेबाज शादाब साथ पारी को आगे बढ़ाया और 40 ओवर के खेल में स्कोरबोर्ड पर 200 रन अंकित करा लिये। बाबर के फार्म में लौटने से पाकिस्तान ने राहत की सांस ली। उन्होने आज अपनी अर्धशतकीय पारी में 92 गेंद खेल कर चार चौके और एक छक्का लगाया।

बाबर की पारी से प्रेरित होकर शादाब ने बाद में इफ्तिखार के साथ आखिरी के दस ओवर में रन गति को तेज किया और दोनो बल्लेबाजों ने 45 गेंदों में 73 रन बटोर लिये। शादाब और इफ्तिखार पारी के आखिरी ओवर में नवीन उल हक का शिकार बने। इससे पहले पाकिस्तान की नायाब खोज अब्दुल्लाह शफीक (58) ने टीम की बेहतर शुरुआत देने के संकल्प को दोहराया हालांकि उनके जोड़ीदार इमाम उल हक (17) आज अपनी टीम के लिये कुछ खास योगदान नहीं दे सके। अफगानिस्तान के लिये नूर अहमद ने 49 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट चटकाये जबकि नवीन उल हक को दो और मोहम्मद नवी एवं अज़्मतउल्लाह ओमरज़ाई को एक एक विकेट मिला।

## भारतीय तेज गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में पलटा मैच : डेरिल मिचेल





धर्मशाला। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने अंतिम दस ओवरों में भारत की वापसी की सराहना की, जिससे मेजबान टीम ने चार विकेट से एक आसान जीत दर्ज की। मोहम्मद शमी ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई, जिसमें शतक जड़ने वाल मिचेल का विकेट भी शामिल था। भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार कमबैक से कीवी टीम 50 ओवरों में 273 रनों पर सिमट गई, जिसे भारत ने दो ओवर शेष रहते हासिल कर लिया और अपनी अजेय पारी बरकरार रखी। डेरिल मिचेल ने कहा, हम जानते थे कि भारत के पास एक विश्व स्तरीय डेथ-बॉलिंग यूनिट है। हमने 30-35 ओवर तक मैच में अपनी पकड़ मजबूत रखी।

हालांकि, अंत में मुझे लगा कि भारत ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह स्पष्ट रूप से बहुत खास थी और यही कारण है कि हम मैच में काफी पीछे रह गए। शमी तो शानदार थे ही, लेकिन साथ ही बुमराह-सिराज भी काफी अच्छे थे। जिस तरह से उन्होंने विकेट लिए और 40 ओवरों के आस-पास हमें हमें थोड़ा पीछे कर दिया वो शानदार कमबैक था। मिचेल ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 127 गेंदों में 130 रन बनाए, जबकि रचिन रवींद्र के साथ 159 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिन्होंने 75 रन बनाए। इन दोनों के प्रयासों के कारण, न्यूजीलैंड 34 ओवरों में 178/2 पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद भारत ने शानदार कमबैक किया और कीवी टीम को 273 पर ऑलआउट कर दिया। मिशेल ने अपनी 130 रन की पारी के दौरान नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जो उनका पहला वनडे विश्व कप शतक भी है।



## रिजल्ट पर नहीं, मेरा फोकस सिर्फ बेहतर प्रदर्शन पर है : कुलदीप यादव

धर्मशाला। भारत के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि एक गेंदबाज के रूप में वह और क्या कर सकते हैं, इस पर काम करने से उन्हें घरेलू सरजमीं पर चल रहे विश्व कप के दौरान अपनी गेंदबाजी के प्रति सहज रुख अपनाने में मदद मिलेगी। एशिया कप में भारत की जीत में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल करने के बाद कुलदीप विश्व कप में आए। उन्होंने भारत के अब तक के पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने पांच ओवर में 48 रन दिए, इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए दो विकेट लिए और अंत में (2-73) के आंकड़े के साथ अपने को स्पैल को पूरा किया। आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नए एपिसोड में कुलदीप ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अन्य चीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं। मैं अब असफलता से ज्यादा नहीं डरता। मैं अपनी चीजों पर, अपनी गेंदबाजी में सुधार पर काम करता हूं और उन कौशलों के बारे में सोचने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में हैं। अब पांच जीत में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर भारत को 29 अक्टूबर को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ने से पहले छह दिन का ब्रेक मिला है।




## महान स्पिनर बेदी के निधन पर देश में शोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान और महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का सोमवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। देश के हर कोने से भारतीय क्रिकेट के दिग्गज के लिए श्रद्धांजलि आनी शुरू हो गई है। महान स्पिनर ने 1967 और 1979 के बीच भारत के लिए 67 टेस्ट खेले और 266 विकेट लिए। उन्होंने 10 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सात विकेट भी लिए। घरेलू क्रिकेट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले बेदी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जिन्होंने 370 मैचों में 1,560 विकेट हासिल किए। 1975 के विश्व कप के दौरान बेदी पूर्वी अफ्रीका के खिलाफ 12-8-6-1 के आंकड़े के साथ लौटे, जो 60 ओवर के वनडे मैचों में सबसे किफायती स्पैल था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से लेकर उनके अधिकारियों, पूर्व क्रिकेटरों से लेकर राजनेताओं तक ने पूर्व क्रिकेटर के निधन पर शोक व्यक्त किया। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, बीसीसीआई भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान और महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त करता है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, बिशन सिंह बेदी के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। भारतीय क्रिकेट ने आज एक आइकन खो दिया है। बेदी सर ने क्रिकेट के एक युग को परिभाषित किया और उन्होंने एक स्पिन गेंदबाज के रूप में अपनी कलात्मकता से खेल पर एक खास छाप छोड़ी। इस कठिन समय में मेरी प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान और मैदान पर उनकी कलात्मकता को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महान स्पिनर के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा, महान स्पिनर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। वो हमेशा लोगों के जेहन में रहेंगे, जिन्होंने न केवल क्रिकेट की दुनिया में उनका योगदान, बल्कि कुशल गेंदबाजी के उस्ताद के रूप में भी जो पिच पर जादू बिखेर सकते थे।

## वाइट बॉल क्रिकेट में डेविड वार्नर ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज : टिम पेन




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन का मानना है कि अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर देश के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद बल्लेबाज हैं। वार्नर ने हाल ही में अपने आखिरी विश्व कप में पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की 62 रन की महत्वपूर्ण जीत में 163 रन बनाए। तीन बार टूर्नामेंट के इतिहास में डेविड वॉर्नर 150 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

पेन ने एसईएन रेडियो पर कहा, वाइट बॉल क्रिकेट में डेविड वार्नर ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। मैं उन्हें शीर्ष वनडे बल्लेबाज के भी बहुत करीब रख रहा हूं। मुझे नहीं लगता कि ऐसे बहुत से बल्लेबाज होंगे, जिनका एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेविड वार्नर (45.37) से अधिक औसत होगा। मैं जानता हूं कि उनमें से एक माइक हसी हैं, जिन्होंने अपने करियर में काफी समय तक निचले क्रम में बल्लेबाजी की। टिम पेन का यह भी मानना है कि वनडे में वार्नर का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग से बेहतर है। डेविड वार्नर ने लगभग 150 मैच खेले हैं और लगभग 6,500 वनडे रन बनाए हैं। हालांकि, मैचों और रनों के मामले में रिकी पोंटिंग वॉर्नर से काफी आगे हैं।

## सार संक्षेप

### भारत न्यूजीलैंड मुकाबले को डिज्नी हाटॅस्टार पर 4.3 करोड़ लोगों ने देखा

**मुंबई।** मौजूदा विश्व कप की दो शीर्ष टीमो भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को धर्मशाला में खेले गये मुकाबले के दौरान डिज़्नी+ हॉटस्टार ने 4.3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संख्या दर्ज करके क्रिकेट स्ट्रीमिंग की दुनिया में एक अभूतपूर्व मील का पत्थर हासिल किया। यह क्रिकेट के सभी प्रारूपों में हासिल की गई उच्चतम संख्या है। इससे पहले टूर्नामेंट में भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान 3.5 करोड़ दर्शकों ने डिज़्नी+ हॉटस्टार में लुफ्त उठाया था। इसके अलावा, भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक ऑन-ग्राउंड क्रिकेट लड़ाई ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 सेमीफाइनल में उनके संघर्ष के दौरान देखे गए 2.5 करोड़ दर्शकों की पिछली संख्या को भी पार कर लिया। डिज़्नी + हॉटस्टार इंडिया के प्रमुख साजिथ शिवानंदन ने कहा, हम अपने यूजर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जो भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक खेल के लिए डिज़्नी + हॉटस्टार पर आए और हमें लाइव स्ट्रीमिंग के लिए दर्शकों के विश्व रिकॉर्ड को रीसेट करने में मदद की। हमने मैच के दौरान अपने चरम पर 4.3 करोड़ दर्शकों को सेवा प्रदान की।

### रीस टॉपले की जगह इंग्लैंड में शामिल हुए ब्रायडन कार्स

**बेंगलुरु।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच इंग्लैंड को अपने स्क्वॉड में बदलाव करना पड़ा है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को चोटिल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीस टॉपले की जगह टीम में शामिल किया गया है। ब्रायडन कार्स ने 2021 में इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और अब तक 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 14 विकेट हैं।

### सुडोकू 6356 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |

| SENSEX | BSE | 64571.88 ▼ 825.74 | 19281.75 ▼ 260.90 | MCX | Gold 60539 ▼ 197 | silver 72046 ▼ 863 |
|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया : शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की गिरावट

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के बाद 83.15 पर आ गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूत स्थिति और विदेशी कोष की सतत निकासी का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कोरोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में सुधार और शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती से रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.15 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से तीन पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया 83.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



# शेयर बाजार में कोहराम, 800 अंकों से ज्यादा फिसला मिड कैप इंडेक्स

## निवेशकों को 4.28 लाख करोड़ का नुकसान

***मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के स्मॉल कैप और मिड कैप स्टॉक्स में गिरावट कोहराम मचा रखा है. मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में बिकवाली के चलते स्टॉक्स औंधें मुंह गिरकर ट्रेड कर रहे हैं. निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स 800 अंक नीचे जा फिसला है तो स्मॉल कैप इंडेक्स 280 अंकों से ज्यादा गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. शेयर बाजार में गिरावट की इस आंधी के चलते निवेशकों को 4.28 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है.*



**700 अंक गिरा मिड कैप स्टॉक्स** पिछले कई दिनों से मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में जोरदार खरीदारी देखी जा रही थी. लेकिन हफ्ते के पहले कारोबारी दिन निवेशकों की ओर से इन स्टॉक्स में जोरदार बिकवाली देखी जा रही है. निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स 829 अंकों या 2.08 फीसदी की गिरावट के साथ 39,048 अंकों पर कारोबार कर रहा है. स्मॉल कैप स्टॉक्स में भारी सेलिंग के चलते निफ्टी का स्मॉल स्टॉक्स इंडेक्स 284 अंकों या 2.20 फीसदी की गिरावट के साथ 12,643 अंकों पर ट्रेड कर रहा है.

**निवेशको को 4.28 लाख करोड़ का नुकसान**- बाजार में गिरावट का हाल ये कि कुल 3884 शेयर जिसकी स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेडिंग के दौरान उसमें से 2934 स्टॉक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं तो केवल 768 स्टॉक्स में तेजी है. बीएसई पर ट्रेड कर रहे स्टॉक्स के मार्केट कैपिटलाइजेशन में इस गिरावट के चलते 4.28 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. बीएसई का मार्केट कैप 314.61 लाख करोड़ रुपये पर जा फिसला है जो पिछले ट्रेडिंग सेशन में 318.89 लाख करोड़ रुपये था.

**लगातार चौथे दिन गिरा बाजार**- मिड कैप स्टॉक्स पर नजर डालें तो लॉरस लैब्स 10.56 फीसदी, बैंक ऑफ इँडिया 6.02 फीसदी, टाटा टेलीर्विसेज 5.95 फीसदी, ट्राइडेंट 4.79 फीसदी, यूनियन बैंक 4.75 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. स्मॉल कैप स्टॉक्स में बीईएमएल 7.77 फीसदी, अंबर एंटरप्राइजेज 7.57 फीसदी, सीक्वेंट साइंटेफिक 10.86 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. मिड कैप स्मॉल कैप इंडेक्स के साथ सेंसेक्स निफ्टी में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है. सेंसेक्स 255 अंकों की गिरावट के साथ 65146 अंकों पर कारोबार कर रहा है. जबकि निफ्टी 112 अंकों की गिरावट के साथ 19,430 अंकों पर कारोबार कर रहा है.

# हिंडनबर्ग के अटैक के बाद, 85 प्रतिशत टूट चुका अडानी का शेयर

***नई दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के अटैक के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में 85 प्रतिशत तक की तगड़ी गिरावट देखी गई थी। हालांकि, अब ये शेयर रिकवर कर रहे हैं, लेकिन आज सोमवार को ग्रुप के ज्यादातर शेयरों में गिरावट है।*



समूह के सिटी-गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स अडानी टोटल के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान 2.6त्न तक फिसलकर 575.7 रुपये पर आ गए। यह इसका 52 वीक का नया लो प्राइस भी है। अडानी टोटल गैस के शेयर 24 जनवरी के मुकाबले अब तक 85 प्रतिशत टूट चुके हैं। 24 जनवरी को इस शेयर की कीमत 3,891.75 रुपये थी। हिंडनबर्ग ने भी अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट को लेकर यह आशंका जाहिर की थी। हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट में दावा किया था कि अडानी के शेयर ओवरवैल्यू हैं और 85 प्रतिशत तक की गिरावट आ चुकी है।

**कुछ शेयरों में सुधार भी**- इस बीच, कई अडानी ग्रुप के शेयरों और बॉन्ड में सुधार भी हुआ है। खासकर पोर्ट-टू-पावर समूह को जीक्यूजी पार्टनर्स से निवेश मिलने के बाद शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। हालांकि, इस दौरान भी अडानी टोटल गैस के शेयरों में गिरावट देखी गई। अडानी टोटल गैस के शेयरों में इस महीने अब तक 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इसके पीछे एक और वजह है। वजह दिल्ली सरकार द्वारा घोषित एक पॉलिसी है। इसके तहत 2030 तक सभी वाणिज्यिक वाहनों को ईवी में अनिवार्य रूप से परिवर्तित करने की मांग की गई है।

**24 जनवरी को आया था हिंडनबर्ग का रिपोर्ट**- हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में गौतम अडानी व अडानी समूह पर शेयरों के हेरफेर समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस वजह से एक समय में अडानी समूह का मार्केट कैप 150 बिलियन डॉलर से अधिक घट गया था। हालांकि, अडानी समूह ने सभी आरोपों को निराधार बताया। इसके बाद मई में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल की एक अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया कि उसे स्टॉक प्राइस में हेरफेर का कोई सबूत नहीं मिला।

## बीते वित्त वर्ष में फ्लिपकार्ट का घाटा बढ़कर 4,890.6 करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली।** प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी फिलपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का एकीकृत घाटा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में बढ़कर 4,890.6 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। व्यापार आसूचना मंच टॉफलर द्वारा उपलब्ध कराए गए वित्तीय आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वॉलमार्ट समूह की ई-कॉमर्स कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 में 3,371.2 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ था। एकल आधार पर बीते वित्त वर्ष में फिलपकार्ट का शुद्ध घाटा बढ़कर 4,839.3 करोड़ रुपये रहा है। फिलपकार्ट की वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए उसका एकल शुद्ध घाटा 44 प्रतिशत बढ़कर 4,839.3 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 3,362.4 करोड़ रुपये रहा था। समीधाक्षीन वित्त वर्ष के लिए कंपनी की एकीकृत शुद्ध कुल आमदनी (अन्य स्रोतों से मिलाकर) 9.4 प्रतिशत बढ़कर 56,012.8 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 51,176 करोड़ रुपये थी।

कंपनी की एकल शुद्ध आमदनी एकीकृत आमदनी के बराबर थी। टॉफलर ने कहा, कंपनी का कुल खर्च वित्त वर्ष 2022-23 में 60,858 करोड़ रुपये रहा। इस बारे में फिलपकार्ट को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला था।

# भारत चालू वित्त वर्ष में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत मजबूत घरेलू बुनियादी और मुद्रास्फीति में नरमी की उम्मीद के बीच चालू वित्त वर्ष (2023-24) में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वित्त मंत्रालय की सितंबर की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि फारस की खाड़ी में हालिया घटनाक्रमों से वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ गई हैं। इन घटनाक्रमों से आगे कच्चे तेल के दाम में उछाल आ सकता है। इसके अलावा अमेरिका में सख्त मौद्रिक नीति (रिपोर्ट में मौद्रिक नीति को और सख्त करने से इनकार नहीं किया गया है) और अमेरिकी प्रतिभूतियों की आपूर्ति बहुत अधिक रहने की वजह से वित्तीय स्थिति 'तंग' हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान स्तर पर अमेरिकी शेयर बाजारों में गिरावट का जोखिम अधिक है और अगर ऐसा होता है तो इसका प्रभाव दुनिया अन्य बाजारों पर भी पड़ेगा। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण उज्ज्वल है और यह मजबूत घरेलू बुनियादी पर आधारित है। निजी खपत के साथ-साथ निवेश मांग भी मजबूत हो रही है। रिपोर्ट कहती है कि भारत में औद्योगिक क्षमता के इस्तेमाल में सुधार हुआ है और साथ ही संपत्ति बाजार भी अच्छी स्थिति में दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशय के स्तर में सुधार आगामी रबी सत्र के लिए अच्छा संकेत है। मुख्य मुद्रास्फीति लगातार घट रही है जबकि खाद्य मुद्रास्फीति कम हुई है। रिपोर्ट में कहा गया, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के अनुमान भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत 2023-24 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।आईएमएफ ने अक्टूबर में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वैश्विक वृद्धि अनुमान को तीन प्रतिशत पर कायम रखते हुए भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 0.2 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है।

# सरकार ने तांबे के उत्पादों, ड्रम और टिन कंटेनर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड किए तय, अधिसूचना जारी

***नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए तांबे के उत्पादों, ड्रम और टिन कंटेनर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इससे संबंधित अधिसूचनाएं जारी की हैं।*



वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि डीपीआईआईटी ने 20 अक्टूबर को दो अलग-अलग अधिसूचनाएं ड्रम एवं टिन (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023, और तांबा उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023 जारी किए हैं। डीपीआईआईटी के इन दो आदेशों के तहत वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न न हो।

मंत्रालय ने बताया कि डीपीआईआईटी के ये आदेश इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने पर प्रभावी होंगे। आदेश के तहत तांबे के नौ उत्पादों में विद्युत अनुप्रयोगों के लिए तार की छड़ें शामिल हैं, कंडेनसर व हीट एक्सचेंजर्स के लिए ठोस तांबे व तांबे की ट्यूब, फ्रीज तथा एयर कंडीशनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली तांबे की ट्यूब भी इसके तहत आती हैं। विभाग ने कहा कि इसलिए यह जरूरी है कि किसी भी प्रकार के रिसाव, मिलावट तथा आग से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए ड्रम और टिन अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए।

# पीयूष गोयल सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली, ।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पीयूष गोयल दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मंगलवार और बुधवार को सऊदी अरब के रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) के 7वें संस्करण में भाग लेंगे। सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान, गोयल ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुल अजीज बिन सलमान अल-सऊद, वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कसाबी और निवेश मंत्री खालिद ए अल फलीह सहित सऊदी अरब के गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करेंगे। केंद्रीय मंत्री सऊदी निवेश मंत्री के साथ जोखिम से अवसर तक नई औद्योगिक नीति युग में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए रणनीतियां विषय पर एक कॉन्क्लेव सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया है कि वह भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे, जो सऊदी अर्थव्यवस्था का एक प्रभावशाली हिस्सा है और दुनिया भर के व्यापारिक नेताओं और प्रमुख सीईओ से भी मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि एफआईआई इंस्टीट्यूट एक वैश्विक गैर-लाभकारी फाउंडेशन है, जिसे सऊदी अरब द्वारा लॉन्च किया गया है। इसका उद्देश्य वैश्विक मानवता पर प्रभाव बनाने के लक्ष्य के साथ निवेश के नए रास्तों पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर से सरकार और व्यापारिक नेताओं को इकट्ठा करना है। इसके फोकस के चार क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्थिरता हैं।




## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61800 चांदी टंच-73300
चांदी रिफाइन -74300

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61800 चांदी टंच-73300
चांदी रिफाइन -74300


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.19 |
| एक यूरो | 88.20 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.20 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.49 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-130 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# देश के बाजारों में 31 दिसंबर तक 8.5 लाख करोड़ रुपये का होगा व्यापार : कैट



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि त्योहारी सीजन में 31 दिसंबर तक देशभर के बाजारों में लगभग 8.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होगा। ये ऑनलाइन व्यापार के संभावित 90 हज़ार करोड़ रुपये के आंकड़े से कहीं ज़्यादा है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक 31 दिसंबर तक त्योहारी और शादियों के सीजन में करीब 60 करोड़ से ज़्यादा ग्राहक मेनलाइन बाजारों से ख़रीददारी करेंगे।

इसमें खास बात यह है कि चीन के किसी सामान की कोई बिक्री नहीं की जाएगी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान की दिशा में देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं का बड़ा सहयोग है। खंडेलवाल ने कहा कि जो ग्राहक पहले चीन के बने सामान को ही मांगते थे, वो अब ये सुनिश्चित करते हैं कि चीनी सामान न ख़रीदें। खंडेलवाल ने कहा कि रक्षा बंधन से शुरू हुए त्यौहारों के सीजन में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये उसके तुरंत बाद शादियों के सीजन में लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये एवं तत्पश्चात् सीधे क्रिसमस एवं नये वर्ष पर करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के देशभर में व्यापार के अनुमान के अनुसार यह आंकड़ा भारत के रिटेल व्यापार को तेज गति देगा। इससे धन की कमी से त्रस्त बाजारों के व्यापारियों के मनोबल और बाजार के सेंटीमेंट्स को मज़बूत करेगा। इस व्यापार से देश की अर्थव्यवस्था भी बहुत मज़बूत होगी। कैट महामंत्री ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक करीब 8 फीसदी सोने-चांदी में, 10 फीसदी गिफ्ट आइटम्स में, 6 फीसदी सजावटी सामान में, 30 फीसदी फ़ूड एवं कैटरिंग में, 10 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल में, 10 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट में, 5 फीसदी फर्नीचर एवं फ़र्निशिंग में, 5 फीसदी मिठाई-नमकीन में, 6 फीसदी इवेंट मैनेजमेंट में एवं शेष 10 फीसदी अन्य सामानों की ख़रीद में खर्च किए जाने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने कहा कि 8.5 लाख करोड़ का बड़ा व्यापार ऐसे समय में जब देश में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां व्यापारियों के कारोबार को हड़पने की पुरज़ोर कोशिश कर रही हैं, लेकिन इतना बड़ा व्यापार व्यापारियों की ख़ुद की मेहनत और ग्राहकों का परंपरागत दुकानदारों पर विश्वास के कारण से ही संभव होगा।

स्थानीय दुकानदारों से ही ख़रीदी की जाए को लेकर कैट देशभर में फैले 45 हज़ार से ज़्यादा व्यापारी संगठनों के ज़रिए ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा अभियान देश के सभी राज्यों में चलाए हुए हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने 250 कस्टंमर टचपॉइंट्स की उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने उत्पा्दों को लेकर आक्रामक रणनीति लॉन्चक करने और त्यौरहारों के लिये अपनी खास पेशकशों की घोषणा करने के साथ, भारत में अपने नेटवर्क को 250 कस्टिमर टचपॉइंट्स का बनाने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की ज्योदा बिकने वाली कारें- कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान भारत में स्कोडा ब्राण्डन की तरक्की् में महत्वकपूर्ण हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों पर केन्द्रित होने के लिये काफी ध्याान दिया गया है और इसमें नेटवर्क के विस्तारर की एक महत्व पूर्ण भूमिका है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्ट र पेट्र सोल्कर ने कहा-भारत में स्कोडा की वृद्धि की रणनीति हमारी उत्पा्द श्रृंखला को बेहतर बनाने के बारे में है और यह सुनिश्चित करती है कि हम अपने ग्राहकों के लिये ज्यादा करीब और सुलभ रहें। हमारा 250वां कस्टमर टचपॉइंट देश में आंकड़ों और पहुंच के लिहाज से एक उपलब्धि है। हम अपने नेटवर्क को बढ़ाना और ग्रहाकों के स्वा मित्वप के अनुभव को बेहतर बनाना जारी रखेंगे। इससे स्कोडा परिवार में ज्याकदा ग्राहकों का स्वागत होगा और उन्हेंत बाजार की सबसे सुरक्षित कारें प्रदान की जाएंगी।

250वें कस्टमर टचपॉइंट की उपलब्धि कर्नाटक के गुलबर्गा में एक सेल्सर आउटलेट के उद्घाटन से मिली। स्कोडा ऑटो इंडिया और भी विस्ताधर करेगी और 2024 के अंत तक 350 कस्टिमर टचपॉइंट्स करने का लक्ष्य है।

स्कोडा ऑटो इंडिया का इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट भारत के लिये निर्मित और दुनिया के लिये तैयार प्लेटफॉर्म के साथ 2018 में हरकत में आया था और उसने उत्पाद सम्बंधी रणनीति का मूल बिन्दु निर्मित किया। जबकि अग्रणी वारंटी, 0.46 रूपये से शुरू होने वाली स्वाामित्व की कम लागतों और भारत में कंपनी के नेटवर्क तथा सेवाओं की पहुंच बढ़ने से ग्राहक-केन्द्रित रणनीति का मूल बिन्दुभ बना। कुशाक का निर्यात राइट-हैण्डी ड्राइव वाले दूसरे देशों और जीसीसी देशों में भी होता है। नेटवर्क के उल्लेखनीय विस्तार के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया ने सुरक्षा, परिवार तथा मानवीय स्पर्श पर भी ध्यान दिया है और इसकेर लिये क्रांतिकारी, पूरी तरह से डिजिटलाइज़्ड शोरूम पेश किये हैं, जहां की बेहतरीन टेक्नोालॉजी ग्राहकों के लिये खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाती है।

# पहली छमाही में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा अमेरिका, चीन दूसरे स्थान पर

***नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और घटते निर्यात एवं आयात के बावजूद अमेरिका चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है।*

वाणिज्य मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2023 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.3 प्रतिशत घटकर 59.67 अरब डॉलर रह गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 67.28 अरब डॉलर था।

अप्रैल-सितंबर, 2023 में अमेरिका को निर्यात घटकर 38.28 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल समान अवधि में 41.49 अरब डॉलर था। अमेरिका से आयात भी घटकर 21.39 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 25.79 अरब डॉलर था। इसी तरह, भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार भी 3.56 प्रतिशत घटकर 58.11 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चीन को निर्यात मामूली रूप से घटकर 7.74 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 7.84 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी घटकर 50.47 अरब डॉलर पर आ गया, जो पिछले साल समान अवधि में 52.42 अरब डॉलर था। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक मांग में कमजोरी के कारण भारत और अमेरिका के बीच निर्यात तथा आयात में गिरावट आ रही है, लेकिन व्यापार वृद्धि जल्द सकारात्मक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रुझान जारी रहेगा क्योंकि भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात व आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष संजय बुधिया ने पहले कहा था भारतीय निर्यातकों को अमेरिका द्वारा सामान्य तरजीह प्रणाली (जीएसपी) लाभ की बहाली के लिए शीघ्र समाधान समय की मांग है क्योंकि इससे द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा मिलने में मदद मिलेगी।

मुंबई स्थित निर्यातक खालिद खान ने कहा कि रुझान के अनुसार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रहेगा। लुधियाना के निर्यातक एस. सी. रल्हन ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार लगातार बढ़ेगा।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22


नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# शक्तिस्वरूपा के विभिन्न रूपों के दर्शन को निकले देवीभक्त



श्री शिव मंदिर दुर्गोत्सव समिति, तुलसी मोहल्ला, बाई का बगीचा, घमापुर।




श्री श्रृंगार महाकाली दशहरा उत्सव समिति, आजाद व्यायाम शाला पूर्वी करिया पाथर।




वृहत् महाकाली कांचघर परिवार, कांचघर चौराहा इंडियन बैंक के सामने जबलपुर।



श्री नर्मदा दुर्गोत्सव परिवार, भगवानदास किराना स्टोर, कांचघर रोड।




मां ममतामयी महाकाली सेवा समिति, ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल।



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, कोरी मोहल्ला, पिसनहारी मढ़िया पुरवा।



महिला मंडल के तत्वाधान में मदर टेरेसा में महाकाली विराजी।



अभय दुर्गोत्सव समिति, धोबी मोहल्ला मिलौनीगंज चौराहे के पास।



नगर के ऐतिहासिक पंजाबी दशहरा में ग्वारीघाट के शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के मैदान में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी के साथ हनुमानजी के साथ मनमोहन झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं जिसमें नारी शक्ति के प्रतीक महिला कलाकारों ने आकर्षक नृत्य अलग-अलग मुद्राओं में प्रस्तुत किये जिसे यहां मौजूद भक्तजनों ने जमकर सराहा।



समारोह स्थल में गीत-संगीत के बीच पारंपरिक कार्यक्रमों के दौरान बाहर से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी उनके साथ विशेष रुप से वाद्य कलाकारों का समूह भी आया था जिनकी धर्ममय धुनकर पूरा वातावरण गुजांनमान हो गया।

## सूर्या हॉफ मैराथन में भाग लेने जबलपुर आएंगे एशियाई खेलों के पदक विजेता



जबलपुर, देशबन्धु। मुख्यालय मध्य कमान के अंतर्गत मुख्यालय मध्य भारत एरिया 'सूर्या हाफ मैराथन' का आयोजन 19 नवंबर को जबलपुर में आयोजित करने जा रही है। यह मैराथन का स्टार्ट एवं फिनिशिंग पॉइंट प्रतिष्ठित कोबरा ग्राउंड रिज रोड पर होगा।सूर्या हॉफ मैराथन के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं, बच्चों एवं सभी आयु वर्गों में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना एवं नागरिकों तथा सैनिकों के बीच एकता, तालमेल एवं सौहार्द की भावना को मजबूत बनाना है। 'सूर्यमान रहो' 'गतिमान रहो' थीम के अंतर्गत यह हाफ मैराथन जबलपुर वासियों के भारतीय सेना के जाबाज सैनिकों के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर दौड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

भारतीय सेना के वीरता पुरस्कार प्राप्त वीर सेनानी एवं 19 वें एशियाई खेलो के पदक विजेता जैसे कई दिग्गज भी इस मैराथन में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए आ रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास जनरल अफसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया ने सभी जबलपुर वासियों से आग्रह किया है कि भारतीय सेना के साथ दौड़ने का यह सुनहरा अवसर है,दौड़ में अवश्य भाग लें।

मैराथन को आकर्षक और सफल धावकों को प्रोत्साहित करने के लिए ओपन व आयु वर्ग की केटेगरी के पोडियम फिनिशर्स के लिए कुल 7.5 लाख की धनराशि नियुक्त की गयी है। इसके अतिरिक्त भाग लेने वाले हर प्रतिभागी के लिए गूड़ी बैग,बेहतरीन क्वालिटी के टी-शर्ट्स,ई.प्रमाण पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। हॉफ मैराथन अपने क्षमता के अनुसार सभी मैराथन प्रतिभागियों के लिए 21 किमी, 10 किमी और 05 किमी की तीन केटेगरी में आयोजित होगी। मैराथन का 21 किमी और 10 किमी का रूट जबलपुर कैंटोनमेंट के प्रतिष्ठित ट्रेनिंग सेंटर्स, उनके ड्रिल ग्राउंड्स, प्रशिक्षण एरिया, कैंट के हरे-भरे तथा साफ-सुथरे वातावरण का अनुभव करते हुए सम्पूर्ण होगा।

महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु
५५ जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
• कमर एवं पेट दर्द
• मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
• योनी मार्ग में विपविपाहट एवं दुर्गंध
• शारीरिक एवं मानसिक थकावट
• भूख न लगना • चक्कर आना
• खून की कमी • नींद न आना
• बेचैनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारंभ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291 | सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
५५१, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं
TULIPS
में घर की बुकिंग पर पाएं
Free • Registry • GST • 3 Bank EMI • Bank Processing Fees
लाइफस्केप्स
सागर कॉलोनी, धनवंतरी नगर, जबलपुर
2 BHK स्मार्ट फ्लैट्स
25.99 लाख से शुरू
Ready Possession
सभी शासकीय विभागों से स्वीकृति/ अनुमोदन प्राप्त
• ईएमआई 777 प्रतिमाह प्रति लाख से शुरू
• बैंक फाइनेंस सुविधा नियमानुसार सभी शासकीय बैंकों से उपलब्ध
इन्द्रा प्रकाश कृपा
DNG GROUP
MEMBER CREDAI
Lovkesh : 97136 97351 | Pankaj Gulatee : 7000156702

J.B.F.A.
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 130
मुर्गा मीडियम - रु. 120
मुर्गा बड़ा - रु. 110
मुर्गा जम्बो - रु. 110
मो..9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 106
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 116
छोटा ब्रॉयलर - रु. 126
मोबाइल नं. 9300692405

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
YARIYAN-2 10:00 AM 03:30 PM 06:30 PM
GHOST IN HINDI 12:45 PM
GANAPATH 10:00 AM 12:30 PM 03:00 PM 05:45 PM 07:00 PM 08:15 PM 10:45 PM
TIGER NAGESWARA RAO 10:15 AM 10:00 PM
LEO IN HINDI 10:00 AM 01:00 PM 04:00 PM 07:30 PM 09:30 PM 10:30 PM IN TAMIL 04:30 PM
JAWAN 01:30 PM